सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

गुरुवार, 27 मार्च, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 83, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 729 अंकों की गिरावट

स्थानीय शेयर बाजार में बीते सात कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 729 अंक लुढ़क गया। } 14

## देश में शुरू होंगी सहकारी टैक्सी सेवा : शाह

केन्द्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा कि अगले लोकसभा चुनाव से पहले देश की हर ग्राम पंचायत में प्राथमिक कृषि ऋण समिति होगी और आने वाले कुछ दिनों में देश में ओला, उबर जैसी एक सहकारी टैक्सी सेवा शुरू की जाएगी। } 16



### संक्षेप

## दो वकीलों को इलाहाबाद हाईकोर्ट का जज नियुक्त करने को मिली मंजूरी

नयी दिल्ली। प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाले उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने दो वकीलों को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इन अधिवक्ताओं में अमिताभ कुमार राय और राजीव लोचन शुक्ला शामिल हैं। यह निर्णय 25 मार्च को कॉलेजियम की बैठक में लिया गया, जिसमें प्रधान न्यायाधीश खन्ना के अलावा न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति विक्रम नाथ शामिल हैं।

## देशभर में ठप हुई यूपीआई सेवा

नई दिल्ली। देश में यूपीआई की सेवा कई जगहों पर ठप हो गई है, जिससे लोगों को डिजिटल भुगतान करने में दिक्कत हो रही है। कई उपयोगकताओं ने शिकायत की है कि उनके यूपीआई पेमेंट फेल हो रहे हैं या बहुत देर से प्रोसेस हो रहे हैं कई बैंकों के ग्राहक को यूपीआई के जरिए पैसे भेजने और रिसीव करने में दिक्कत आ रही है। यूजर्स ने यूपीआई लेन-देन से जुड़ी समस्या को लेकर अपनी शिकायत और नाराजगी इंटरनेट पर जाहिर कर रहे हैं। कई व्यापारियों ने बताया कि ग्राहक यूपीआई से भुगतान नहीं कर पा रहे हैं, जिससे लेन-देन भी प्रभावित हो रहा है।

## जूस विक्रेता को 7.79 करोड़ का नोटिस

अलीगढ़। जिला अदालत परिसर में एक छोटी सी दुकान संचालित करने वाले एक जूस विक्रेता को कथित तौर पर सात करोड़ 79 लाख रुपये आयकर चुकाने का नोटिस मिला है। सराय रहमान इलाके के निवासी मोहम्मद रहीस को 18 मार्च को यह नोटिस प्राप्त हुआ जिसमें उन्हें 28 मार्च तक जवाब देने को कहा गया है। रहीस ने बताया कि वह बमुश्किल 400 रुपये प्रतिदिन कमाकर अपने बीमार माता-पिता सहित पूरे परिवार का भरण-पोषण करते हैं। उन्होंने कहा कि करोड़ों रुपये के नोटिस ने उन्हें बहुत परेशान कर दिया है। उन्होंने कहा कि मुझे समझ में नहीं आ रहा है कि मैं इसका कैसे जवाब दूं। मुझे आयकर के वकील से परामर्श करने की सलाह दी गई।

## दुष्कर्म पर इलाहाबाद हाईकोर्ट की टिप्पणियां असंवेदनशील

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के बलात्कार संबंधी हालिया दृष्टिकोण पर कड़ी आपत्ति जताई तथा उसकी टिप्पणियों को पूर्णतः असंवेदनशील तथा अमानवीय दृष्टिकोण वाला बताते हुए इन पर रोक लगा दी।



इलाहाबाद उच्च न्यायालय के 17मार्च के अपने एक आदेश में कहा था की महज स्तन पकड़ना और पायजामे का नाड़ा खींचना बलात्कार के अपराध के दायरे में नहीं आता। इसे बेहद गंभीर मामला करार देते हुए न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा, सामान्य परिस्थितियों में हम इस स्तर पर स्थगन देने में सुस्त हैं। लेकिन चूंकि पैराग्राफ 21, 24 और 26 में की गई टिप्पणियां कानून के सिद्धांतों से पूरी तरह अलग हैं और पूरी तरह असंवेदनशील और अमानवीय दृष्टिकोण वाली हैं, इसलिए हम उक्त टिप्पणियों पर स्थगन देने के लिए इच्छुक हैं। दरअसल वी द वूमेन ऑफ इंडिया नामक संगठन उच्च न्यायालय द्वारा की गई विवादास्पद टिप्पणियों को प्रधान न्यायाधीश ...शेष पृष्ठ 14 पर

## आतंकियों की खोजबीन के लिए बड़े पैमाने पर चला अभियान

एजेंसी

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के वन क्षेत्रों में घुसपैठ करने वाले आतंकवादियों के एक समूह का पता लगाने के लिए बड़े पैमाने पर चलाया गया बहुस्तरीय खोजबीन अभियान लगातार चौथे दिन बुधवार को भी जारी रहा।

एक स्थानीय महिला ने मंगलवार को पुलिस को बताया कि जिले के डिंग अंब क्षेत्र में खाना खा रहे सेना की वर्दी पहने दो लोगों ने उससे पानी मांगा। इस जानकारी के बाद इलाके की घेराबंदी कर दी गई। दर्शना देवी ने कहा उन्होंने पानी लिया और पास के वन क्षेत्र की ओर चले गए। अधिकारियों ने बताया कि सांबा-कठुआ खंड में जम्मू-पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग पर सुरक्षा कड़ी करने के साथ सीमावर्ती सड़कों पर सतर्कता बढ़ा दी गई है। सान्याल से डिंग अंब और उससे आगे के इलाकों में कई किलोमीटर तक खोजबीन अभियान जारी है। तकनीकी और निगरानी उपकरणों से लैस सेना, एनएसजी, बीएसएफ, पुलिस, विशेष अभियान समूह और सीआरपीएफ



के जवान इस अभियान में जुटे हैं और हेलीकॉप्टर, यूएवी, ड्रोन, बुलेटप्रूफ वाहन और खोजी कुत्तों की मदद ली जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा एजेंसियों ने विभिन्न इलाकों में कई लोगों से पूछताछ की है और तीन संदिग्धों को पकड़ा है। अभियान के दौरान मंगलवार को सुरक्षा बलों ने दो हथगोले बरामद किए। सान्याल के जंगलों में गोला-बारूद और अन्य सामग्रियों के बड़े जखीरे के बीच पाए गए ट्रैकसूट, पिछले वर्ष जून और अगस्त में अस्सार के जंगलों और डोडा में मारे गए जैश-ए-मोहम्मद के चार आतंकवादियों द्वारा पहने गए ट्रैकसूट के जैसे हैं।

इलाके के स्थानीय लोग सुरक्षा बलों के अभियान में शामिल हो गए हैं और उन्होंने अन्य इलाकों के लोगों से सतर्क रहने और अपने इलाकों में संदिग्ध व्यक्तियों की किसी भी गतिविधि की सूचना देने का आग्रह किया है। कई ग्रामीणों ने लोगों से अपने इलाकों में आतंकवादियों की आवाजाही के बारे में जानकारी देने के लिए आगे आने का अनुरोध किया है। पुलिस महानिदेशक नलिन प्रभात के नेतृत्व में अभियान रविवार शाम हीरानगर सेक्टर में सुरक्षा बलों और एक नर्सरी में छिपे आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ के बाद शुरू किया गया था। अधिकारियों ने कहा कि पुलिस के विशेष अभियान समूह ने पाकिस्तान से लगी अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगभग पांच किलोमीटर दूर सान्याल गांव में एक नर्सरी में ढोक (स्थानीय बाड़े) के अंदर आतंकवादियों के छिपे होने की खुफिया जानकारी मिलने ...शेष पृष्ठ 14 पर

# यूपी के विकास में बाधा हैं कांग्रेस-सपा : योगी

○ मुख्यमंत्री ने विवेकानंद योजना के तहत मेधावी छात्र-छात्राओं को बांटे टैबलेट ○ आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओ को सौंपे नियुक्ति पत्र

जिला संवाददाता

आगरा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए इन पर प्रदेश के विकास में बाधा बनने का आरोप लगाया। प्रदेश में भाजपा सरकार के आठ साल पूरा होने के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, 25 वर्ष की आयु से ऊपर के लोगों को याद होगा कि 2017 से पहले उत्तर प्रदेश की लोक व्यवस्था पर उपद्रव और माफिया का राज था।

उन्होंने जोर दिया कि यह स्थिति युवाओं, किसानों और आम लोगों के लिए विशेष रूप से गंभीर थी और इनमें से कई हतास थे। युवाओं के सामने पहचान का संकट था, किसान आत्महत्या किया करते थे और गरीब भूख से मरते थे। इसके उलट, मुख्यमंत्री ने अपनी सरकार में हुई प्रगति को रेखांकित करते हुए कहा, यह वही राज्य है जहां युवाओं को नौकरी नहीं मिलती थी और जब वे इस प्रदेश से बाहर जाते तो उनके सामने पहचान का संकट था। विकास का विरोध करने में विपक्ष की भूमिका का जिक्र करते हुए उन्होंने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी की आलोचना की। योगी आदित्यनाथ ने कहा, जब उत्तर प्रदेश के गर्व की बात आती है तो ये लोग सबसे पहले भ्रामक टिप्पणियां करते हैं। उन्होंने दावा किया, कांग्रेस और सपा कोविड महामारी के दौरान इस सरकार के खिलाफ लड़ रहे थे और राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा से प्रसन्न नहीं थे और फिर महाकुंभ के संबंध में झूठा प्रचार किया। मुख्यमंत्री ने कहा, जब इन लोगों कांग्रेस और समाजवादी



पार्टी को अवसर मिला तो इन्होंने कभी कोई विकास नहीं किया और जब उत्तर प्रदेश में विकास हो रहा है तो वे विकास के रास्ते बाधा बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन बाधाओं के बावजूद कृषि जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। कभी निराशा का सामना करने वाले किसान अब राज्य के विकास में योगदान कर रहे हैं और कोई किसान आत्महत्या नहीं कर रहा है। मुख्यमंत्री ने रोजगार सृजन के शासन के प्रयासों की भी सराहना की और कहा, 8.3 लाख सरकारी नौकरियां उपलब्ध कराई गई हैं जिनमें 60,000 पुलिस की भर्ती शामिल है। इसमें अप्रत्याशित ढंग से 12,000 महिलाओं का चयन हुआ है। यह पहले कभी नहीं हुआ। योगी आदित्यनाथ ने एक जिला, एक उत्पाद जैसी पहल का हवाला देते हुए आर्थिक वृद्धि के प्रति अपनी सरकार की प्रतिबद्धता रेखांकित की। उन्होंने कहा आज उत्तर प्रदेश खाद्यान्न, आलू, गन्ना और एथनॉल का सबसे बड़ा उत्पादक है। हमने उत्तर प्रदेश को बीमारू राज्य से एक तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था में परिवर्तित किया है।

उन्होंने स्वामी विवेकानंद योजना के तहत मेधावी छात्र-छात्राओं को टैबलेट भेंट किए, और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओ को नियुक्ति पत्र सौंपे। इसके साथ ही, उन्होंने गोवर्धन रिसोर्ट में 170 करोड़ रुपये का निवेश करने वाले पूरन डाबर और शारदा यूनिवर्सिटी के वाईके गुप्ता को 1,100 करोड़ रुपये के निवेश के लिए सम्मानित किया। सीएम ने गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं और बच्चों के लिए पोषण किट प्रदान की। उन्होंने कान्हा के वेष में आए नन्हें बच्चों को गोद में लेकर दुलारा, उन्हें खीर खिलाई और खिलौने व फल वितरित किए। कृषि उपकरण वितरण के तहत ड्रोन भी प्रदान किए गए। साथ ही 60 दिव्यांगों को उपकरण व 20 दिव्यांगों को इलेक्ट्रिक ट्राई साइकिल वितरित किया। इस दौरान मिशन शक्ति, आगरा नगर निगम और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने सीएम को हस्तनिर्मित उपहार भेंट किए। सीएम योगी ने आगरा के विकास को गति देने के लिए 635 करोड़ रुपये की 128 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि आगरा में गंगाजल की ...शेष पृष्ठ 14 पर

## कुणाल कामरा के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस

मुंबई। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता प्रवीण दारेकर ने महाराष्ट्र विधान परिषद में स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा और शिवसेना (उबाठा) की प्रवक्ता सुषमा अंधारे के खिलाफ बुधवार को विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव पेश किया। विधान परिषद के नेता दारकेकर ने प्रस्ताव पेश करते हुए कहा, कुणाल कामरा ने एक पैरोडी गाना गाया, जिसमें उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के लिए व्यक्तिगत और अपमानजनक टिप्पणियां शामिल थीं।

उन्होंने कहा, अंधारे ने उक्त गाने का समर्थन किया और आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया, जो सदन की अवमानना है। दारेकर ने आरोप लगाया कि कामरा और अंधारे दोनों ने अपनी टिप्पणियों के जरिये विधायी संस्थाओं की गरिमा का अनादर किया है। वहीं महाराष्ट्र विधानसभा में शिवसेना विधायक रमेश बोरनारे ने अंधारे पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का मजाक उड़ाने का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस पेश किया। पीठासीन अधिकारी संजय केलकर ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष राहुल ...शेष पृष्ठ 14 पर

## सपा सांसद के घर पर करणी सेना का हमला

○ प्रदर्शनकारियों ने की तोड़फोड़ व पथराव ○ पुलिसकर्मियों को बनाया निशाना

जिला संवाददाता

आगरा। राणा सांगा पर विवादित बयान को लेकर सपा के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन के घर करणी सेना ने बवाल मचा दिया। इस दौरान पुलिस के साथ भी झड़प हुई। लाठियां भांजी गईं, तो भगदड़ मच गई। इस दौरान पथराव हो गया। अचानक हुए पथराव से पुलिस के पसीने छूट गए। पथराव में इंस्पेक्टर के साथ कई पुलिसकर्मियों के घायल होने की सूचना है।

सूचना मिलते ही अतिरिक्त पुलिसबल मौके पर बुला लिया गया। पुलिस ने बल प्रयोग कर बवालियों को खदेड़ा। राणा सांगा पर विवादित बयान देने वाले सपा के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन के आवास पर



करणी सेना घेराव करने पहुंची थी। यहां पर पहले ही पुलिस तैनात थी। करणी सेना के कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए आवास के मुख्य द्वार से प्रवेश करने लगे। इस दौरान पुलिस ने जब रोकने का प्रयास किया, तो वे उग्र हो गए। पुलिस टीम पर हमला कर दिया गया। इस दौरान वहां रखीं कुर्सियां फेंकी गईं। डंडों के साथ तोड़फोड़ कर दी गई। हमले में इंस्पेक्टर घायल हो गए। सूचना मिलते ही थाना हरीपर्वत से अतिरिक्त पुलिसबल आ गया। इसके बाद पुलिस ने प्रदर्शन करने वालों को लाठियां फटकारते हुए खदेड़ना शुरू कर दिया। इस ...शेष पृष्ठ 14 पर

## भूपेश बघेल के ठिकानों पर सीबीआई छापा

6,000 करोड़ के महादेव ऐप घोटाले के सिलसिले में हुई कार्रवाई

एजेंसी

रायपुर/नयी दिल्ली। केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने कथित तौर पर 6,000 करोड़ रुपये के महादेव ऐप घोटाले के सिलसिले में बुधवार को छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आवास पर छापेमारी की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई की टीमों ने रायपुर और भिलाई में बघेल के आवास के साथ-साथ कुछ वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और पूर्व मुख्यमंत्री के एक करीबी सहयोगी के आवासीय परिसरों पर भी छापे मारे। बघेल के कार्यालय ने एक्स पर लिखा अब सीबीआई आई है। आगामी आठ और नौ अप्रैल को अहमदाबाद (गुजरात) में होने वाली



एआईसीसी की बैठक के लिए गठित ड्राफ्टिंग कमेटी की बैठक के लिए आज पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का दिल्ली जाने का कार्यक्रम है। इससे पहले सीबीआई रायपुर और भिलाई निवास पहुंच चुकी है। कांग्रेस ने कहा कि बघेल के आवासों पर सीबीआई की तलाशी राजनीति से प्रेरित है और वह इस तरह की कार्वाई से डरने वाली नहीं है। सूत्रों ...शेष पृष्ठ 14 पर

### रमजान मुबारक



| शिया | | सुन्नी | |
|---|---|---|---|
| अफ्तार | सेहरी | अफ्तार | सेहरी |
| 6:32 | 4:32 | 6:22 | 4:42 |



### आज का मौसम

अधिकतम : 34.06 डिसे.
न्यूनतम : 20.04 डिसे.

### भीतर पढ़ें


- बांदा में 10 करोड़ से बनेगा म्यूजिकल फाउंटेन (पृष्ठ-02)
- सौगात-ए-मोदी के तहत दी जा रही ईद किट : दानिश (पृष्ठ-02)
- सिक्किम में 16,196 करोड़ रुपये का बजट पेश (पृष्ठ-14)
- छोटे उद्यमों के विकास के लिए हो रहा काम (पृष्ठ-14)
- सोना 235 रुपये चढ़ा, चांदी 1500 रुपये तेज (पृष्ठ-14)


**विशेष खबर** मेक इन इंडिया पहल शुरू होने के बाद भारत का रक्षा उत्पादन असाधारण गति से बढ़ा

# देश में ही बनाये जा रहे 65 प्रतिशत रक्षा उपकरण

एजेंसी

नयी दिल्ली। सरकार का कहना है कि अब 65 प्रतिशत रक्षा उपकरण घरेलू स्तर पर बनाए जा रहे हैं, जिससे इस क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता जाहिर होती है। साथ ही यह पूर्व की 65-70 प्रतिशत आयात निर्भरता से एक महत्वपूर्ण बदलाव भी है।

रक्षा मंत्रालय की एक फैक्ट शीट के अनुसार, मेक इन इंडिया पहल शुरू होने के बाद से भारत का रक्षा उत्पादन असाधारण गति से बढ़ा है और 2023-24 में यह रिकॉर्ड 1.27 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया। मंगलवार को साझा की गई फैक्ट शीट में बताया गया है कि भारत के विविध निर्यात साजो-सामान में बुलेटप्रूफ जैकेट, डोर्नियर (डीओ-228) विमान, चेतक हेलीकॉप्टर, तेज इंटरसेप्टर नौकाएं और हल्के टॉरपीडो शामिल हैं। मंत्रालय ने कहा विशेष रूप से, मेड इन बिहार



जूते अब रूसी सेना के साजो-सामान का हिस्सा हैं, जो भारत के उच्च विनिर्माण मानकों को उजागर करते हैं। फैक्ट शीट में कहा गया, एक समय विदेशी आपूर्तिकर्ताओं पर निर्भर रहने वाला देश अब स्वदेशी विनिर्माण में एक उभरती हुई शक्ति के रूप में खड़ा है, जो घरेलू क्षमताओं के माध्यम से अपनी सैन्य शक्ति को आकार दे रहा है। यह बदलाव आत्मनिर्भरता के लिए एक मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह सुनिश्चित करता है कि भारत न केवल अपनी सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करे बल्कि एक मजबूत रक्षा उद्योग भी बनाए जो आर्थिक विकास में योगदान दे। यह फैक्ट शीट 24 मार्च को जारी की गई जिसमें कहा गया है कि भारत ने 2029 तक रक्षा उत्पादन में 3 लाख करोड़ रुपये का लक्ष्य रखा है, जो वैश्विक रक्षा विनिर्माण केंद्र के रूप में इसकी स्थिति को मजबूत करता है।

अधिकारियों ने बताया कि इस वृद्धि को मेक इन इंडिया पहल से बल मिला है, जिसने धनुष तोप प्रणाली, एडवांस्ड टोड आर्टिलरी गन सिस्टम, मुख्य युद्धक टैंक अर्जुन, हल्के लड़ाकू विमान तेजस, अत्याधुनिक हल्के हेलीकॉप्टर, आकाश मिसाइल प्रणाली, हथियारों का पता लगाने वाली रडार सहित उन्नत सैन्य ...शेष पृष्ठ 14 पर

## प्रतापगढ़ : डंपर की टक्कर से पांच की मौत, दो घायल

जिला संवाददाता

प्रतापगढ़। जिला मुख्यालय से 25 किलोमीटर दूर थाना रानीगंज क्षेत्र के लखनऊ-वाराणसी राजमार्ग पर मंगलवार की देर शाम एक अनियंत्रित डंपर की टक्कर से पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि दो घायल हो गए।

रानीगंज थाना के प्रभारी निरीक्षक आदित्य सिंह ने बुधवार को बताया कि लखनऊ-वाराणसी राजमार्ग पर मुंगरा बादशाहपुर की ओर से आ रहे अनियंत्रित डंपर ने रानीगंज कस्बा से गुजरने के दौरान एक कार को टक्कर मार दी और उसके बाद भागने के प्रयास में रानीगंज पावर हाउस के निकट राहगीरों और मोटरसाइकिल को रौंदता हुआ पेड़ से जा टकराया। लोगों ने चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। एसएचओ के अनुसार, इस दुर्घटना में घायल फाइनेंसकर्मी सुंदरम पाण्डेय (26) और उसके साथी रामबाबू (30) को स्थानीय ट्रॉमा सेंटर में मृत घोषित कर दिया गया, जबकि नीरज सरोज (23), विजय सरोज (25) और विशाल गौतम (25) ने प्रयागराज स्थित एसआरएन अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि कार सवार राधेश्याम यादव (50) और उसकी बेटी आरती यादव (25) का एसआरएन अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस यहां मरने वाले दो लोगों के शव का पोस्टमार्टम करा रही है।

# घबराइए मत, हर समस्या का होगा समाधान : योगी

## अधिकारियों से बोले सीएम, हर पीड़ित की समस्या का हो समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण

जिला संवाददाता

**लखनऊ/गोरखपुर।** अपने नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार के आठ सफल वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर एक विशेष समारोह में शामिल होने के लिए मंगलवार को गोरखपुर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में रात्रि प्रवास करने के बाद बुधवार

- **जनता दर्शन में सीएम योगी आदित्यनाथ ने सुनीं 200 लोगों की समस्याएं**

सुबह जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने समस्या लेकर आए लोगों से आत्मीयता से संवाद करते हुए कहा, घबराइए मत, हर समस्या का समाधान सुनिश्चित कराएंगे। हर पीड़ित की शिकायत का प्रभावी निस्तारण कराया जाएगा। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पीड़ित व्यक्ति की समस्या पर संवेदनशीलता से ध्यान दें और उसका समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण व पारदर्शी निस्तारण कराएं।



बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनका समाधान करने के निर्देश दिए। जनता दर्शन में महिलाओं की संख्या अधिक रही। कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे। एक-एक कर और इत्मीनान से सबकी समस्याएं सुनीं। उन्हें आश्वस्त किया कि वह सभी की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कराएंगे। किसी को भी घबराने की आवश्यकता नहीं है। प्रार्थना पत्रों को उन्होंने अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्देश दिया कि हर समस्या का निस्तारण त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिप्रद होना चाहिए। कुछ लोगों द्वारा जमीन कब्जाने की शिकायत पर उन्होंने कठोर कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अफसरों को यह निर्देश भी दिए कि यदि किसी प्रकरण में पीड़ित को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ा है तो इसकी भी जांच कर जवाबदेही तय की जाए।

जनता दर्शन में कुछ लोग इलाज में आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने उनसे कहा कि इलाज में धन की कमी बाधक नहीं होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज में अस्पताल के इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द पूर्ण कराकर शासन में भेजें। मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से इलाज के लिए पर्याप्त राशि दी जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में परिजनों के साथ बच्चों पर खूब प्यार-दुलार बरसाया। उन्होंने इन बच्चों से बात कर उनकी पढ़ाई के बारे में जानकारी ली और चॉकलेट गिफ्ट करते हुए आशीर्वाद दिया।

# बांदा में 10 करोड़ से बनेगा म्यूजिकल फाउंटेन : जयवीर

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश के बांदा शहर में ऐतिहासिक नवाब टैंक में पर्यटकों को शीघ्र प्रकृतिक, सौन्दर्य और तकनीकी का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। इको टूरिज्म पर्यटन विकास बोर्ड 10 करोड़ रुपए से म्यूजिकल फाउंटेन यानी संगीतमय फव्वारा लगाएगा। बोर्ड का यह प्रयास न केवल यहां के सौंदर्य में वृद्धि, पर्यटकों के लिए आकर्षण और रोमांचक अनुभव प्रदान करेगाए बल्कि पर्यटकों को आकर्षित करेगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इन फव्वारों में अलग-अलग रंगों की लाइटें भी होंगी, जो रात के समय इस स्थान को और भी मनमोहक बनाएंगी। फाउंटेन के माध्यम से यहां के इतिहास और संस्कृति को भी जीवंत किया जाएगा। चंदेलकालीन राजाओं और वीरता की गाथाओं को संगीत के माध्यम से लोगों तक पहुंचाने का भी प्रयास किया जाएगा। मंत्री ने बताया कि इस टैंक को बांदा के नवाब द्वारा बनाया गया है। इसलिए इसे नवाब टैंक के रूप में जाना जाता है। फाउंटेन की स्थापना अनोखी और आकर्षक पहल होगी, जो पर्यटकों के यादगार अनुभव को और भी शानदार बनाएगा।



म्यूजिकल फाउंटेन एक सुनियोजित शो होता है, जिसमें पानी, रोशनी और संगीत का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। उत्तर प्रदेश के बांदा जिले के बीच स्थित नवाब टैंक ऐतिहासिक और पारिस्थितिक रूप से महत्वपूर्ण स्थल है, जिसमें एक जीवंत सांस्कृतिक केंद्र बनने की अपार संभावनाएं हैं। जयवीर सिंह ने बताया कि यह दूरदर्शी परियोजना बांदा की समृद्ध ऐतिहासिक विरासत को आधुनिक मनोरंजन से जोड़ने का प्रयास है।

# सौगात-ए-मोदी के तहत दी जा रही ईद किट : दानिश अंसारी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने बुधवार को कहा कि आगामी ईद त्यौहार से पहले सौगात-ए-मोदी के तहत वितरित की जा रही ईद किट अल्पसंख्यकों तक पहुंचने की एक बड़ी पहल है। अंसारी ने मुस्लिमों के लिए भारतीय जनता पार्टी की नयी पहल सौगात-ए-मोदी को इस पार्टी के सबका साथ, सबका विकास सिद्धांत का ठोस उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि देश की सबसे बड़ी आबादी वाला राज्य उत्तर प्रदेश इस पहल का सबसे बड़ा लाभार्थी होगा। सौगात-ए-मोदी के तहत ईद किट वितरण कार्यक्रम ऐसे समय में आया है जब राज्य संभल क्षेत्र में तनाव समेत मंदिर-मस्जिद से जुड़े विवादों का सामना कर रहा है। हाल ही में संभल में 16वीं शताब्दी की जामा मस्जिद का अदालत के आदेश पर सर्वेक्षण करने के दौरान हिंसा भड़क गई थी जिसमें चार लोगों की मृत्यु हो गई और कई लोग घायल हुए थे। अंसारी ने कहा, कि यह पहली बार है जब किसी सरकार ने ईद से पहले अल्पसंख्यक समुदाय खासकर पसमांदा मुस्लिमों तक पहुंचने के बारे में सोचा। यह किट पूरे राज्य में वितरित की जा रही है जिसका सबसे अधिक लाभ उप्र को होने जा रहा है। स्वयं पसमांदा मुस्लिम और योगी आदित्यनाथ के मंत्रिमंडल में

- **अल्पसंख्यकों तक पहुंचने की एक बड़ी पहल : अंसारी**

एकमात्र मुस्लिम चेहरा अंसारी ने ईद किट के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि इसे मुस्लिम समुदाय की जरूरतें पूरी करने के लिए डिजाइन किया गया है। उन्होंने कहा, कि इन किट में सेवईं, खजूर, सूखे मेवे और चीनी जैसी खाद्य वस्तुएं शामिल हैं। इसके अलावा, चार मुस्लिम बहनों के लिए सलवार सूट के कपड़े और अन्य वस्तुएं शामिल हैं।

# यूपी मे रोजगार के नये अवसर सृजित हो रहे : सुरेश खन्ना

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेशवासियों की हर आकांक्षा अपेक्षा को पूर्ण करने का

- **वित्त मंत्री प्रदेश सरकार के 8 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में हुए शामिल**
- **रोजगार मेले का किया उद्घाटन, योग्यता अनुभव और शिक्षा के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों को प्रदान किया नियुक्ति पत्र**

संकल्प निरंतर सिद्ध हो रहा है। प्रदेश की सवेंदनशील नीतियों और पारदर्शी प्रक्रियाओं के कारण यूपी मे रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे है। प्रदेश में पिछले 8 वर्षों में 7.5 लाख से अधिक युवाओं को पारदर्शिता, निष्पक्षता और योग्यता के आधार पर सरकारी विभागों में नौकरी मिली। उन्होंने कहा कि बिजली, पानी, सड़क, सुरक्षा, कानून व्यवस्था तथा औद्योगिक विकास के मामले में प्रदेश में पिछले 8 वर्षों में अभूतपूर्व काम हुआ है।

उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री प्रदेश सरकार के सेवा सुरक्षा और सुशासन की नीति के 8 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इसके उपरांत उन्होंने सैटर्न हाल में आयोजित रोजगार मेले का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने योग्यता अनुभव और शिक्षा के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इसी क्रम में मार्स हाल में आयोजित ईट राइट मेला 2025 'सही भोजन बेहतर जीवन' का भी उद्घाटन किया एवं 10 आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को भी नियुक्ति पत्र वितरित किया। वित्त मंत्री ने कहा कि साल 2017 से पहले उत्तर प्रदेश की छवि एक बीमारू राज्य की थी, लेकिन प्रदेश की वर्तमान




सरकार ने इस भंवर से बाहर निकाल कर प्रदेश को एक प्रोग्रेसिव स्टेट के रूप में पहचान दी है। आज प्रदेश के प्रति लोगों की धारणा बदली है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अपराध पर नियंत्रणए निवेश में वृद्धि और बुनियादी सुविधाओं के विकास ने इसे एक सुरक्षित एवं प्रगतिशील प्रदेश बना दिया है। प्रदेश को आज एक सुरक्षित और समृद्ध गंतव्य की मान्यता मिल रही है। देश विदेश के निवेशक उप्र में व्यापार एवं उद्योग स्थापित करने के लिए आकर्षित हो रहे है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आज प्रदेश हर क्षेत्र में निरंतर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर रहा है। वित्त मंत्री ने रोजगार मेले के उद्घाटन के उपरांत कहा कि प्रदेश सरकार श्रमिकों और कामगारों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार श्रमिक वर्ग के प्रति निरंतर संवेदनशील है। वित्तीय वर्ष 2009-10 से 31 मार्च 2017 तक कुल 36,97,494 निर्माण श्रमिकों का पंजीयन किया गया जबकि 1 अप्रैल 2017 के उपरांत फरवरी 2025 तक 1,47,04,774 निर्माण श्रमिकों के पंजीयन की उल्लेखनीय प्रगति हुई तथा उत्तर प्रदेश पंजीयन के मामले में देश में प्रथम स्थान पर पहुंच गया। वित्तीय वर्ष 2009-10 से 31 मार्च 2017 तक कुल 1,42,770 अधिष्ठानों का पंजीयन किया गया जबकि 1 अप्रैल 2017 के उपरांत फरवरी 2025 तक 2,72,388 अधिष्ठानों का पंजीयन किया गया जो की पूर्व की सरकारों के कार्यकाल का लगभग दो गुना है। उन्होंने बताया कि भवन निर्माण एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण की योजनाओं के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2009-10 से 31 मार्च 2017 तक कुल 11,17,728 लाभार्थियों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया जिस पर 589.26 करोड़ की धनराशि व्यय की गई जबकि 1 अप्रैल 2017 के उपरांत फरवरी 2025 तक कुल 1,77,44,266 लाभार्थियों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया जिस पर 5202.94 करोड़ की धनराशि व्यय की गई। इस प्रकार पिछल 8 वर्षों में योजनाओं के हित लाभ वितरण में लगभग 9 गुना अधिक धनराशि विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं पर व्यय की गई।

# भ्रष्टाचार में डूबा आईएएस अण्डर ग्राउंड हो गया : अखिलेश

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि आठ साल में भाजपा सरकार ने भ्रष्टाचार और लूट की हर सीमा पार कर दी है। भ्रष्टाचार और लूट इतना ज्यादा हुई कि जब आठ साल हुआ तो पुलिस को अपने आईएएस को पकड़ने के लिए एफआईआर लिखानी पड़ी। देश के इतिहास में पहली बार है जब सरकार खुशी मनाने का ढोंग कर रही है तो सत्ता

- **सपा प्रमुख ने कन्नौज में महायज्ञ और भागवत कथा में लिया भाग**
- **मीडिया से बात करते हुए भाजपा सरकार पर साधा निशाना**

शीर्ष से जुड़ा भ्रष्टाचार में डूबा एक आईएएस अण्डर ग्राउण्ड हो गया है। पहली सरकार है जिसके विधायक खुलकर बदलाव की मांग कर रहे हैं। भाजपा के विधायक सरकार पर भ्रष्टाचार और बेईमानी के आरोप लगा



रहे हैं। दूसरा विधायक और आगे बढ़ कर बाबा जी को उत्तर प्रदेश से बाहर भेजने की मांग कर रहा है। कह रहा है कि उत्तर प्रदेश को उनकी जरूरत नहीं है। बस्ती के एक और विधायक कह रहे है कि इतना भ्रष्टाचार कभी नहीं देखा। तहसील, थाने में लूट मची है।

अखिलेश यादव बुधवार को कन्नौज के बोर्डिंग ग्राउण्ड में 1108 कुण्डीय मृत्युंजय मां पीताम्बरा महायज्ञ में शामिल हुए थे। मीडिया से बात करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री जनता को आठ साल के सवालों का जवाब नहीं देना चाहते है इसीलिए इधर-उधर की बाते करते है। मुख्यमंत्री कभी प्रेस मीडिया के वालों का भी जवाब नहीं देते हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि आज कल लोग विदाई की भाषा बोल रहे हैं। अब इनकी विदाई का समय आ गया है। जनता ने मन बना लिया है कि विकास, तरक्की रोकने वाली। नौकरी, रोजगार खत्म करने वाली महंगाई, भ्रष्टाचार बढ़ाने वाली, अन्याय, अत्याचार करने वाली सरकार को हटा देना है। उन्होंने कहा कि सरकार कह रही है कि लोगों की आय बढ़ गयी है। सच्चाई यह है कि सरकार के आसपास रहने वालों की आय बढ़ गयी है लेकिन आम जनता की आय नहीं बढ़ी। इस सरकार में अगर कुछ बढ़ा है तो वह भ्रष्टाचार है। कहीं 50 करोड़ पकड़ा गया। कहीं आईएएस कमीशन ले रहा है।

कहीं वसूली हो रही है। भाजपा सरकार भ्रष्टाचार, वसूली और लूट से ध्यान हटाने के लिए समाज में नफरत फैलाती है। झगड़े कराती है। दूरियां पैदा करती है। राजनीतिक विरोधियों को बदनाम करने के लिए झूठे आरोप लगाती है। समाजवादियों के खिलाफ अनर्गल बयानबाजी करती है। भाजपा पीडीए के खिलाफ है। पिछड़े, दलितों, अल्पसंख्यकों के खिलाफ साजिश और षडयंत्र करती है। आरक्षण समाप्त करने के लिए नए-नए रास्ते खोजती है। लोकसभा और विधानसभा में एंग्लों इंडियन के आरक्षण को छीन लिया।

# सुशासन व सुरक्षा हमारी सरकार की प्राथमिकता : केशव

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि कि सुशासन व सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है और इसे लेकर हमारी सरकार हमेशा सजग रहती है और इसी का परिणाम है कि उत्तर प्रदेश भ्रष्टाचार मुक्त, दंगा मुक्त,

- **विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियो को वितरित किए गये उपकरण, डेमो चेक, प्रमाण पत्र, आवास की चाभी**
- **उपमुख्यमंत्री ने सूचना विभाग द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी व विभिन्न विभागों के स्टॉलों का किया अवलोकन**

भय मुक्त प्रदेश बन पाया है।

उपमुख्यमंत्री बुधवार को जिला पंचायत परिसर प्रयागराज में प्रदेश सरकार के 'सेवा, सुरक्षा एवं सुशासन की नीति' के आठ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित त्रि-दिवसीय मेला एवं प्रदर्शनी कार्यक्रम में कार्यक्रम




के द्वितीय दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। उन्होंने कहा कि कि प्रदेश में जब हमारी सरकार बनी, तब हमने गुजरात में हुए कार्यों व विकास की तर्ज पर उत्तर प्रदेश में भी कार्य प्रारम्भ किया।

हमारी सरकार के पूर्व उत्तर प्रदेश की गिनती असुरक्षित प्रदेश में होती थी, हमारी सरकार आने के बाद प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन व मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में गुण्डा माफिया, नकल माफिया, भू माफिया सहित सभी प्रकार के माफियाओं का भय समाप्त हुआ और प्रदेश विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर हुआ। उपमुख्यमंत्री ने सूचना विभाग द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी एवं विभिन्न विभागों के द्वारा लगाये गये 32 स्टॉलों में प्रत्येक का अवलोकन किया और सम्बंधित विभाग के अधिकारीयों से उनके विभाग की योजनाओंए कार्यों के बारे में से जानकारी प्राप्त की और सभी विभागों के द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रदर्शनी के आयोजन से निश्चित रूप से अधिक से अधिक लोगो को योजनाओं के बारे में जानकारी उपलब्ध हो सकेगी और पात्र लाभार्थी सरकार द्वारा चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित भी हो सकेंगे। जिला पंचायत परिसर में विभागों को मिलाकर कुल 32 स्टॉल लगाये गये है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री व अन्य जनप्रतिनिधिगण ने बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के स्टाल पर पहुंचकर दो बच्चों को अन्न-प्रासन कराया तथा चार गर्भवती महिलाओं की गोदभराई भी की।जिला पंचायत सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ने महाकुम्भ-2025 में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए परियोजना निदेशक अशोक कुमार मौर्य, जिला विकास अधिकारी भोलानाथ कनौजिया, जिला विद्यालय निरीक्षक पीएन सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी सर्वजीत सिंह, डीसी मनरेगा गुलाब चंद्र सहित कुल 11 अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# मेडिकल प्रोफेशन समाज की भलाई में योगदान देता है : राज्यपाल गुरुमीत सिंह

## राज्यपाल गुरुमीत सिंह ने एचएन बहुगुणा चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय के सातवें दीक्षांत समारोह में किया प्रतिभाग

प्रमुख संवाददाता

**देहरादून।** मेडिकल प्रोफेशन केवल आजीविका का साधन मात्र नहीं है। यह प्रोफेशन लोगों के दुखों को कम करने, बीमार लोगों का उपचार करने और समाज की भलाई में योगदान देने की जिम्मेदारी देता है।

यह विचार राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) ने हेमवती नंदन बहुगुणा उत्तराखण्ड चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय, देहरादून के सातवें दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड की महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। यह एक बहुत बड़ा परिवर्तन है, जो समाज में नारी सशक्तीकरण का एक बहुत अच्छा उदाहरण प्रस्तुत करता है। महिलाएं राष्ट्र निर्माण में अपनी सशक्त भूमिका



निभाकर प्रगति और विकास की राह में अपनी भागीदारी बढ़ा रही हैं।

राज्यपाल ने सभी छात्र-छात्राओं को खुली आंखों से सपने देखते हुए उन्हें साकार करने की बात कही। उन्होंने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में अपनी पढ़ाई पूर्ण कर इस संस्था से बाहर निकल रहे हैं, तो आप केवल एक डॉक्टर, नर्स, पैरामेडिकल स्टॉफ या स्वास्थ्य विशेषज्ञ नहीं हैं, बल्कि आप समाज के एक महत्वपूर्ण स्तंभ बनने जा रहे हैं।

प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि चिकित्सा शिक्षा में अध्ययन कर रहे विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान की शिक्षा में भी पूर्ण दक्षता हासिल होनी चाहिए। देवभूमि उत्तराखण्ड में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, उन्हें उचित अवसर व दिशा दिखाए जाने की जरूरत मात्र है, इसलिए सरकार संकल्पित है। यहां के युवाओं को अंतर्राष्ट्रीय स्तर की चिकित्सा शिक्षा के बेहतर अवसर उपलब्ध हों, इसके लिए राज्य सरकार चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय को किसी प्रकार के संसाधनों व धन कमी आड़े नहीं आने देगी।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार लगातार चिकित्सा क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रही है। अगले डेढ़-दो वर्षों में पिथौरागढ़ और रुद्रपुर मेडिकल कॉलेज बनने से प्रदेश में कुल सरकारी मेडिकल कॉलेजों की संख्या 8 हो जाएगी, जिससे एमबीबीएस करने वाले छात्रों की संख्या एक हजार से अधिक होगी। प्रदेश में 98 नर्सिंग कॉलेज और 100 से अधिक पैरामेडिकल कॉलेज हैं। राज्य सरकार 450 नए डॉक्टर्स नियुक्त करने जा रही है। राज्यपाल द्वारा दीक्षांत समारोह में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। इस अवसर पर निदेशक एवं सीईओ एम्स ऋषिकेश प्रो. मीनू सिंह, कुलपति हेमवती नंदन बहुगुणा उत्तराखण्ड चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय प्रो. ओंकार सिंह सहित सभी प्राचार्यगण, संकाय अध्यक्ष, विद्यार्थी एवं अभिभावक गण उपस्थित रहे।

# भाजपा का सौगात-ए-मोदी कार्यक्रम राजनीतिक : मायावती

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों के लिए भारतीय जनता पार्टी के सौगात-ए-मोदी कार्यक्रम की घोषणा के एक दिन बाद बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने बुधवार को इसे विशुद्ध रूप से राजनीतिक कार्यक्रम करार दिया।



भाजपा ने अल्पसंख्यकों से जुड़ने के उद्देश्य से मंगलवार को राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम शुरू किया, जिसकी शुरुआत महिलाओं के लिए खाद्य सामग्री और कपड़ों से युक्त किट के वितरण से हुई। मायावती ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, कि ईद, बैसाखी, गुड फ्राइडे, ईस्टर पर 32 लाख गरीब अल्पसंख्यक परिवारों तक सौगात-ए-मोदी के रूप में प्रधानमंत्री का प्रेम संदेश व भेंट पहुंचाने की घोषणा के पीछे भाजपा का राजनीतिक स्वार्थ है। उन्होंने आगे लिखा, कि जब मुस्लिम एवं बहुजन समाज जान-माल, मजहब की सुरक्षा को लेकर दुखी और चिंतित है तो इसका (कार्यक्रम का) क्या लाभ? बसपा प्रमुख ने लिखा है, कि बेहतर होता अगर भाजपा की केंद्र और राज्य सरकारें मुस्लिम और अन्य धार्मिक अल्पसंख्यक समाज के कुछ गरीब परिवारों को सौगात-ए-मोदी देने के बजाय उनकी अपार गरीबी, बेरोजगारी और पिछड़ेपन को दूर करने के लिए रोजगार की स्थायी व्यवस्था करतीं और उनकी सुरक्षा पर भी उचित ध्यान देतीं।

# एलडीए की मोहान रोड योजना तीन को लांच करेंगे मुख्यमंत्री

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण की बहुप्रतीक्षित मोहान रोड आवासीय योजना को 3 अप्रैल को लांच करने की तैयारी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों पंजीकरण शुरू करने का शुभारंभ होगा। इसके साथ ही एलडीए की देवपुर पारा स्थित कबीर नगर योजना को एक बार फिर

- **एलडीए बोर्ड की बैठक आज, विकास शुल्क बढ़ेगा, शमन शुल्क की घटेंगी दरें**
- **कबीर नगर देवपुर पारा योजना में 2175 फ्लैटों के खुलेंगे पंजीकरण**

लांच किया जाएगा। तीसरी बार नए नाम से 2175 फ्लैटों के पंजीकरण खोले जाएंगे। यहां ईडब्लूएस के 1900, एलआईजी के 250 व एमआईजी के करीब 25 फ्लैट बनेंगे। दोनों की योजनाओं के रेरा में पंजीकरण की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। यूपी रेरा से रजिस्ट्रेशन नंबर मिलने के बाद आवेदन मांगे जाएंगे। इससे जुड़े प्रस्ताव को मंडलायुक्त डॉ. रौशन जैकब की अध्यक्षता में गुरुवार को होने वाली एलडीए बोर्ड बैठक में लाया जा रहा है। इसके अलावा एलडीए के आगामी वित्तीय वर्ष के बजट समेत कई अन्य अहम प्रस्ताव भी एजेंडे में शामिल हैं।

मोहान रोड योजना के अन्तर्गत पहले चरण में 1600 भूखण्डों का ऑनलाइन पंजीकरण खोले जाने की तैयारी है। ले-आउट के अनुसार सेक्टर 3, 4, 6 व 7 में सड़क, सीवर, नाली का निर्माण हो चुका है। साथ-साथ प्रोजेक्ट का रेरा रजिस्ट्रेशन की कार्यवाही भी अंतिम चरण में है। यहां 112.50 वर्गमीटर से लेकर 450 वर्गमीटर क्षेत्रफल के कुल 1617 भूखण्ड विकसित किये जाएंगे। इसके अलावा सेक्टर-4 में लगभग 56 एकड़ क्षेत्रफल में ग्रुप हाउसिंग के 22 भूखण्ड नियोजित किये जाएंगे। साथ ही देवपुर पारा में पूर्व की सपा सरकार में समाजवादी लोहिया एन्क्लेव योजना के अंतर्गत फरवरी 2015 में पंजीकरण खोले गए थे। निर्माण एजेंसी की लापरवाही की वजह से ईडब्ल्यूएस, एलआईजी और एमएमआईजी श्रेणी के फ्लैट नहीं बन सके। समय पर काम पूरा न होने पर रेरा ने इस योजना का पंजीयन रद्द कर दिया था। इसके बाद एलडीए ने भी इस योजना को निरस्त कर दिया। अब रेरा में इस योजना को नए नाम से पुनः पंजीयन कर पंजीकरण शुरू किए जाएंगे। इन फ्लैटों की कीमत 6.50 लाख रुपये से शुरू होकर 13 लाख रुपये तक होगी।

**विकास शुल्क की दरें बढ़ायेगा एलडीए :** राजधानी में आगामी वित्तीय वर्ष से मकान बनाना महंगा हो सकता है। लखनऊ विकास प्राधिकरण विकास शुल्क की दरों में बढ़ोतरी करने जा रहा है। कास्ट इंडेक्स की दरें पुनरीक्षित होने से विकास शुल्क की दर करीब 4.31 प्रतिशत तक बढ़ेंगी। इसके साथ ही शमन शुल्क की दरें घटाने का प्रस्ताव भी एजेंडे में है। इसके साथ ही मानचित्र शुल्क की दरों में भी बदलाव किया जाएगा। नई दरें अगले वित्तीय वर्ष से लागू होंगी। इससे मकान बनाने के लिए नक्शा पास कराना महंगा हो जाएगा। वर्तमान में 2360 रुपये प्रति वर्ग मीटर विकास शुल्क की




दरें हैं। एलडीए ने अब 2462 रुपये प्रति वर्ग मीटर किए जाने का प्रस्ताव तैयार किया है। वहीं शमन शुल्क की दरों को घटाने का प्रस्ताव है। अभी 100 वर्ग मीटर तक आवासीय भवन निर्माण के लिए 22.50 रुपये प्रति वर्ग मीटर, 300 वर्ग मीटर तक 33.50 रुपये तथा 300 वर्ग मीटर से अधिक के लिए 44.73 रुपये वर्ग मीटर शुल्क है। इससे पहले वर्ष 2010 में यह दरें 10 रुपये, 15 व 20 रुपये प्रति वर्ग मीटर निर्धारित थीं। अब नई प्रस्तावित दरों के अनुसार आवासीय निर्माण के लिए 5 रुपये प्रति वर्ग मीटर, व्यवसायिक के लिए 30 रुपये और ग्रुप हाउसिंग के लिए 15 रुपये प्रति वर्ग मीटर शुल्क वसूला तय किया गया है।

**बेसमेंट में कार्मशियल व कार्यालय का हो सकेगा इस्तेमाल :** शहरी इलाकों में बेसमेंट में कार्मशियल गतिविधियों का उपयोग किया जा सकेगा। मूल बेसमेंट अथवा एक्सटेंडेड बेसमेंट को कार्मशियल व कार्यालय अथवा शौचालय के तौर पर इस्तेमाल करने की अनुमति आवास विभाग ने दे दी है। इसके लिए भवन निर्माण एवं विकास उपविधि-2008 में संशोधन किया गया है। इस सम्बंध में शासनादेश अंगीकृत करने के लिए बोर्ड बैठक में यह प्रस्ताव रखा जाएगा।

**मोहान रोड योजना में मास्टर प्लान की चौड़ाई होगी कम :** मोहान रोड योजना से निकलने वाली आउटर रिंग रोड की चौड़ाई को कम किया जाएगा। यह 150 मीटर प्रस्तावित है जिसे 60 मीटर किया जाना है। इसके साथ ही मोहान रोड योजना को जोड़ने वाले 60 मीटर मास्टर प्लान रोड को 45 मीटर किया जाएगा। बोर्ड बैठक में प्रस्ताव लाया जा रहा है।

**एलडीए पास करेगा 2600 करोड़ का बजट :** एलडीए ने आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 का लगभग 2600 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित किया है। चालू वित्तीय वर्ष में कुल 2476.75 करोड़ रुपये का बजट पास किया गया था। वहीं वित्तीय 2023-24 में एलडीए ने कुल 2566.95 करोड़ रुपये का बजट पास किया था। बजट में नयी आवासीय कालोनियों मोहान रोड योजना, आईटी सिटी व वेलनेस सिटी के विकास व निर्माण पर करीब 600 करोड़ रुपये से अधिक खर्च करने की व्यवस्था की गई है। बजट में आवासीय भवनों भूखण्डों की बिक्री व किश्तों से 200 करोड़, व्यावसायिक भूखण्डों से 300 करोड़ की आय प्रस्तावित की गयी है। भवनों व फ्लैटों की बिक्री से लगभग 250 करोड़ की आय का लक्ष्य है।

**ट्रांसपोर्ट नगर के भूखंडों के फ्री होल्ड का प्रस्ताव :** ट्रांसपोर्ट नगर में भूखंडों को फ्री होल्ड करने का प्रस्ताव भी लाया जा सकता है। आवंटियों से मिले दस्तावेजों की जांच के बाद जिनके भूखंड के कागज सही हैं उसे फ्री होल्ड किया जाने का सुझाव दिया गया है। बोर्ड के निर्णय के बाद हजारों आवंटियों को फायदा होगा।

**अवैध कालोनी की सूची से हटेगी हिन्द नगर कालोनी :** बोर्ड के एजेंडे में नगर नियोजन के लगभग आठ प्रस्ताव रखे जा रहे हैं। कानपुर रोड स्थित हिन्द नगर कालोनी को अवैध कालोनी की सूची से हटाने, कई भूखण्डों के तलपट मानचित्र में परिवर्तन, भू उपयोग में बदलाव समेत कई अन्य प्रस्तावों को चर्चा के लिए बोर्ड बैठक में रखा जाएगा।

# अनाथ आश्रम की दो किशोरियों की मौत

## 24 बच्चे अभी है बीमार और लोकबंधु में चल रहा उनका उपचार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पारा स्थित बुद्धेश्वर निर्वाण रिहैबिलिटेशन सेंटर के 24 बच्चों की हालत बिगड़ गई। मंगलवार को उल्टी-दस्त व पेट में दर्द समेत दूसरी दिक्कतों के बाद सबको लोकबंधु अस्पताल में भर्ती कराया गया। 24 घंटे में इलाज के दौरान दो किशोरियों की मौत हो गई। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। डेथ ऑडिट कराया जा रहा है। विभागीय जांच के आदेश भी दिए गए हैं। दो बालिकाओं की हालत गंभीर बनी हुई है, जिन्हें रेफर किया गया है। फूड प्वाइजनिंग की आशंका जताई जा रही है। निर्वाण संस्था में अनाथ मानसिक रूप से कमजोर बच्चों को आश्रय दिया जाता है। यहां 147 बच्चे हैं। 21 मार्च को चार बच्चों की तबीयत बिगड़ी। उन्हें उल्टी-दस्त व पेट दर्द की शिकायत हुई। उनको लोकबंधु अस्पताल लाया गया। कुछ ही देर में चार और बच्चों की तबीयत बिगड़ गई। उन्हें 22 मार्च को लोकबंधु अस्पताल में भर्ती कराया।





इसके बाद बच्चों के बीमार होने का सिलसिला शुरू हो गया। एक-एक कर सभी को अस्पताल में भर्ती किया गया। बुधवार तक 24 बच्चों को लोकबंधु अस्पताल में भर्ती कराया गया। इनमें से 16 साल की रेनू और दीपा की मृत्यु हो गई। तबीयत में सुधार के बाद पांच बच्चों को डिस्चार्ज कर दिया गया है।

**दस दिन से बीमार थे बच्चे, नहीं मिला इलाज :** निर्वाण आश्रय केंद्र में दस दिन से बच्चे बीमार थे। पेट दर्द, उल्टी जैसी शिकायतें थीं। आरोप है कि न डॉक्टर को दिखाया गया और न ही अस्पताल पहुंचाया गया। बच्चों की बीमारी छिपाने की कोशिश की गई। जब स्थिति गंभीर हो गई तो लोकबंधु अस्पताल पहुंचे। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना कि बच्चे अचानक बीमार नहीं पड़े। उन्हें कई दिनों से समस्या थी। पेट के संक्रमण के कारण उल्टी, पेट दर्द और डायरिया की शिकायत थी। इसके बावजूद मामले को गंभीरता से नहीं लिया गया। जब 10 से अधिक बच्चों की हालत गंभीर हुई तो गुपचुप तरीके से सिर्फ चार बच्चों को लोकबंधु अस्पताल भेजा, ताकि अपनी कमियों पर पर्दा डाल सकें। बाकी छह बच्चों की जब हालत गंभीर हुई तब उनमें भी चार को ही अस्पताल भेजा गया।

# अंसल प्रकरण में एनसीएलएटी ने होम बायर्स के हित में सुनाया फैसला

## मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप एलडीए ने एनसीएलएटी के समक्ष की कड़ी पैरवी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** हाईटेक टाउनशिप नीति के विपरीत कार्य करते हुए होम बायर्स के साथ धोखाधड़ी करने वाले अंसल ग्रुप की मुश्किलें बढ़ गयी हैं। अंसल को दिवालिया घोषित करने

- **एलडीए समेत सभी प्राधिकरणों को पक्षकार बनने की अनुमति**
- **एक सप्ताह में तथ्यों के साथ अपील दाखिल करेंगे प्राधिकरण**

वाले एनसीएलटी के फैसले के खिलाफ लखनऊ विकास प्राधिकरण की ओर से की गयी प्रभावी पैरवी का एनसीएलएटी ने संज्ञान लेते हुए एलडीए समेत सभी प्राधिकरणों को मामले में पक्षकार बनने की अनुमति प्रदान की है। एनसीएलएटी के इस आदेश से अंसल ग्रुप पर यूपी सरकार का शिकंजा कसने के साथ ही पीड़ित होम बायर्स के हितों को बल मिलेगा।




एनसीएलटी (नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल) ने अंसल ग्रुप को दिवालिया घोषित करते हुए आईआरपी (इंट्रिम रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल) नियुक्त किया है। इससे अंसल की परियोजनाओं में भूखण्ड, फ्लैट, विला व व्यावसायिक सम्पत्तियों में निवेश करने वाले हजारों निवेशकों की पूंजी फंस गयी है। इनमें कई ऐसे आवंटी हैं, जिन्हें कंपनी ने वर्ष 2009 में भूखण्ड बेचे, लेकिन अब तक कब्जा नहीं दिया। एनसीएलटी ने अंसल को दिवालिया घोषित करने का फैसला सुनाते समय लखनऊ विकास प्राधिकरण, आवास विभाग समेत किसी भी शासकीय विभाग को न तो कोई नोटिस दी और न ही पक्ष सुना गया। इससे अंसल पर शासकीय विभागों की देयता के साथ ही होम बायर्स का हित भी फंस गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीड़ित होम बायर्स के हितों का संज्ञान लेते हुए अंसल ग्रुप के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिये थे। जिसके अनुपालन में लखनऊ विकास प्राधिकरण ने अंसल ग्रुप के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के साथ ही एनसीएलटी के फैसले के खिलाफ एनसीएलएटी (नेशनल कंपनी लॉ अपीलीय ट्रिब्यूनल) में पैरवी की। बुधवार को मामले की सुनवाई के दौरान अधिवक्ता अभिषेक चौधरी एवं संजीव कुमार दुबे ने एनसीएलएटी के समक्ष प्राधिकरण व राज्य सरकार का पक्ष रखा। जिसमें एनसीएलएटी ने सरकार के पक्ष में फैसला देते हुए सभी प्राधिकरणों को अंसल मामले में पक्षकार बनने की अनुमति प्रदान की है। एनसीएलएटी ने प्राधिकरणों को शपथ पत्र के साथ सभी तथ्यों को रिकॉर्ड पर लाने के लिए एक सप्ताह का समय दिया है। मामले की अगली सुनवाई आगामी 15 अप्रैल, 2025 को होगी। गौरतलब है कि अंसल प्रॉपर्टीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड की ओर से हाईटेक टाउनशिप नीति के अनुसार योजना पूर्ण करने के लिए परफार्मेंस गारंटी के रूप में लखनऊ विकास प्राधिकरण के पक्ष में 411 एकड़ भूमि बंधक रखी है। जांच में सामने आया है कि अंसल ने अनाधिकृत तरीके से उक्त बंधक भूमि का भी विक्रय किया है। इस मामले में एलडीए ने एनसीएलटी में अंसल ग्रुप पर 4500 करोड़ रुपये की देयता का दावा भी प्रस्तुत किया है। इसमें अर्जन, मानचित्र आदि का शुल्क शामिल है।

# नोटिस के बाद भी रजिस्ट्री नहीं करा रहे आवंटी, आवंटन होगा निरस्त

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के जिन आवंटियों ने नोटिस मिलने के बाद भी सम्पत्ति की रजिस्ट्री नहीं करवायी है उनका आवंटन निरस्त किया जाएगा। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष

- **उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने रजिस्ट्री के लंबित प्रकरणों की समीक्षा में दिये निर्देश**
- **एक सप्ताह में सम्पत्ति के आवंटन निरस्तीकरण का तैयार होगा प्रस्ताव**

प्रथमेश कुमार ने बुधवार को रजिस्ट्री के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए इस बाबत निर्देश दिए हैं। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को एक सप्ताह के अंदर आवंटन निरस्तीकरण का प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने के लिए कहा है।

समीक्षा में पाया गया कि शारदा नगर विस्तार व बसंतकुंज योजना में निर्मित प्रधानमंत्री आवास के 235 आवंटियों ने भवन के सापेक्ष पूरा पैसा जमा कर दिया है, लेकिन अभी तक रजिस्ट्री के लिए आवेदन नहीं किया है। इसी तरह लगभग 300 ऐसे आवंटी हैं, जिन्होंने अलग-अलग अपार्टमेंट में फ्लैट्स की बुकिंग कराकर पूरा पैसा जमा करा दिया है, लेकिन रजिस्ट्री नहीं करायी है। इसके अलावा गोमती नगर विस्तार में 40, जानकीपुरम एवं जानकीपुरम विस्तार



में 51, कानपुर रोड योजना में 93 व बसंतकुंज योजना में 135, रेंट की 07 तथा व्यावसायिक एवं बल्क सेल की लगभग 50 ऐसी सम्पत्तियां हैं। जिनमें आवंटियों ने पूरा पैसा जमा कर दिया, लेकिन अभी तक रजिस्ट्री नहीं करायी है। इन आवंटियों को रजिस्ट्री कराने के सम्बंध में सूचना भी भेजी जा चुकी है। इसके बाद भी कई आवंटी रजिस्ट्री के लिए आवेदन नहीं कर रहे हैं।

**रजिस्ट्री के लिए लगाया गया है विशेष कैम्प :** वर्तमान में प्राधिकरण द्वारा आवंटियों की सुविधा के लिए दिनांक-24 मार्च से 29 मार्च, 2025 तक विशेष निबंधन शिविर आयोजित किया जा रहा है। जिसमें सम्बंधित अधिकारी व कर्मचारी कैम्प में बैठकर रजिस्ट्री की फाइलें हाथों-हाथ तैयार कर रहे हैं। वहीं, 02 एवं 03 अप्रैल को इसी कैम्प में रजिस्ट्री विभाग के अधिकारियों द्वारा निबंधन पंजीयन की भी कार्रवाई की जाएगी। इस सम्बंध में उपाध्यक्ष ने निर्देश दिये हैं कि सूचना दिये जाने के बाद भी जो आवंटी रजिस्ट्री के लिए आवेदन नहीं कर रहे हैं। उन्हें अंतिम नोटिस देते हुए आवंटन निरस्त करने की कार्रवाई की जाए। इसके लिए एक सप्ताह में विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत किया जाए। उप सचिव माधवेश कुमार ने बताया कि प्राधिकरण कार्यालय में लगाये गये विशेष निबंधन शिविर के तीसरे दिन बुधवार को रजिस्ट्री के लिए 135 आवेदन प्राप्त हुये। वहीं, 93 सम्पत्तियों की रजिस्ट्री के लिए फाइलें तैयार करायी गयीं। इसमें सर्वाधिक आवेदन कानपुर रोड योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना व अपार्टमेंट के प्राप्त हुये हैं।

# सहकारी समिति के जमीन फर्जीवाड़े की जांच, एलडीए से मांगे दस्तावेज

**लखनऊ।** भू माफिया बाफिला की बहुजन निर्बल वर्ग गृह निर्माण सहकारी समिति को दी गयी जमीनों के मामलों की नए सिरे से जांच शुरू हुई है। समिति के गिरोह ने एलडीए अफसरों की मिलीभगत से गोमतीनगर विस्तार में कई बीघे जमीन हथिया कर लोगों को बेच दी मगर उन्हें कब्जा नहीं मिला। जमीन फर्जीवाड़े के शिकार कई लोगों ने भूमाफिया के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। इसी आधार पर थाना गोमती नगर विस्तार ने एलडीए से बहुजन निर्बल वर्ग सहकारी गृह निर्माण समिति को एलडीए से स्वीकृत नक्शा, गोमती नगर विस्तार, वरदान खण्ड में प्लाट व मखदूमपुर के स्वामित्व से जुड़े दस्तावेज मांगे हैं।

भू माफिया सूची में दर्ज मृतक दिलीप सिंह बाफिला के खिलाफ वीरेन्द्र सिंह निवासी 2/73 विराम खंड की ओर से वर्ष 2021 में थाना गोमती नगर विस्तार में शिकायत दर्ज कराई गई थी। इसमें बताया गया कि गोमती नगर में बहुजन निर्बल वर्ग गृह निर्माण सहकारी समिति से भूखंड 1-1335ए खरीदा था। सेक्टर एक मखदूमपुर गाटा संख्या

- **आवेदक की शिकायत पर पुलिस ने शुरू की छानबीन, एलडीए को लिखा पत्र**

13पी, 14पी, 15पी, 16 और 18पी गोमती नगर विस्तार में ये जमीनें हैं। बैनामे के समय सोसाइटी ने एक नक्शा भी लगाया था। इसके अनुसार एक 866.57 वर्गमीटर पार्क, 11500 वर्ग फुट चारों ओर सड़क को खरीदारों के लिए छोड़ा गया था। इसे देखकर ही लोगों ने भूखंड खरीदे। बाद में पता चला कि समिति के संरक्षक स्व. दिलीप सिंह बाफिला और सचिव लखनऊ सिंह बलियानी ने नक्शे में हेरफेर कर पार्क और सड़क गोरखपुर निवासी निर्मला देवी को बेच दिया। इस मामले में पुलिस ने उसी वर्ष लखनऊ विकास प्राधिकरण से रिपोर्ट मांगी थी। मगर रिपोर्ट न दिए जाने से कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब थाना गोमती नगर विस्तार से उपनिरीक्षक दीपक कुमार पाण्डेय की ओर से एलडीए को पत्र भेजकर प्रकरण से जुड़ी जानकारी मांगी गई हैं। इस पत्र के अनुसार बहुजन निर्बल वर्ग सहकारी गृह निर्माण समिति को आवेदक को रजिस्ट्री करने का अधिकार अथवा स्वामित्व था अथवा नहीं। समिति की ओर से भूखण्ड वरदान खण्ड में एलडीए से प्लाट लेकर बेचने के लिए नक्शा पास कराया गया है अथवा नहीं। इसके साथ ही समिति को एलडीए से स्वीकृत नक्शा की प्रति व खसरा संख्या 13पी, 14पी, 15पी, 16 और 18पी गोमती नगर विस्तार ग्राम मखदूमपुर के स्वामित्व की स्थिति से सम्बंधित रिपोर्ट मांगी है।

# मरीजों को दवा के साथ डॉक्टरों का मृदु व्यवहार करता है फायदा : महापौर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार के आठ साल पूरे होने के उपलक्ष्य में मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में तीन दिवसीय आयोजन शुरू हुआ था। इसी क्रम में बुधवार को चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा कार्यक्रम ₹स्वास्थ्य विभाग के नए

- **प्रदेश सरकार के आठ साल पूरे होने के उपलक्ष्य में स्वास्थ्य विभाग ने आयोजित किया कार्यक्रम**
- **विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं के लगाये गये स्टाल**
- **दो दिनों में कुल 1090 लोगों ने लिया स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ**

आयाम ₹ आयोजित हुआ।

मुख्य अतिथि के तौर पर बोलते हुए शहर की महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि धरती पर डाक्टर और नर्स भगवान हैं। मरीज को उतना फायदा इंजेक्शन और दवा से नहीं होता है जितना फायदा मृदु भाषा और अच्छे व्यवहार से होता है। उन्होंने कहा कि सरकार स्वास्थ्य सहित सभी योजनाओं को समाज के अंतिम पायदान के व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा ने कहा कि योगी सरकार के नेतृत्व में आठ साल में स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर हुई हैं। जनपद में जिला स्वास्थ्य समिति, मुख्य चिकित्सा अधिकारी और उनकी टीम स्वास्थ्य सेवाएं को लगातार बेहतर करने का प्रयास कर रही हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एन. बी. सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य शासन की प्राथमिकताओं में है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान, ई वाउचर, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, आयुष्मान भारत योजना, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम, परिवार कल्याण कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार स्वास्थ्य को लेकर कई नई योजनाएं चला रही है, चिकित्सकों और पैरा मेडिकल स्टाफ की लगातार नियुक्ति की जा रही है। पीएचसी और स्वास्थ्य उपकेंद्रों को सुदृढ़ कर आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्थापित किए हैं जहां पर




सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों की नियुक्ति की गई है और यहां पर 14 महत्वपूर्ण जांचें की जाती हैं। गैर संचारी रोगों, हृदय रोग, डायबिटीज आदि की स्क्रीनिंग के साथ टेलीकंसल्टेशन की सेवा भी मुहैया कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि अब तक जनपद में 27,000 गर्भवतियों को ई वाउचर निर्गत किए गए हैं।

जनपद में कुल 95,00,000 से अधिक कोविड के टीके लगाए गए। एक दिन में 1.85 लाख से अधिक टीके लगाने का भी रिकॉर्ड है। इसके साथ ही कोविड की 76.00 लाख से अधिक जांचें की गईं। उन्होंने बताया कि जनपद में 70 साल से अधिक आयु के लगभग 30,000 बुजुर्गों का आयुष्मान कार्ड बने हैं जो कि प्रदेश में सबसे ज्यादा हैं। आयुष्मान भारत योजना के तहत जिले में अब तक लगभग 9.00 लाख लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड निर्गत किए जा चुके हैं। जिले में आयुष्मान भारत योजना के तहत सूचीबद्ध 52 सरकारी एवं 270 निजी अस्पतालों द्वारा अब तक लगभग 4.00 लाख लाभार्थियों को 608 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है। इस मौके पर विभिन्न स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने स्वास्थ्य के मुद्दों पर विस्तार से जानकारी दी।

किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के पल्मोनरी मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉ. सूर्यकांत ने बताया कि प्रधानमंत्री ने टीबी उन्मूलन का लक्ष्य साल 2025 तय किया है। उन्होंने उपस्थित लोगों से प्रधानमंत्री टीबी मुक्त अभियान से जुड़कर टीबी उन्मूलन में सहयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान के बारे में बताया कि यह अभियान 15 जनपदों में सात दिसंबर 2024 से तथा अन्य 60 जनपदों में एक जनवरी 2025 से चल रहा है। विश्व क्षय रोग दिवस के मौके पर देश की राजधानी में आयोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश को सर्वाधिक टीबी मरीजों की पहचान करने के लिए सम्मानित किया गया।

केजीएमयू के ट्रॉमा सर्जरी के विभागाध्यक्ष डॉ. संदीप तिवारी ने सड़क दुर्घटनाओं और उससे होने वाली मौतों के बारे में बताया कि भारत में रोड एक्सीडेंट से हर साल लगभग 1.5 लाख मौतें होती हैं। इससे तीन गुना ज्यादा लोग स्थाई दिव्यांगता के शिकार होते हैं। अस्सी फीसद मौतों को रोका जा सकता है। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं के कारण और बचाव को लेकर विस्तार से जानकारी दी। हेलमेट का उपयोग 45 फीसद एवं सीट बेल्ट का उपयोग 60 फीसद मौतों और गंभीर दुर्घटनाओं को कम करता है।

इस अवसर पर डॉ. मोहित सिंह संयुक्त निदेशक आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन ने बताया कि जनपद आयुष्मान भारत हेल्थ एकाउंट बनाने (आभा), हेल्थ प्रोफेशनल रजिस्ट्री तथा हेल्थ फैसिलिटी रजिस्ट्री बनाने जनपद पूरे प्रदेश में पहले स्थान पर है। एबीडीएम के तहत पूरे देश में 100 माइक्रो साइट बनाई गईं हैं जिनके लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। लखनऊ पहला माइक्रोसाइट है जो कि अपने लक्ष्य को पूरा कर पाया है। केजीएमयू के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुरेश कुमार ने कहा कि केजीएमयू एशिया का और गरीबों का सबसे बड़ा अस्पताल है।

# गृहकर का भुगतान हुआ आसान, अब व्हाट्सअप पर भी मिलेगा बिल

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नगर निगम ने गृहकर भुगतान को और सुगम बनाने के लिए नई सुविधा शुरू की है। अब भवन स्वामियों को गृहकर भुगतान की जानकारी व्हाट्सअप संदेश के माध्यम से भी उपलब्ध कराई जाएगी। यह सुविधा आज से लागू हो गई है। नगर निगम लखनऊ के आधिकारिक (ब्लू टिक) व्हाट्सअप नंबर से भेजे जाने वाले संदेश में एक भुगतान लिंक भी शामिल होगा। इस लिंक पर क्लिक कर भवन स्वामी सीधे अपने गृहकर का भुगतान डिजिटल माध्यमों से कर सकेंगे।

मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अशोक सिंह ने बताया व्हाट्सअप मैसेज में दिए गए अभी भुगतान करें लिंक पर क्लिक करना होगा। इसके बाद खुलने वाले पेज पर भवन स्वामी व बिल का विवरण दिखाई देगा। मेक पेमेंट विकल्प पर क्लिक कर भुगतान मोड चुनें। इसके बाद भुगतान सफल होने पर रसीद प्राप्त होगी, जिसे मैसेज में दिए लिंक से भी डाउनलोड किया जा सकता है। इसके अलावा गृहकर भुगतान के अन्य विकल्प भी पहले से दिए गए हैं। सभी जोनल कार्यालयों में कैश, चेक, और बीबीपीएस (भारत बिल पेमेंट सिस्टम) से भुगतान होता है। नेट बैंकिंग, यूपीआई, आरटीजीएस, एनईएफटी से वेबसाइट से ऑनलाइन, एचडीएफसी और एक्सिस बैंक की किसी भी शाखा में, एसएमएस लिंक पर क्लिक कर ऑनलाइन भुगतान किया जा सकता है। यदि कोई पहली बार गृहकर जमा कर रहा है, तो उसे अपना भवन रजिस्टर कराना होगा। इसके लिए वेबसाइट पर क्लिक करें। मोबाइल नंबर और हाउस आईडी दर्ज करें। एसएमएस के जरिए यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त करें। लॉगिन कर नया पासवर्ड सेट करें और फिर भुगतान करें। लखनऊ नगर निगम की इस नई पहल से गृहकर भुगतान अब पहले से अधिक सुविधाजनक और डिजिटल रूप से सुरक्षित हो गया है।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम 9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108



# लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से मारा-पीटा और दी जान से मारने की धमकी



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** थाना बंथरा इलाके में कुछ दबंगों ने एक ही परिवार के कई लोगों को लाठी डंडों व धार दार हथियारों से मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी इससे पीड़ित परिवार ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराकर कानूनी कार्य वाई किए जाने की मांग की।

थाना बंथरा के कटी बगिया निवासी विकास पटेल पुत्र राजेश कुमार ने पुलिस को बताया कि 25 मार्च 25 को समय शाम सवा छह अपने घर मौजूद थे।तभी इसी दौरान अखिलेश सिंह चौहान ,अंकुर सिंह चौहान,संतोष सिंह चौहान,प्रिंस सिंह चौहान पुत्र लालता सिंह निवासी पहाड़ पुर एवं सुनीत यादव निवासी गुड़िया थर उन्नाव ,अभिषेक यादव निवासी हाइडिल लखनऊ ,विकास सिंह चौहान ,हिमांशु ,आनंद ,अनुराग सिंह निवासी निवासी पहाड़ पुर ,आशुतोष सिंह निवासी सराय शहजादी एवं 25 व 30 अन्य अज्ञात लोगों के साथ लाठी डंडों व असलहों से लैस थे जो जे सी बी जिसका नंबर यू पी 35 एच 9612 को लेकर मेरे घर के पास पेट्रोल पंप के पास आ गए ।18 मार्च 25 को तत्कालीन एस डी एम द्वारा आदेश प्राप्त कर लेखपाल अमरेश रावत ने पेट्रोल पंप के सामने पड़ी बंजर भूमि का अतिक्रमण हटा कर खाली करवाया उड़ी भूमि को पटने केवल्य आमादा हो गए। मना करने पर पेट्रोल पंप पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन द्वारा स्थगन आदेश पारित किया गया है विकास पटेल ने बताया कि हमे और हमारे भाई दीपक पटेल ,पिता राकेश कुमार को मारने पीटने लगे।अखिलेश सिंह चौहान ने दीपक पटेल की कमर ने लगा लाइसेंसी पिस्टल लुट लिया और सतीश सिंह चौहान ने गले में पड़ी सोने की चेन भी छीन लिया ।

अंकुश चौहान ने विकाश पटेल की चेन छीन ली ।सभी व्यक्ति एक जुट होकर हमे और हमारे भाइयों को लाठी डंडों और दार हथियारों से मारा पीटा ।जिससे सभी को काफी चोटे आई है और सभी को जान से मारने की धमकी दी और कहा कि अभी तो सभी को छोड़ रहा हूं ।चौबीस घंटे होने दे इसी खुदी बाजार भूमि को जे सी बी से खुदवा कर उसमें गढ़वा देंगे ।इससे पीड़ित काफी सहमा हुआ और भयभीत है। आरोप है कि उक्त व्यक्ति आपराधिक प्रवृति के है जिनके ऊपर लुट डकैती, चोरी गैंगस्टर सेक्स रैकेट जैसे दसवें मुकदमे दर्ज हैं।पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल करते हुए विधिक कार्य वाई करे।

## दबंगों ने दुकानदार को पीटा, मुकदमा दर्ज

लखनऊ। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में मंगलवार दोपहर दबंगों ने गाली-गलौज का विरोध करने पर एक दुकानदार की पीटाई कर उसे जान से मारने की धमकी दे फरार हो गए। वहीं पुलिस ने पीड़ित की नामजद शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पीके सिंह ने बताया कि न्यू पारा कालोनी नियर छठ पूजा ग्राउड थाना पारा जनपद लखनऊ निवासी अतुल आवस्थी पुत्र अरुण आवस्थी के अनुसार उसकी कृष्णा नगर कोतवाली इलाके स्थित एल०डी०ए० कालोनी में मोबाइल ऐससिरिज कि दुकान है। आरोप है कि मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे सुधाकर उर्फ छोटू अपने एक अन्य अज्ञात साथी के साथ उसकी दुकान पर आकर गाली गलोज करने लगा और विरोध करने पर वह उसकी पीटाई करने लगा और उसकी चीख-पुकार सुन लोगों की भीड़ एकत्र होता देख उसे जान से मारने की घमकी दे फरार हो गया। जिसके बाद उसने अपना प्राथमिक उपचार कराने के बाद स्थानीय कृष्णा नगर कोतवाली पहुंच पुलिस से लिखित शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़ित की नामजद शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## महिला की मौत के मामले में तीन पकड़े गये

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** गोसाईगंज के सलौली गांव में हुई किसान की पत्नी की हत्या के मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट गला कसकर हत्या किए जाने की पुष्टि हुई है। महिला का हार्ड व विसरा भी सुरक्षित किया गया।

पैनल के तहत हुए पोस्टमार्टम के बाद गोसाईगंज पुलिस ने बुधवार को तीन लोगों को हिरासत में लिया है। वह महिला की मौत के मामले में पूछताछ कर रही है। पुलिस के मुताबिक गोसाईगंज के सलौली गांव के रहने वाले किसान गुड्डू अपनी पत्नी सुशीला (50) के साथ खेत में झोपड़ी बना कर रह रहा था। मंगलवार की सुबह जब किसान गुड्डू सो कर उठा तो उसकी पत्नी विस्तर पर नहीं थी। खोजबीन के दौरान सुशीला का शव उसकी झोपड़ी से सौ मीटर दूर एक सरसों के खेत मिला था। पुलिस को जांच पड़ताल के दौरान उसकी एक चप्पल खेत की मेड पर व दूसरी चप्पल खेत के अंदर मिली थी। उसके नीचे के कपड़े भी अस्त व्यस्त थे।

पुलिस ने शव की जांच पड़ताल कर रही थी तो गर्दन से रक्त का रिसाव हो रहा था। पुलिस महिला की हत्या के कारणों को तलाश रही है। पुलिस ने शक के आधार पर तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस की माने तो पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला कसकर हत्या किए जाने की पुष्टि हुई है। पैनल के तहत हुए पोस्टमार्टम के दौरान महिला का विसरा भी सुरक्षित किया गया है। दूसरी ओर गोसाईगंज पुलिस ने मामले की जांच के दौरान शक के आधार पर तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

## ऊर्जा मंत्री की जनसभा के दौरान विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर हुई सख्त कार्रवाई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री श्री ए.के. शर्मा की जनसभा के दौरान विद्युत आपूर्ति बाधित होने से संबंधित विद्युत कार्मिकों पर सख्त कार्रवाई की गई है। ऊर्जा मंत्री बुधवार को मऊ जिले के हनुमान घाट मोहल्ला हरिकेशपुरा टीसीआई मोड़ पर जनसभा को संबोधित कर रहे थे इस दौरान विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई, जिसके कारण संबंधित विद्युत कार्मिकों पर कड़ी कार्रवाई की गई। इस घटना के चलते संबंधित उपखंड अधिकारी और अवर अभियंता को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही अधिशासी अभियंता को आरोप पत्र जारी किया गया है और अधीक्षण अभियंता से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

## युवक पर महिला से छेड़छाड़ का आरोप, मुकदमा दर्ज

लखनऊ। नगराम के एक गांव निवासी महिला द्वारा गांव के ही युवक के विरुद्ध घर में घुसकर छेड़छाड़ सहित जान से मारने की धमकी देने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है पुलिस मामले की जांच कर रही है। नगराम के एक गांव निवासी महिला द्वारा नगराम थाने पर दी गई तहरीर के अनुसार बीती 16 मार्च की शाम वह घर पर अकेली थी तभी गांव का ही युवक धीरज घर में घुसकर गलत नीयत से हाथ पकड़ने लगा बचाव करने पर उसके नाखून लगे में लग गए। दूसरे दिन उसके पति काम से बाहर गए हुए थे तभी दोपहर के समय धीरज अपने साथी प्रवीण के साथ घर आ गया तब उसके द्वारा पुलिस बुलाने की बात कहने पर भाग गए। वापस आकर उसके पति जब धीरज से पूछने गए तो धीरज जान से मारने की धमकी देते हुए भगा दिया। थानाध्यक्ष नगराम विवेक चौधरी ने बताया कि पीड़िता महिला द्वारा दी गई तहरीर पर आरोपी युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## 70 वर्षीय बुजुर्ग का मिला शव, पुलिस ने विधि-विधान से कराया अन्तिम संस्कार

लखनऊ। पुलिस कमिश्नरेट का एक और मानवीय चेहरा सामने आया है। जहां कृष्णानगर कोतवाली इलाके की एलडीए-2 चौकी निकट माता जी की बगिया के पास मंगलवार शाम एक 70 वर्षीय बुजुर्ग का शव मिलने के बाद पहचान कराई गयी। इसके बाद परिजनों की स्थिति असहाय देख आर्थिक मदद करते वीआईपी रोड स्थित बैकुंठ धाम में मुस्लिम रीति रिवाज से अंतिम संस्कार कराया गया। कृष्णा नगर कोतवाली में तैनात उपनिरीक्षक हरिकिशन के अनुसार मृतक की पहचान मोहम्मद अली (70) पुत्र अज्ञात माता जी की बगिया कूड़ा घर के पास स्थित झुग्गी झोपड़ी एलडीए कालोनी निवासी के रूप में हुई है।

## सेंट्रल बार का चुनाव एक माह में सम्पन्न करायें

- एल्डर्स कमेटी का गठन का हाईकोर्ट ने दिया आदेश

विधि संवाददाता (vol)

लखनऊ। जनपद न्यायालय, लखनऊ की सेंट्रल बार एसोसिएशन का चुनाव एक माह में कराने का आदेश हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने दिया है। उक्त आदेश पारित करने के साथ ही न्यायालय ने पाँच सदस्यीय एलडर्स कमेटी का भी गठन किया है।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने मनीष कुमार व एक अन्य की याचिका पर पारित किया। याचिका में कहा गया था कि सेंट्रल बार की वर्तमान गवार्निंग बॉडी अपना कार्यकाल 29 नवंबर 2024 को कार्यकाल समाप्त कर चुकी है, बावजूद इसके अब तक चुनाव नहीं कराया गया है। वहीं पूर्व एल्डर्स कमेटी की ओर से कहा गया कि कार्यभार लेने व चुनाव प्रक्रिया शुरू कराने के लिए जब वे सेंट्रल बार के कार्यालय में गए, वर्तमान पदाधिकारियों ने उनसे झगड़ा किया व मारपीट तक शुरू कर दी। इस पर न्यायालय ने सेंट्रल बार के पाँच वरिष्ठतम अधिवक्ताओं की एल्डर्स कमेटी का गठन किया जिसमें परमानन्द श्रीवास्तव, उमा शंकर श्रीवास्तव, राम कुमार यादव, मनोज कुमार मिश्रा व अनिल कुमार मिश्रा शामिल हैं। परमानन्द श्रीवास्तव को एल्डर्स कमेटी का चेयरमैन नियुक्त किया गया है। न्यायालय ने चुनाव के लिए पुलिस आयुक्त को उचित पुलिस बाल मुहैया कराने के भी आदेश दिए हैं।

## कब्जेदारों की सूची मिलते ही अधिग्रहण प्रक्रिया होगी शुरू

**लखनऊ।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में गोमती नगर के भरवारा रेलवे क्रासिंग पर प्रस्तावित रेलवे ओवर ब्रिज के संबंध में राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि ओवर ब्रिज बनाने के लिए जिन जमीनों की आवश्यकता है, उनमें से कुछ के कब्जेदारों की सूची के लिए एलडीए व सम्बंधित तहसील प्रशासन को आदेश दिया गया है। कहा गया कि जैसे ही उक्त सूची मिल जाती है, अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। इस पर न्यायालय ने मामले की अगली सुनवायी के लिए 15 अप्रैल की तिथि नियत की है।

यह आदेश न्यायमूर्ति एआर मसूदी व न्यायमूर्ति अजय कुमार श्रीवास्तव प्रथम की खंडपीठ ने वैज्ञानिक स्वामी सत्य प्रकाश वेद विज्ञान सेवा समिति की ओर से दाखिल एक जनहित याचिका पर पारित किया है। पिछली सुनवायी के दौरान न्यायालय ने टिप्पणी भी की थी कि यह प्रोजेक्ट पहले ही दो साल के विलम्ब से चल रहा है, यह बहुत अच्छी स्थिति नहीं है। न्यायालय ने कहा था कि वह नियमित तौर पर इस मामले की निगरानी करेगी।

## डॉ. संजीव अवस्थी अध्यक्ष व शशि प्रकाश सिंह बने सचिव

- भारत विकास परिषद् कृष्णा नगर शाखा की नई कार्यकारिणी गठित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** भारत विकास परिषद्, कृष्णा नगर शाखा की नई कार्यकारिणी का गठन संगठन मंत्री विक्रांत खंडेलवाल के मार्गदर्शन में किया गया। इस कार्यकारिणी में प्रसिद्ध दंत चिकित्सक डॉ. संजीव अवस्थी को अध्यक्ष, प्रतिष्ठित शिक्षाविद् शशि प्रकाश सिंह को सचिव तथा कर विशेषज्ञ संजीव कुमार भदौरिया को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया।

इस अवसर पर सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने समाज सेवा को और प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। उन्होंने भारत विकास परिषद् के उद्देश्यों और विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने की प्रतिबद्धता जताई।

नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. संजीव अवस्थी ने कहा कि संस्था के माध्यम से समाज में स्वास्थ्य जागरूकता और सेवा कार्यों को बढ़ावा दिया जाएगा। सचिव शशि प्रकाश सिंह ने कहा कि शिक्षा और समाज कल्याण के क्षेत्र में परिषद की भूमिका को और सशक्त किया जाएगा। कोषाध्यक्ष संजीव कुमार भदौरिया ने वित्तीय पारदर्शिता और संसाधनों के सही उपयोग का आश्वासन दिया।

संगठन मंत्री विक्रांत खंडेलवाल ने सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएँ देते हुए उम्मीद जताई कि नई कार्यकारिणी परिषद के उद्देश्यों को और व्यापक स्तर पर पहुंचाएगी। कार्यक्रम में शाखा के सभी सदस्य उपस्थित रहे और सभी ने मिलकर समाज सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।

## महिला के क्रेडिट कार्ड से जालसाजों ने उड़ाये तीस हजार, मुकदमा दर्ज

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




लखनऊ। साइबर जालसाजों ने एक महिला खाताधारक को निशाना बना लिंक भेज उसके क्रेडिट कार्ड से टोटल लिमिट 30 हजार रुपये पार कर दिया। जिसकी जानकारी होने पर पीड़िता ने साइबर सेल सहित स्थानीय आशियाना थाने में पुलिस से लिखित शिकायत की है। आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि मवैया आलमबाग निवासिनी अंकिता शाहू पुत्री हरिओम साहू के अनुसार वह महिन्दा होम फाइनेस अशोका राज टावर, सिनियर एक्जिकिटव पोस्ट पर कार्यरत है। वहीं पीड़िता का कहना था कि मंगलवार 25 मार्च की शाम वह अपने ऑफिस अशोका राज टावर से द्वितीय तल एमराल्ड माल के पीछे आशियाना आफिस में में थी। उस दौरान कालर ने इण्डसन बैंक कर्मचारी बन उनके क्रेडिट कार्ड का 15 सौ रुपए प्रतिमाह जीएसटी के साथ चार्ज की बात कह उसे एक लिंक भेज डाउनलोड करा क्रेडिट कार्ड की टोटल लिमिट 30 हजार रुपये उसके एकाउंट से पार कर दिया। जिसकी जानकारी होने पर पीड़िता ने बैंक के कस्टमर केयर से बात कर जानकारी देने का प्रयास किया लेकिन फोन काल नही लगने पर उसने घटना की जानकारी साइबर सेल सहित स्थानीय आशियाना थाने में पहुंच पुलिस से की है। पुलिस के अनुसार पीड़िता की शिकायत पर आईटी एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## वेलफेयर फाउंडेशन ने उत्कृष्ट कार्य करने वालों को किया सम्मानित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** आशियाना इलाके स्थित रेजीडेंसी निकट खजाना चौराहे पर बुधवार को स्त्री वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा स्वास्थ,सशक्त, स्वावलंबी स्त्री,स्त्री रत्न सम्मान- सीजन 6 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पद्म श्री विद्या बिन्दू, विशिष्ट अतिथि के रूप में महिला आयोग की सदस्य डॉ प्रियंका मौर्या, ऋतू साही, एकता सिंह, एमएसएमई की अध्यक्ष रीता मित्तल मौजूद रही। इस अवसर पर मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित के बाद कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। वहीं मुख्य अतिथि ने संस्था के समस्त अभियानों में कैंसर फ्री इंडिया की अत्यंत शराहना करते हुए स्त्री के स्वास्थ्य उसके सशक्तिकरण व स्वालंबन पर अपने विचार प्रस्तुत करने के साथ प्रदेश के विभिन्न जिलों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभिन्न विभूतियों को सम्मानित किया। जिसमें प्रोफेसर रचना शर्मा वाराणसी, प्रोफेसर नीतू सिंह सुल्तानपुर,अपर्णा मिश्रा सीतापुर, प्रोफेसर आभा सिंह प्रयागराज, प्रोफेसर शालिनी श्रीवास्तव लखनऊ, सुधा शुक्ला लखनऊ, प्रोफेसर सौम्या सिन्हा लखनऊ, प्रोफेसर सुनीता सिंह कैंसर योद्धा लखनऊ,प्रोफेसर रचना चतुवेर्दी ज्योतिषाचार्य को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संस्था के डॉ रमेश कुमार सिंह, सौम्या सिन्हा, संगीता यादव, रचना चतुवेर्दी, रश्मि वर्मा, सुधा शुक्ला, खुशबू तिवारी, कौशिक बेनर्जी, दुर्गेश पांडे, रवि कुमार, ममता अस्थान, डॉ कमल किशोर, पुष्पा सिंह, अविका तिवारी, सिद्धेश्वरी, अंजू गुप्ता उपस्थित रही।


**कार्यालय ग्राम पंचायत बसायकपुर वि. ख. गौरीगंज, अमेठी**

पत्रांक मेमो /नि. कार्य /मनरेगा 2024-25 दिनांक 26/03/2025

अल्प कालीन निविदा

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बसायकपुर, वि.ख. गौरीगंज जनपद अमेठी में कराये जाने वाले निम्न कार्य हेतु सामाग्री आपूर्ति किए जाने हेतु अनुभवी व पंजीकृत फर्मों से मुहरबंद निविदायें दिनांक 29/03/2025 तक अपरहान 3.00 बजे तक आमंत्रित कि जाती है एवं उसी दिन दिनांक 29/03/2025 ग्राम पंचायत के कार्यालय मे निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधिओं के समक्ष खोली जाएगी कार्य की bill of quantity भी कार्य दिवस मे प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | सामग्री का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | मोती लाल के घर से अमरनाथ के घर तक इंटर लाकिंग निर्माण कार्य 135x2.50m | 4.39 लाख | प्रथम श्रेणी ईट, ईट गिट्टी 40 मिमी, सीमेंट,10/20 mm स्टोन गिट्टी, बालू, 80mm जिग-जैग इंटर लाकिंग ईंट, लोकल बालू मोरंम, आदि |

**निविदा की शर्ते :-** 1 सशर्त निविदा स्वीकार नहीं होगी। 2. सामग्री की आपूर्ति आवश्यकतानुसार कार्यस्थल पर समय से करनी होगी। 3. आपूर्ति की गई सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप होनी चाहिय। 4. आपूर्ति कर्ता को GST No की छायाप्रति उपलब्ध कराना होगा 5. किसी विवाद की स्थिति मे अंतिम निर्णय अधोहस्ताक्षरी का होगा।

सचिव
ग्राम पंचायत बसायकपुर



**कार्यालय ग्राम पंचायत छतांगुर विकास खण्ड बेहटा, सीतापुर**

पत्रांकः मेमो/पंचम राज्य वित्त/15वां वित्त/निविदा सूचना प्रकाशन/वर्ष 2024-25 दिनांक 26.03.2025

अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पंचम राज्य वित्त/15वां वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत के कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2024-25 मे निम्न निर्माण हेतु निम्न दरों पर केवल सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत एवं स्थानीय फर्म जिनका आयकर वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत हो तथा मोहर बंद दिनांक 27.03.2025 से को अपरान्ह 02 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त टेण्डर को ग्राम पंचायत छतांगुर के द्वारा गठित समिति के समक्ष दिनांक 02.04.2025 को समय 03 बजे दिन में सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री | निविदा प्रपत्र का मूल्य | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कमरान की मशीन से राकेश के खेत तक खण्डंजा निर्माण कार्य। | 350708.00 | 200.00 | 454719.00 |

1. निविदा फर्म क्रय की जाने वाली सामग्री सम्बन्धित दिशा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में निविदा मूल्य के साथ जमा करके प्राप्त किये जा सकते है।
2. किसी भी वाद विवाद की दशा में जनपद न्यायालय सीतापुर होगा।
3. निविदा/स्वीकृत/निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत मे निहित होगा।
4. सामग्री आपूर्ति कार्य स्थल पर ही की जायेगी।

प्रधान
श्री मनोज कुमार
ग्राम पंचायत छतांगुर
विकास खण्ड बेहटा, सीतापुर

सचिव
श्री गौरव मिश्रा
ग्राम पंचायत छतांगुर
विकास खण्ड बेहटा, सीतापुर


## घर से निकला पीडब्ल्यूडी का इंजीनियर लापता

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंता मंगलवार की सुबह से लापता है। परिजनों को नहर के किनारे उनकी स्कूटी मिली है। बताया जा रहा है कि प्रदेश के गोण्डा जिले के मनकापुर का रहने वाला इंजीनियर रहस्यमय तरीके से आशियाना से लापता हो गया है। 30 वर्षीय इंजीनियर विवेक कुमार सोनी सीतापुर जिले के पीडबल्यूडी विभाग में बतौर अवर अभियंता के पद पर तैनात हैं और लखनऊ के आशियाना थाना अंतर्गत बांग्ला बाजार मकान नंबर 28/4 में अपनी पत्नी सीमा एवं दो साल की बच्ची के साथ रहते हैं। परिजनों के अनुसार मंगलवार की सुबह लगभग साढ़े नौ बजे घर से किसी काम निकले मगर देर शाम तक जब वह नहीं लौटे तो पत्नी सीमा ने इसकी सूचना स्थानीय थाने को दी।

## अटेवा करेगा 1 मई को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम (अटेवा) के आह्वान पर 1 अप्रैल को यूपीएस के विरोध में पूरे देश में काला दिवस मनाया जाएगा। विदित हो कि 1 अप्रैल 2025 से भारत सरकार ने केंद्र की नौकरियों में यूपीएस लागू करने का निर्णय लिया है इस निर्णय का पूरे देश का शिक्षक व कर्मचारी विरोध कर रहा है। इसलिये 1 अप्रैल को पूरे देश का शिक्षक व कर्मचारी काली पट्टी बांधकर अपना विरोध प्रकट कर सरकार से को समाप्त कर पुरानी पेंशन बहाली की मांग करेगा।

उत्तर प्रदेश में अटेवा के बैनर तले पूरे प्रदेश का शिक्षक व कर्मचारी काली पट्टी बांधकर अपने कार्यस्थल पर काम कर सरकार से पुरानी पेंशन बहाली की मांग करेगा तथा जिला अधिकारी को समाप्त करने का ज्ञापन देगे।

1 अप्रैल के कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर अटेवा की प्रदेश के विभिन्न कर्मचारी संगठनों के साथ एक बैठक कैंट स्थित कार्यालय में बैठक की गई जिसमें विभिन्न कर्मचारी संगठनों के अध्यक्ष व नेताओं ने भाग लिया। सभी ने एक सुर में वढर को हटा कर पुरानी पेंशन बहाली की मांग की। प्रदेश कोषाध्यक्ष विक्रमादित्य मौर्य ने कहा कि अब तो सरकार ने भी मान लिया है कि कर्मचारियों के भविष्य के लिये ठीक नहीं है। स्वास्थ्य विभाग मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन के वरिष्ठ नेता संजय रावत ने कहा कि सरकार को समाप्त कर पुरानी पेंशन बहाल करे। संचालन जिला संयोजक सुनील वर्मा ने किया। बैठक में प्रमुख रूप से संगीता देवी, विजय कुमार विश्वास, नरेंद्र कुमार, विजय सिंह, विनय कुमार, मनोज कुमार, सुरेश, धीरेन्द्र, शिव लाल, मीना कुमारी समेत विभिन्न विभागों के कर्मचारी व नेता उपस्थित रहे।


**उत्तर प्रदेश पावर ट्राँसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड, ई-निविदा सूचना :** निम्नलिखित ई-निविदा जिनका संक्षिप्त विवरण नीचे दिया गया है ई-निविदा की वेबसाइट **www.etender.up.nic.in** पर अपलोड कर दी गई है। 1. खुली ई-निविदा संख्या टी.-13/2024-25, विद्युत पारेषण खण्ड, इटावा के अन्तर्गत 220 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र, भरथना एवं 220 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र, सैफई पर 220 के.वी. सर्किट ब्रेकरों के क्लोजिंग एवं ओपनिंग टाइम, सी.आर.एम., डी.सी.आर.एम. टेस्ट इत्यादि कार्य कराने के सम्बन्ध में। उपरोक्त विषय में विस्तृत विवरण साईट पर उपलब्ध है सभी सक्षम आपूर्ति/ कार्यदायी संस्थाएं तद्नुसार निविदा में भाग ले सकती है। अधिशासी अभियन्ता, विद्युत पारेषण खण्ड, इटावा। ''राष्ट्रहित में बिजली बचायें'' (पत्रांक : 501, दिनांक : 26.03.2025)

# विश्व रंगमंच दिवस : आर्ट और मनोरंजन में अंतर होता है : सूर्यमोहन






वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** 27 मार्च को विश्व रंगमंच दिवस मनाया जाता है। मगर समय के साथ रंगमंच को पेश करने का तरीका भी बदला है। नई नकनीक, नया तरीका, आज के कलाकारों में अभिनय के प्रति नया नजरिया इन सब चीजों ने रंगमंच को एक नया आयाम दिया है। धिरे-धिरे रंगमंच में भी कई बदलाव हुए हैं। इन्हीं सब चीजों को लेकर राजधानी के जानेमाने रंगकर्मियों ने विश्व रंगमंच दिवस पर अपनी-अपनी बात कही।

शहर के वरिष्ठ रंगकर्मी सूर्य मोहन कुलश्रेष्ठ कहते हैं आर्ट और एंटरटेनमेंट में अंतर होता है। मनोरंजन बस टाइमपास के लिए होता है, जबकि आर्ट से हम जीने की कला सीखते हैं। आज ज्यादातर लोग थियेटर को मनोरंजन के तौर पर लेते हैं। वो जुनून नहीं दिखता जो पहले हुआ करता था। लखनऊ का रंगमंच तो सामूहिक प्रयासों से ही समृद्ध हुआ है, हर कोई अपनी भूमिका को बखूबी समझता था, मेहनत करता था। आज उन सामूहिक प्रयासों की कमी खलती है। जब हम लोग भगवद्अज्जुकीयम नाटक कर रहे थे, तो किसी को भी भरतनाट्यम नहीं आता था। नार्वे में शो होना था। छत पर रिहर्सल की। दो महीने तक भरतनाट्यम का अभ्यास किया। बिना म्यूजिक के पूरा प्ले तैयार हो गया, बाद में म्यूजिक रिकॉर्ड किया गया। थियेटर एक बहुत बड़ी विधा है। त्याग और मेहनत चाहिए होता है। 1989 की बात है। मुझे पदार्फाश नाटक याद आता है। उस समय सांप्रदायिक एकता के लिए अयोध्या मार्च किया था। लखनऊ से अयोध्या पैदल पहुंचने में छह दिन लगे। इस सफर में गांव और चौराहों पर नुक्कड़ नाटक करते हुए चलते। वरिष्ठ कलाकार मृदुला भारद्वाज उन दिनों स्कूल भी संभालतीं फिर जैसे-तैसे नाटक की जगह पर पहुंच जातीं। हम सब लोगों ने इसी तरह मिलकर काम किया। विचार और कला के स्तर पर ये बहुत बड़ा काम लगता है। तब और अब तक रंगमंच में जो भी बड़े नाम निकले, उनके लिए रंगमंच रोजी-रोटी का जरिया कभी नहीं रहा। रोजी-रोटी कहीं और से चलती थी और रंगमंच पैशन था। अब लोग थियेटर में कॅरियर और कमाने के लिए आ रहे, इसे नाम कमाने की सीढ़ी समझ रहे।

**नाटक के लिए घर का सामान बेचा : प्रभात बोस:** फिल्म इंस्टीटयूट से पास आउट और राज्यपाल द्वारा कला रत्न से सम्मानित प्रभात बोस कहते हैं कि रंगमंच का जुनून ऐसा चढ़ा कि इसी की दुनिया में बस गये। 1970 में मैंने इसमें कदम रखा और आ तक मैंने 866 नाटक पूरे भारत वर्ष में किये हैं। शुरू में बहुत मुश्किलें हुई। नाटक करने के लिए पैसा नहीं होते थे तो घर का सामान बेच दिया, लेकिन नाटक को रुकने नहीं दिया। पहले भी नाटकों को दायरा पलिक से ही जुड़ा होता था। आज भी वही है, लेकिन आ उद्देश्य पूर्ण नाटकों को सही तरीके से प्रस्तुत नहीं किया जा रहा है। वरगल नाटकों का मंचन नहीं होना चाहिए

**रंगमंच सशक्त हुआ है : मुकेश वर्मा:** युवा रंगमंच कलाकारों में मुकेश वर्मा ने बताया कि थियेटर मेरा शौक था, मगर पता नहीं का यह शौक जुनून बन गया। पता ही नहीं चला। अब तक 40 नाटकों में काम कर चुका हूं। नाटक माई सैंडल को पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने बैन कर दिया था। मुकेश कहते हैं कि रंगमंच एक पाठशाला है। यहां पर व्यवसाय नहीं होता। पहले की अपेक्षा रंगमंच सशक्त हुआ है। किसी का एकाधिकार नहीं है। नए प्रयोग हो रहे हैं, जो रंगमंच के लिए शुभ संकेत है।

## रंगमंच में हो रहे हैं नये-नये प्रयोग: अनिल रस्तोगी

वरिष्ठ रंगकर्मी व अभिनेता अनिल रस्तोगी कहते हैं लखनऊ का रंगमंच पिछले एक वर्ष बहुत सक्रिय रहा। अब रंगमंच में नये-नये प्रयोग होने लगे हैं। दर्पण संस्था ने कुछ पुरानी प्रस्तुतियों के साथ उर्मिल थपलियाल के निर्देशन में स्वयं लिखित हे ब्रेख्त, हेमेंद्र भाटिया द्वारा लिखित व निर्देशित तुम और अश्विनी मक्खन के निर्देशन में कामता नाथ की कहानी देवी आगमन मंचित किया। राज बिसारिआ के निर्देशन में राकेश वेदा द्वारा अलेक्सी आबुजोव के नाटक द ओल्ड वर्ड का रूपांतरण विभास का मंचन किया। इस द्विपात्रीय नाटक में मेरी पांच वर्ष बाद और शोभना जगदीश की लगभग 40 वर्ष बाद रंगमंच में वापसी हुई। राज बिसारिया स्टूडियो थिएटर में प्रफुल्ल त्रिपाठी लिखित व निर्देशित नाटक तिरोभूत के कई मंचन कर नई परंपरा शुरू की। सूर्यमोहन कुलश्रेष्ठ के निर्देशन में इरविन शा के नाटक बरी द डेड का मंचन लखनऊ के अलावा भारत रंग महोत्सव में भी हुआ। इसी प्रकार आतमजीत सिंह द्वारा निर्देशित नाटक मुंशीगंज गोलीकांड लखनऊ व भारत रंग महोत्सव दिल्ली में मंचित हुआ। नये नाटकों जिसमें मोहम्मद असलम द्वारा लिखित गुलाम रिश्ते, निर्देशन राजा अवस्थी, खिलानों की बरात, निर्देशन ललित सिंह पोखरिआ और केके अग्रवाल द्वारा प्रेमचंद की कहानियों पर आधारित नाटक जीवन यात्रा जिसका निर्देशन उन्हीं ने किया।

## बढ़ गई है रंगमंच में महिलाओं की भागीदारी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** आज हर रंगकर्मी विश्व रंगमंच दिवस मना रहा है। किसी समय रंगमंच में महिलाओं का किरदार भी पुरुष ही निभाते थे, लेकिन समय बदला और बदली रंगमंच में किरदार निभाने वाली पुरुषवादी सोच। वर्तमान समय में रंगमंच में महिलाओं की भागीदारी बढ़ गई है। अपने परिवार से लड़कर उनका विरोध झेलकर अपने रंगमंच के जुनून को आगे बढ़ाया और आज शहर के रंगमंच में अपना नाम रोशन कर रही है।

**महिलाओं को मिला सपोर्ट:** शालिनी विजय जो रंगमंच से पिछले कई सालों से जुड़ी हुई हैं। अब तक उन्होंने लगभग तीस प्ले में अभिनय किया है। जिसमें शहर के जाने माने नाटककारों जैसे स्वर्गीय जुगल किशोर, चित्रा मोहन, सूर्यमोहन आदि के निर्देशन में भी काम कर चुकी हैं। उन्होंने बताया कि शादी के बाद से रंगमंच से जुड़ी। महिलाओं के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा रंगमंच पर महिलाओं को ज्यादा सपोर्ट मिलता है। जिसकी वजह से अब लड़कियां ज्यादा आ रही है। मगर उनमें काम करने का क्रेज कम और शोहरत पाने का ज्यादा है जिसके चलते वो ज्यादा देर तक रुक नहीं पाती।

**महिला सशक्तीकरण के मुद्दे प्रमुख:** रंगकर्मी सीमा मोदी पिछले कई सालों से रंगमंच से जुड़ी हैं और वो नाटक के जरिये महिला सशक्तिकरण के मुददे को उठाती है। अब तक लगभग 15 से अधिक नाटकों और कई फिल्मों में काम कर चुकी हैं और महोत्सव में उनके द्वारा निर्देशित नाटक तुम्हें छू लू जरा को बहुत ही पसंद किया गया। उन्होंने कहा कि जहां तक रंगमंच में सपोर्ट की बात है तो मुझे परिवार से बहुत ही सपोर्ट मिला। रिहर्सल और परिवार के बीच सामंजस्य बैठाना बहुत ही मुश्किल होता है।

**आज तो काफी असानी:** सीनियर रंगकर्मी अचला बोस ने अब तक सौ से ज्यादा प्ले किये हैं। उनको रंगमंच से जुड़े हुए तीस साल हो गये। उन्होंने बताया कि शुरू में बहुत दिक्कत आती थी रिहर्सल शाम को होती थी। इसलिए घर से जल्दी परमिशन नहीं मिलती थी आज के समय में लड़किया ज्यादा बोल्ड हो गई है फिर भी परिवार की ओर से ऐसी दिक्कत का होना स्वाभाविक है। इसलिए मैंने तो जो लड़किया थियेटर से जुड़ना चाहती है उनके घर तक छोड़ने की जिम्मेदारी उठाई प्ले के रिहर्सल के बाद उनको घर तक छोड़ने की जिम्मेदारी उठाई है जिसके चलते परिवार से ज्यादा दिक्कत नहीं होती है।

**पति का मिला पूरा सपोर्ट:** रंगमंच से जुड़ने की ख्वाहिश बहुत पहले से थी मगर परिवार के विरोध के चलते कभी ज्वाइन नहीं कर पाई फिर शादी के बाद पति से अपनी इच्छा बताई तो उन्होने हां कर दी और मेरा हर कदम पर सपोर्ट किया। ये कहना है नाज खान का जो रंगमंच से दो साल पहले जुड़ी हैं और अब तक 15 नाटकों में काम कर चुकी हैं और दो नाटकों का निर्देशन भी कर चुकी हैं। इसके अलावा कई फिल्मों में छोटे रोल भी कर चुकी हैं। रंगमंच पर महिलाओं के जुड़ने की बात पर उन्होंने कहा कि रंगमंच में लड़कियों के लिए काफी स्कोप है बशर्ते वो रंगमंच के प्रति समर्पण का भाव रखें।

**रंगमंच दिवस की शुरूआत:** विश्व रंगमंच दिवस की स्थापना 1961 में इंटरनेशनल थियेटर इंस्टीट्यूट द्वारा की गई थी। इस दिन को मनाने का उद्देश्य नाटकों के प्रति जागरूकता व नाटकों की मनोरंजन व मनुष्य के जीवन में बदलाव की भूमिका है। इस दिन का एक महत्त्वपूर्ण आयोजन अंतरराष्ट्रीय रंगमंच संदेश है। 1962 में पहला अंतरराष्ट्रीय रंगमंच संदेश फ्रांस की जीन काक्टे ने दिया था। 2002 में यह संदेश भारत के प्रसिद्ध रंगकर्मी स्व. गिरीश कर्नाड द्वारा दिया गया। इस बार का संदेश पाकिस्तान के अजोका थियेटर के प्रमुख शाहिद नदीम द्वारा दिया गया।

# 'मोटी सेठानी' फिल्म देख भक्ति भाव में डूबे भक्त

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** 26 मार्चको पूरे भारत में रिलीज हुई मोटी सेठानी फिल्म का शो लखनऊ शहर के सिनेमाघरों में चल रहा हैं जिसमें श्री दादी के भक्त बड़ी संख्या में फिल्म देखने पहुंच रहे हैं मोटी सेठानी फिल्म में राणी सती दादी के जन्म, उनके संघर्ष, उनके सतीत्व की महान गाथा तथा उनकी दिव्य कृपा को बड़े ही सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया गया है।

अयोध्या मार्ग स्थित क्राउन मॉल मे पीवीआर इनोक्स में श्री दादी मित्र मंडल द्वारा शाम 4 बजे का फिल्म शो बुक करके फ्री मूवी दिखाई गई जिसकी शुरूआत श्री दादी जी मित्र मंडल लखनऊ परिवार के सदस्य दिनेश मेघदूत अग्रवाल, महेश अग्रवाल, सतीश अग्रवाल, अनुराग साहू, पूनम अग्रवाल मेघदूत, जया गर्ग, रूपेश अग्रवाल, राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय, वीरेंद्र अग्रवाल, राहुल अग्रवाल मंगल गीत गाकर कर किया।

श्री दादी मित्र मण्डल के दिनेश मेघदूत अग्रवाल ने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में इस धार्मिक आयोजन में भाग लेने की अपील की है। यह फिल्म दर्शकों को राणी सती दादी के आदर्शों और उनके त्याग की प्रेरणा देती है। भारत के विभिन्न राज्यों में स्थित अनेकों राणी सती मंदिरों में भक्त समय-समय पर मंगल पाठ एवं भजन-कीर्तन के माध्यम से दादी की महिमा का गुणगान करते हैं। यह फिल्म समाज के लिए एक आध्यात्मिक प्रेरणा का स्त्रोत बनी हुई है। राणी सती दादी के प्रति समाज की अटूट श्रद्धा और उत्साह देखकर हृदय भावविभोर हो उठा। हम सभी श्रद्धालुओं का आभार प्रकट करते हैं।

# दो शुभ योग में मासिक शिवरात्रि आज, भोले बाबा की होगी पूजा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** हर माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मासिक शिवरात्रि का पर्व मनाया जाता है। इस दिन शिव परिवार की आराधना की जाती है। धार्मिक मान्यता है कि इस व्रत को रखने से दांपत्य जीवन में सुख-समृद्धि बनी रहती है। इस व्रत से विवाहित महिलाओं के सौभाग्य में वृद्धि होती है, जबकि अविवाहित कन्याओं को उत्तम वर प्राप्ति का आशीर्वाद मिलता है।

इस बार की मासिक शिवरात्रि पर विशेष संयोगों बन रहे हैं। पंचांग के अनुसार इस वर्ष चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि 27 मार्च गुरुवार को रात 11:03 बजे से प्रारंभ होकर 28 मार्च, शुक्रवार को शाम 7:55 बजे तक रहेगी। इस दिन निशिता काल में पूजन का विशेष महत्व होने के कारण मासिक शिवरात्रि का पर्व 27 मार्च, गुरुवार को मनाया जाएगा। इस बार मासिक शिवरात्रि पर दो शुभ योग बन रहे हैं। सुबह 9:25 बजे तक साध्य योग रहेगा, जिसे सफलता व सिद्धि दिलाने वाला माना जाता है। इसके बाद शुभ योग प्रारंभ होगा, जो अगले दिन 28 मार्च को सुबह 5:57 बजे तक प्रभावी रहेगा। इसके अलावा दिनभर शतभिषा नक्षत्र रहेगा, जो 12:34 बजे समाप्त होगा और इसके बाद पूर्व भाद्रपद नक्षत्र का प्रभाव शुरू होगा।

**मासिक शिवरात्रि का महत्व:** इस दिन व्रत रखकर भगवान शिव की उपासना करने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। शिव कृपा से कष्टों, रोगों और दोषों का निवारण होता है। रात्रि में विशेष रूप से शिव मंत्रों का जाप करने से आध्यात्मिक लाभ मिलता है। साथ ही रुद्राभिषेक कराने से भी शुभ फल प्राप्त होते हैं।

**मासिक शिवरात्रि की पूजा विधि:** मासिक शिवरात्रि का पूजन करने के लिए सबसे पहले सुबह ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान आदि करें और साफ-सुथरे वस्त्र धारण करें. घर के मंदिर की साफ-सफाई करें, दीप प्रज्वलित करें, शिवलिंग का गंगाजल, दूध, दही, घी, शहद से अभिषेक करें। मां पार्वती और गणेश भगवान की पूजा करने का भी इस दिन विशेष महत्व होता हैं. पूजा के दौरान ओम नमः शिवाय मंत्र का जाप करें, भगवान भोलेनाथ को उनका प्रिय भोग अर्पित करें। आप खीर या दूध की मिठाई उन्हें भोग स्वरूप अर्पित कर सकते हैं। भगवान भोलेनाथ का ध्यान करें. इस दिन व्रत कर रहे हैं तो सात्विक चीजों का सेवन करें और रात्रि जागरण कर भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना सच्चे मन से करें।

# अवध के साहित्य के बिना हिन्दी सिनेमा अधूरा है : प्रो. सतीश द्विवेदी

● हिन्दी साहित्य व सिनेमा में अवध की भूमिका पर हुआ संगोष्ठी का आयोजन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** खुन खुन जी गर्ल्स पी.जी कॉलेज में हिन्दी विभाग द्वारा उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा प्रायोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसका विषय था हिंदी साहित्य व सिनेमा में अवध की भूमिका।

संगोष्ठी का प्रारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ तत्पश्चात सभी सम्मानित अतिथियों का स्वागत स्मृतिचिन्ह एवं पुष्प गुच्छ देकर किया गया।

संगोष्ठी के मुख्य अतिथि प्रोफेसर सतीश द्विवेदी निवर्तमान मंत्री बेसिक शिक्षा उत्तर प्रदेश सरकार एवं प्रोफेसर बुद्ध विद्यापीठ सिद्धार्थ नगर, उत्तर प्रदेश ऑनलाइन माध्यम से जुड़े, उन्होंने अपने वक्तव्य मे कहा कि अवध के साहित्य के बिना हिन्दी सिनेमा अधूरा है। उन्होंने कहा कि साहित्य के शब्द सिनेमा के दृश्यों के माध्यम से समाज तक पहुँच जाते हैं। उद्घाटन सत्र के बीज वक्ता प्रोफेसर शैलेंद्र नाथ मिश्रा विभागाध्यक्ष हिंदी विभाग श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज गोंडा ने बताया कि हिन्दी साहित्य के विकास में अवध का महत्पूर्ण योगदान हैं। नाटक, कहानी, उपन्यास, व्याकरण, सूफी सभी विधाओं का प्रारम्भ और विकास अवध की भूमि से शुरू हुआ हैं। इन्होने कहा कि अवधी समय और स्थान की भाषा हैं, उन्होंने अवधी भाषा के चार स्वरूपों की चर्चा की। उद्घाटन सत्र के विशिष्ट वक्ता श्री राम बहादुर मिश्रा अवध भारती संस्थान के अध्यक्ष ने कहा कि अवधी भाषा ना केवल अवध में अपितु विश्व के विभिन्न देशों जैसे थाईलैंड, सुरीनाम, नेपाल और मारीशस में भी अपना वर्चस्व बनाने में कामयाब रही हैं। उन्होंने कई फिल्मो ( नदिया के पार, पाकीजा ) के माध्यम से अवधी भाषा के महत्व को बताया।

उद्घाटन सत्र की अध्यक्षा विद्या विन्दु ने विभिन्न कहानियों एवं लोकगीतो के माध्यम से अवध, उसकी विशिष्टता और उसके संस्कारो की चर्चा की विशेष सत्र जो कि फिल्म और साहित्य के अंतः सम्बन्ध पर आधारित सत्र था इसके अंतर्गत मुख्य वक्ता डॉ मीनू खरे आकाशवाणी लखनऊ ने विभिन्न साहित्यकारोंएवं रचनाकारों के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला. उन्होंने भगवती चरण वर्मा के उपन्यास चित्रलेखा एवं अमृत लाल नागर के बूंद और समुद्र की विशेषताओ से परिचित कराया। उन्होंने कहा कि इन रचनाओं ने नवाबी दौर से ब्रिटिश काल तक के सामाजिक परिवर्तन को दशार्या है। उन्होंने भगवती चरण वर्मा उपन्यास चित्रलेखा की उन लाइनो पर प्रकाश डाला कि पाप और पुण्य का निर्धारण परिस्थिति के द्वारा होता हैं जो आज के लिए बहुत प्रासंगिक है 'विशेष सत्र की विशिष्ट वक्ता डॉक्टर नीरा जलक्षत्रि ( लेखिका व फिल्म निमार्ता ) ने अपने वक्तव्य में फिल्म मेकिंग के वारे में विस्तार से बताया और 2 शार्टफिल्म द बिगनिग, द लास्ट लेटर दिखाई. उन्होंने कहा कि अवध के साहित्य का सिनेमा की भाषा को सुधारने में महत्व पूर्ण योगदान रहा।

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा देती है 'कृष्णा' : अवधेश

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भोजपुरी सिनेमा में सामाजिक कहानियों का जोर खूब चलता है। गांव की मिट्टी से जुड़ी एक ऐसी ही भावुक कर देने वाली फिल्म है प्रीति सिंह और विमल पांडे की 'कृष्णा'। इस फिल्म का ट्रेलर तीन दिन पहले रिलीज हुआ है और इसे देखते ही देखते करीब 3 लाख से अधकि व्यूज मिल चुके हैं। 'तकनीशियन फिल्म फैक्टरी क्रिएशन' के बैनर तले बनी निमार्ता पराग पाटिल, आर आर प्रिंस और अभिनेता अवधेश मिश्रा की यह फिल्म आपको करीब 4 मिनट के ट्रेलर में ही भावुक कर देगी। कृष्णा' का निर्देशन आनंद सिंह ने किया है। यह फिल्म महिलाओं के संघर्ष, सशक्तिकरण और समाज में उनके हक की लड़ाई का संदेश देती है। 3 मिनट 57 सेकेंड के ट्रेलर में जबरदस्त एक्शन भी और इमोशन भी। कहानी एक ऐसी बच्ची कृष्णा की है, जिसके मां-बाप नहीं हैं। उसके मामा ने भी उसे पाला है। हालांकि, मामी को वह कभी पसंद नहीं आई। बचपन से ही दर्द झेल रही कृष्णा की जिंदगी तब बदल जाती है, जब उसकी शादी होती है। जिंदगी में खुशियों की बारिश होती है। लेकिन तभी एक हादसे में वह अपना दोनों हाथ खो देती है। कृष्णा की जिंदगी में दुख और संघर्ष का पहाड़ टूट पड़ता है। लेकिन वह हार नहीं मानना चाहती। वह अब एक तीरंदाज बनना चाहती है। देश के लिए मेडल जीतना चाहती है। दोनों हाथ नहीं होने के बावजूद, कृष्णा अपने पैरों को ही अपनी ताकत बनाती है। अवधेश मिश्रा कहते हैं, 'फिल्म 'कृष्णा' नारी शक्ति के महत्व को दशार्ते हुए सामाजिक बंधनों को तोड़ने और महिलाओं के आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा देती है।' निमार्ता पराग पाटिल ने कहा, 'यह फिल्म महिलाओं की हकीकत और उनकी संघर्ष गाथा को बड़े पर्दे पर जीवंत करेगी। हमें उम्मीद है कि यह दर्शकों को न केवल पसंद आएगी बल्कि उन्हें प्रेरित भी करेगी।''कृष्णा' में विमल पांडे, प्रीति सिंह और अवधेश मिश्रा के अलावा निशा तिवारी, संजय पांडे और बीना पांडे प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

# छोहरिया माता मंदिर में सात अप्रैल को 90 जोड़े लेंगे सात फेरे




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। चिनहट स्थित मां सिद्धिदात्री छोहरिया माता मंदिर परिसर में सात अप्रैल ( दशमी तिथि ) को 25वां गरीब कन्याओं का सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया जाएगा।

यह जानकारी बुधवार को मंदिर महंत व मुख्य सेवक लल्ला बाबा ने दी। उन्होंने बताया कि वासंतिक नवरात्र में होने वाले सामूहिक विवाह के आयोजन में 86 कन्याओं का रजिस्ट्रेशन हो चुका है। उम्मीद है कि 90 से अधिक जोड़े इस बार मंदिर में सात फेरे लेंगे। वहीं नवमी व दशमी को मेला और भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। विवाह का आयोजन सभी के सहयोग से होता है। इस मौके पर महंत लल्ला बाबा, संरक्षक शैलेन्द्र पांडेय शैलू, पूर्व प्रधान संदीप सिंह रिंकू, डीपी यादव ने सामूहिक विवाह के कार्ड का अनावरण किया।

# पिता-पुत्री के खूबसूरत रिश्ते पर आधारित है फिल्म 'बी हैप्पी'

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




● कलाकार : अभिषेक बच्चन, इनायत वर्मा, नोरा फतेही, नासर
● निर्देशक : रेमो डिसूजा
रेटिंग-2/5

**लखनऊ।** कोरियोग्राफर से निर्देशक बनें रेमो डिसूजा उन फिल्ममेकर्स में हैं जिन्हें डांस आधारित फिल्मों से खासा लगाव रहा है। उनकी पूववर्ती फिल्म एबीसीडी : एनी बडी कैन डांस में डांस कंप्टीशन था। इसकी सीक्वल एबीसीडी 2 में यह क्रम जारी रहा और दर्शकों को उन्होंने खूब झूमाया। फिर स्ट्रीट डांसर 3 डी लेकर आए जो दर्शकों को थिरकाने में नाकामयाब रही।

अब बी हैप्पी के जरिए एक बार फिर रेमो डांस की पृष्ठभूमि में पिता पुत्री की भावनात्मक कहानी को लाए हैं जिसमें डांस तो है लेकिन पैर थिरकते नहीं हैं। शीर्षक भी कहानी से मेल नहीं खाता है। कहानी ऊटी में रहने वाले शिव रस्तोगी ( अभिषेक बच्चन ), उनकी बेटी धारा ( इनायत वर्मा ) की है। बैंक में कार्यरत शिव के साथ उसके ससुर नादर ( नासर ) भी रहते हैं। आठ साल पहले एक सड़क हादसे में धारा की मां रोहिणी ( हरलीन सेठी ) का देहांत हो गया था। धारा का सपना देश के सबसे प्रतिष्ठित डांस रियलिटी शो में परफार्म करने का है। स्कूल में डांस कंप्टीशन में जीतने पर धारा को डांस टीचर मैगी ( नोरा फतेही ) मुंबई आने को कहती हैं ताकि उसे प्रशिक्षित कर सकें। शुरूआती इनकार के बाद शिव ट्रांसफर लेकर धारा के साथ मुंबई आ जाता है।

बेटी के सपने को पूरा करने में साथ देता है। वह रियलिटी शो के फिनाले में पहुंच भी जाती है। फिर पता चलता है कि उसे बोन कैंसर है। क्या फिनाले में परफार्म करने का उसका सपना अधूरा रह जाएगा या शिव इस सपने को हकीकत बनाएगा? कहानी इस संबंध में है। रेमो डिसूजा लिखित और निर्देशित इस कहानी की कमजोर कड़ी यही है कि इसमें कोई नयापन नहीं है। फिल्म की कहानी बहुत सपाट तरीके से आगे बढ़ती है। एक पिता का अपने बच्चे की जिद को शुरू में इनकार करना फिर उसमें साथ देना में कोई नयापन नहीं है। शिव डांस को हॉबी के तौर पर देखता है करियर के तौर पर नहीं। पर उसके पीछे की वजह स्पष्ट नहीं है। करीब पांच साल बाद निर्देशन में वापसी करने वाले डेमो डिसूजा खुद बेहतरीन कोरियोग्राफर हैं। वह कई रियलिटी शो के जज रह चुके हैं, जहां उन्होंने कई शानदार परफार्मेंस देखी हैं। यहां पर डांस रियलिटी शो कहानी का अहम हिस्सा है तो डांस की कई परफार्मेंस भी कहानी का हिस्सा बनते हैं लेकिन वह इतनी शानदार नहीं बनी है कि आपके पांव थिरकने लगे। फिल्म में रियलिटी शो के एक्ट को शानदार तरीके से प्रस्तुत करने में वह चूक गए है। मुंबई आने पर कोई भी धारा से दोस्ती क्यों नहीं करता? उसकी वजह रेमो ही बेहतर बता पाएंगे। उसी तरह रियलिटी शो में चयन प्रक्रिया में भाग लेने के दौरान ही नर्वस दिखती है फिर सब आसानी से होता दिखता है। धारा की मां का डांस से क्या लगाव रहा इस पर भी फिल्म बात नहीं करती है। फिल्म में नासर ही एकमात्र किरदार है जो तमिल बोलता है। बाकी किरदार सपाट हिंदी में यह भी थोड़ा अटपटा लगता है। अभिषेक अपनी उम्र से मेल खाते पात्रों को इन दिनों तरजीह दे रहे हैं। बीते दिनों रिलीज फिल्म आइ वांट टू टाक में अभिषेक एक बेटी के पिता की भूमिका में दिखे थे। अब बी हैप्पी में एक बार फिर पिता की भूमिका में हैं। यहां पर उनके किरदार में कई परतें हैं। एक सख्त पिता से लेकर धारा का डांस पार्टनर बनना हो या उसके मनोबल को बनाए रखने को लेकर बैंकिंग की भाषा में समझाना अपनी इस भूमिका में वह जंचते हैं। फिल्म का आकर्षण इनायत वर्मा हैं। डांस परफॉर्मेंस हो या भावनात्मक दृश्य वह अपनी भूमिका को शिद्दत से जीती नजर आती हैं। दोनों इससे पहले फिल्म लूडो में भी एकसाथ काम कर चुके हैं। मैगी की भूमिका में नोरा फतेही को डांस दिखाने का मौका मिला है लेकिन चेहरे पर भावों की कमी साफ झलकती है। नाना की भूमिका में नासर याद रह जाते हैं। जानी लिवर का किरदार अधकच्चा है। वह बेवजह ठूंसा गया लगता है। फिल्म में डायलाग है कि फाइनल में जीत या हार नहीं परफार्मेंस मायने रखती है। तीन डांस आधारित फिल्में बना चुके रेमो को इस संवाद की तरह अब डांस आधारित फिल्म में कुछ नया परफार्म करने की जरूरत है।

# छपरा, तिरुचिरापल्ली और दरभंगा के लिए चलेंगी विशेष ट्रेनें



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की भारी भीड़ को ध्यान में रखते हुये 05299 मुजफ्फरपुर-तिरुच्चिराप्पल्लि विशेष गाड़ी वाया गोरखपुर का मुजफ्फरपुर से 29 मार्च शनिवार को इकहरी यात्रा के लिये किया जायेगा।

05299 मुजफ्फरपुर-तिरुच्चिराप्पल्लि विशेष गाड़ी 29 मार्च शनिवार को मुजफ्फरपुर से 14.00 बजे प्रस्थान कर हाजीपुर से 15.10 बजे, छपरा से 16.50 बजे, सीवान से 18.00 बजे, गोरखपुर से 20.10 बजे, दूसरे दिन ऐशबाग से 01.20 बजे, कानपुर सेंट्रल से 03.00 बजे, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी जं. से 06.35 बजे, भोपाल से 10.40 बजे, नागपुर से 16.50 बजे, बल्हारशाह से 20.25 बजे, तीसरे दिन विजयवाड़ा से

04.30 बजे, गूडूर से 09.05 बजे तथा चेन्नै एग्मुंबूर से 12.15 बजे छूटकर तिरुच्चिराप्पल्लि 18.30 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में एस.एल.आर. के 02, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 08 तथा शयनयान श्रेणी के 06 कोचों सहित कुल 16 कोच लगाये जायेंगे।

जबकि 05581 दरभंगा-आनन्द विहार टर्मिनल विशेष गाड़ी वाया गोरखपुर का संचलन दरभंगा से 02 अप्रैल बुधवार को इकहरी यात्रा के लिये किया जायेगा। 05581 दरभंगा-आनन्द विहार टर्मिनल विशेष गाड़ी 02 अप्रैल बुधवार को दरभंगा से 18.30 बजे प्रस्थान कर कमतौल से 19.42 बजे, सीतामढ़ी से 20.25 बजे, बैरगनियां से 21.10 बजे, रक्सौल से 22.25 बजे, सगौली से 22.55 बजे, बेतिया से 23.22 बजे, नरकटियागंज से 23.55 बजे, दूसरे दिन बगहा से 00.42 बजे, गोरखपुर से 04.00 बजे, बस्ती से 05.02 बजे, गोंडा से 06.32 बजे, सीतापुर से 08.40 बजे, मुरादाबाद से 15.10 बजे तथा गाजियाबाद से 17.05 बजे छूटकर आनन्द विहार टर्मिनल 18.00 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में एस.एल.आर. के 02 तथा सामान्य द्वितीय श्रेणी के 19 कोचों सहित कुल 21 कोच लगाये जायेंगे।

इसी क्रम में 02270/02269 लखनऊ (उत्तर रेलवे)-छपरा-लखनऊ (उत्तर रेलवे) वंदे भारत विशेष गाड़ी का संचलन 27 मार्च से 26 अप्रैल तक प्रत्येक सोमवार, बुधवार, बृहस्पतिवार, शुक्रवार, शनिवार एवं रविवार (मंगलवार को छोड़कर) को 27 फेरों के लिये किया जायेगा।

02270 लखनऊ (उत्तर रेलवे)-छपरा वंदे भारत विशेष गाड़ी 27 मार्च से 26 अप्रैल तक प्रत्येक सोमवार, बुधवार, बृहस्पतिवार, शुक्रवार, शनिवार एवं रविवार (मंगलवार को छोड़कर) को लखनऊ (उत्तर रेलवे) से 14.15 बजे प्रस्थान कर सुल्तानपुर से 16.07 बजे, वाराणसी जं. से 18.25 बजे, गाजीपुर सिटी से 19.35 बजे, बलिया से 20.25 बजे तथा सुरेमनपुर से 20.57 बजे छूटकर छपरा 21.30 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में, 02269 छपरा-लखनऊ (उत्तर रेलवे) वंदे भारत विशेष गाड़ी 27 मार्च से 26 अप्रैल तक प्रत्येक सोमवार, बुधवार, बृहस्पतिवार, शुक्रवार, शनिवार एवं रविवार (मंगलवार को छोड़कर) को छपरा से 23.00 बजे प्रस्थान कर सुरेमनपुर से 23.37 बजे, दूसरे दिन बलिया से 00.07 बजे, गाजीपुर सिटी से 01.01 बजे, वाराणसी जं. से 02.35 बजे तथा सुल्तानपुर से 04.50 बजे छूटकर लखनऊ (उत्तर रेलवे) 06.30 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में वंदे भारत के कुल 08 कोच लगाये जायेंगे।

## नवरात्र में मैहर स्टेशन पर दिया गया अनेक ट्रेनों का ठहराव

- मां मैहर के दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं को मिलेगी सहुलियत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। रेलवे प्रशासन द्वारा नवरात्रि मेला के अवसर पर श्रद्धालु यात्रियों की सुविधा हेतु पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मण्डल के मैहर स्टेशन पर अनेक गाड़ियों का 05 मिनट का ठहराव प्रदान किया जायेगा।

लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 30 मार्च से 11 अप्रैल तक चलने वाली 11055 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर एक्सप्रेस, मैहर स्टेशन पर 03.15 बजे पहुंचकर 03.20 बजे छूटेगी। जबकि लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 29 मार्च से 10 अप्रैल तक चलने वाली 11059 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-छपरा एक्सप्रेस, मैहर स्टेशन पर 03.15 बजे पहुंचकर 03.20 बजे छूटेगी। पुरट्चि तलैवर डॉ0 एम.जी. रामचंद्रन (चेन्नै सेंट्रल) से 29 मार्च से 07 अप्रैल तक चलने वाली 12669 पुरट्चि तलैवर डॉ0 एम.जी. रामचंद्रन (चेन्नै सेंट्रल)-छपरा एक्सप्रेस, मैहर स्टेशन पर 20.50 बजे पहुंचकर 20.55 बजे छूटेगी। वलसाड से 29 मार्च से 05 अप्रैल तक चलने वाली 19051 वलसाड-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस, मैहर स्टेशन पर 15.05 बजे पहुंचकर 15.10 बजे छूटेगी। लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 31 मार्च से 07 अप्रैल तक चलने वाली 15268 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-रक्सौल एक्सप्रेस, मैहर स्टेशन पर 10.40 बजे पहुंचकर 10.45 बजे छूटेगी। दुर्ग से 02 से 11 अप्रैल तक चलने वाली 18201 दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस, मैहर स्टेशन पर 05.35 बजे पहुंचकर 05.40 बजे छूटेगी। पुणे से 03 से 10 अप्रैल तक चलने वाली 11037 पुणे-गोरखपुर एक्सप्रेस, मैहर स्टेशन पर 11.05 बजे पहुंचकर 11.10 बजे छूटेगी। पुणे से 31 मार्च से 07 अप्रैल तक चलने वाली 22131 पुणे-बनारस एक्सप्रेस, मैहर स्टेशन पर 11.05 बजे पहुंचकर 11.10 बजे छूटेगी। सूरत से 30 मार्च से 11 अप्रैल तक चलने वाली 19045 सूरत-छपरा एक्सप्रेस, मैहर स्टेशन पर 02.30 बजे पहुंचकर 02.35 बजे छूटेगी। गोरखपुर से 30 मार्च से 11 अप्रैल तक चलने वाली 11056 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस, मैहर स्टेशन पर 20.25 बजे पहुंचकर 20.30 बजे छूटेगी। छपरा से 31 मार्च से 12 अप्रैल तक चलने वाली 11060 छपरा-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस, मैहर स्टेशन पर 20.25 बजे पहुंचकर 20.30 बजे छूटेगी। छपरा से 31 मार्च से 09 अप्रैल तक चलने वाली 12670 छपरा-पुरट्चि तलैवर डॉ0 एम.जी. रामचंद्रन (चेन्नै सेंट्रल) एक्सप्रेस, मैहर स्टेशन पर 07.25 बजे पहुंचकर 07.30 बजे छूटेगी। मुजफ्फरपुर से 31 मार्च से 07 अप्रैल तक चलने वाली 19052 मुजफ्फरपुर-वलसाड एक्सप्रेस, मैहर स्टेशन पर 11.40 बजे पहुंचकर 11.45 बजे छूटेगी। रक्सौल से 29 मार्च से 05 अप्रैल तक चलने वाली 15267 रक्सौल-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस, मैहर स्टेशन पर 11.25 बजे पहुंचकर 11.30 बजे छूटेगी। नौतनवा से 30 मार्च से 11 अप्रैल तक चलने वाली 18202 नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस, मैहर स्टेशन पर 01.55 बजे पहुंचकर 02.00 बजे छूटेगी। गोरखपुर से 29 मार्च से 05 अप्रैल तक चलने वाली 11038 गोरखपुर-पुणे एक्सप्रेस, मैहर स्टेशन पर 04.20 बजे पहुंचकर 04.25 बजे छूटेगी। बनारस से 02 से 09 अप्रैल तक चलने वाली 22132 बनारस-पुणे एक्सप्रेस, मैहर स्टेशन पर 11.25 बजे पहुंचकर 11.30 बजे छूटेगी। छपरा से 30 मार्च से 12 अप्रैल तक चलने वाली 19046 छपरा-सूरत एक्सप्रेस, मैहर स्टेशन पर 22.45 बजे पहुंचकर 22.50 बजे छूटेगी।

# सीआरएस ने मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. व गौरा रेलपथ का किया निरीक्षण

- दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण कार्य पूर्ण होने से समयपालन, सुगम परिचालन एवं संरक्षा में होगी वृद्धि

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल के माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं.- गौरा रेलखंड के 24.07 किमी. रेलपथ के दोहरीकृत एवं विद्युतीकृत रेल मार्ग के कार्य का बुधवार को रेल संरक्षा आयुक्त, उत्तर परिमंडल दिनेश चंद देशवाल द्वारा निरीक्षण किया गया। आज के इस दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण कार्य के उपरांत माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. से जंघई (53 डट) रेल खंड में माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. से गौरा (24.07 डट) के मध्य रेल मार्ग दोहरीकृत/विद्युतीकृत हो जायेगा। इस रेल खण्ड से हो कर गुजरने वाली ट्रेनों के संचालन में सुधार, तथा समय की बचत होगी साथ ही दुर्घटनाओं की संभावना भी कम हो जाएगी।



अपने इस निरीक्षण के दौरान रेल संरक्षा आयुक्त, उत्तर परिमंडल, श्री दिनेश चंद देशवाल ने माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., पिरथी गंज एवं माँ बाराही देवी धाम दांदूपुर स्टेशनों का निरीक्षण करते हुए स्टेशन की नई बिल्डिंग, रिले रूम, संरक्षा संबंधी कार्यालयों व अभिलेखों, संरक्षा के सभी आवश्यक मानकों, संसाधनों, उपकरणों इत्यादि का विधिवत निरीक्षण किया। उन्होंने रेलपथ सहित अन्य समस्त आवश्यक प्रक्रियाओं का मोटरट्रॉली द्वारा माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं.- गौरा के मध्य गहनता से निरीक्षण किया तथा मार्ग में पड़ने वाले लेवल क्रॉसिंग, सिग्नलिंग व्यवस्था तथा रेलपथ की संरक्षा की व्यवस्थाओं को देखा और इस संबंध में अपने आवश्यक सुझाव एवं निर्देश पारित किये। इस बीच रेल संरक्षा आयुक्त, उत्तर परिमंडल दिनेश चंद देशवाल ने माँ बाराही देवी धाम दांदूपुर स्टेशन पर पौधारोपण भी किया एवं मंडल रेल प्रबंधक ने माँ बाराही देवी धाम दांदूपुर स्टेशन पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों व मीडिया कर्मियों से संवाद किया। इसके बाद उन्होंने माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं.- गौरा के मध्य स्पीड ट्रायल किया और रेल परिचालन एवं संरक्षा संबंधी सभी नियमों का पूर्णतया पालन करते हुए कार्य करने पर विशेष बल दिया। इस निरीक्षण में रेल संरक्षा आयुक्त के साथ मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) श्याम सिंह एवं मंडल रेल प्रबंधक एस. एम. शर्मा व विभिन्न विभागों एवं यूनिटों के उच्चाधिकारियों सहित अनेक रेलकर्मी उपस्थित रहे।

# अधिकारी-कर्मचारी हिन्दी में करें विभागीय कार्य : बोरवणकर

- आर.डी.एस.ओ. में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की हुई त्रैमासिक समीक्षा बैठक

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आर.डी.एस.ओ.के महानिदेशक उदय बोरवणकर की अध्यक्षता में बुधवार को राजभाषा कार्यान्वयन समिति की त्रैमासिक समीक्षा बैठक तथा छायावाद की प्रमुख कवयित्री महादेवी वर्मा जी की जयंती का आयोजन किया गया, जिसमें उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला गया।

इस बैठक में महानिदेशक सहित अन्य उपस्थित अधिकारियों ने महादेवी वर्मा जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। बैठक में पिछली तिमाही में राजभाषा के प्रचार-प्रसार और राजभाषा में किए जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गयी। महानिदेशक महोदय ने बैठक के दौरान सभी अधिकारियों से अधिकाधिक कार्य राजभाषा में करने का आग्रह किया। आर.डी.एस.ओ. की मुख्य राजभाषा अधिकारी डॉ. वीणा कुमारी वर्मा ने समिति की बैठक में उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुए राजभाषा संबंधी क्रियाकलापों एवं उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत किया। तत्पश्चात, रेलवे बोर्ड द्वारा संगठन को द्वितीय पुरस्कार के रूप में शिवसागर मिश्र चल वैजयंती, पूर्व अपर महानिदेशक शरद कुमार जैन को रेल मंत्री राजभाषा रजत पदक एवं प्रशस्ति-पत्र तथा दो कार्मिकों को प्राप्त व्यक्तिगत पुरस्कार से समिति के सदस्यों को अवगत कराया गया। राजभाषा अधिकारी कुमार श्रीवास्तव द्वारा विषयगत तिमाही की राजभाषा से संबंधित प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी। आर.डी.एस.ओ.के महेंद्र कुमार गुप्ता, निदेशक/रेलपथ मशीन एवं मॉनिटरिंग निदेशालय द्वारा रेलपथ अभिलेखी यानों द्वारा भारतीय रेलपथों का अभिलेखन विषय पर प्रस्तुति राजभाषा में दी गयी।

# साइकिल यात्रा ने नैमिषारण्य के धार्मिक, ऐतिहासिक स्थलों का किया भ्रमण



लखनऊ। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय से नैमिषारण्य के लिए निकली तीन दिवसीय साइकिल यात्रा के दूसरे दिन नैमिषारण्य के विभिन्न धार्मिक ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण कर उन स्थानों के वैदिक सांस्कृतिक और ऐतिहासिकता को छात्रों ने जाना। साथ ही यात्रा का एक पड़ाव लकड़िया मऊ ग्राम पंचायत रहा। जहां ग्राम प्रधान मोनू कुमार और नैमिषारण्य के अध्यक्ष बबलू सिंह ने विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया। साथ ही छात्रों और ग्रामीणों को जल संचयन पर्यावरण आदि विषयों के प्रति जागरूक किया गया। साइकिल यात्रा एक आंगनबाड़ी केंद्र पर भी गयी। यात्रा का पूरा समन्वय अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. ओपी सिंह ने किया। इस दौरान सहायक कुलसचिव डॉ. आयुष श्रीवास्तव सहायक कुलसचिव सुनील पांडे सहित अन्य कर्मचारियों ने सहयोग किया। शाम को यात्रा हरदोई जिले के भरावन निकली।

# देवी खेड़ा उद्योग व्यापार मंडल का गठन




लखनऊ। राजाजीपुरम परिक्षेत्र उद्योग व्यापार मंडल की इकाई देवी खेड़ा उद्योग व्यापार मंडल का गठन लखनऊ व्यापार मंडल के महामंत्री उमेश कुमार शर्मा की उपस्थिति में किया गया। जिसमें संरक्षक चरणजीत सिंह, पंकज यादव, अध्यक्ष निर्देश यादव वरिष्ठ महामंत्री हिमांशु गुप्ता, कोषाध्यक्ष नरेश राजभर, महामंत्री संदीप निगम, मोनू यादव, सुनील रावत, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सरोज यादव, संजय, श्रीकांत शुक्ला, सुरेश चंद्र, कन्हैया लाल यादव, बलवंत सिंह, उपाध्यक्ष कुंवर पाल यादव, मो. इसरार, मो. अकरम डॉ शोभित जायसवाल, मंजीत यादव, अनिल कुमार शर्मा, वरिष्ठ सचिव छोटू रावत, अरुण ठाकुर, कुलदीप यादव, राजू रावत, सचिन, विशाल तिवारी, सचिव मनीष कुमार, अरविंद मौर्य, राम भरोसे, नीरज विश्वकर्मा, वरिष्ठ सलाहकार रामनरेश मिश्रा, राजेंद्र प्रसाद, सलाहकार अजय पाल, मीडिया प्रभारी गुड्डू यादव, मानसिंह यादव, संगठन मंत्री अमित सिंह यादव को बनाया गया। लखनऊ व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष लल्लन यादव, मध्य विधानसभा महामंत्री सुशील तिवारी सोनू पंडित ने सभी को माला पहनकर स्वागत किया और बधाई दिया। मुख्य रूप से हसखेड़ा के वरिष्ठ महामंत्री राजकुमार विश्वकर्मा, सौरभ शर्मा, दीपक सहगल, सोनू घई, मयंक बाजपेई, अनुराग सिंह, दीपू अग्रवाल, दीपू यादव, अनूप द्विवेदी, अमित मिश्रा, विशाल कोहली, कृपा शंकर मिश्रा, अभिषेक यादव, सुरेंद्र शुक्ला, आदित्य मिश्रा, जसवीर सिंह, गंगा प्रसाद, रामू लोधी, सुनील यादव आदि उपस्थिति रहे।

# फोटोग्रॉफर्स एसोसिएशन ने धूमधाम से मनाया होली मिलन समारोह

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। फोटोग्राफर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश (पीएयूपी) की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन विश्वेश्वरैया भवन कन्वेंशन सेंटर के पीछे ए ब्लॉक इंदिरानगर में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में संगठन के प्रदेश तथा लखनऊ व लखनऊ के आसपास के जिले के पदाधिकारी व फोटोग्राफर मौजूद रहे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में लखनऊ पूर्व विधायक ओपी श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप के पीए यूपी के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश चंद्र वर्मा, महामंत्री सुरेंद्र सिंह विष्ट, प्रवक्ता दीपक कपूर एवं वरिष्ट उपाध्यक्ष विकास बाबू भी उपस्थित रहे तथा लखनऊ टीम संरक्षक सौरभ त्रिपाठी, जिला अध्यक्ष अमर सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजीव टंडन, उपाध्यक्ष पिंकू शुक्ला, जागीर हुसैन, जिला महामंत्री आशीष श्रीवास्तव, सचिव रतन शर्मा, संगठन मंत्री दिलीप मौर्य, सुनील वर्मा, मीडिया प्रभारी सम्राट द्विवेदी, तहसील प्रभारी राजेश पटेल बीकेटी, प्रभारी मोहनलाल गंज सत्येंद्र कुमार साहू, तहसील प्रभारी मलिहाबाद अभिषेक कुमार साहू, प्रभारी इंदिरा नगर राजीव निगम, प्रभारी गोमती नगर अजय तिवारी, प्रभारी विकास नगर नवीन राजपूत, प्रभारी जानकीपुरम पुष्पराज गौड़, प्रभारी बीकेटी उमेश सिंह, प्रभारी चारबाग मोनू जायसवाल और प्रभारी कृष्णा नगर संदीप निगम भी मौजूद रहें।

# आर्म्ड फोर्सेस ट्रिब्यूनल बार एसोसिएशन की नवगठित कार्यकारिणी ने ली शपथ

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** कैंट स्थित सशस्त्र बल अधिकरण में आर्म्ड फोर्सेस ट्रिब्यूनल बार एसोसिएशन की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ-ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ।

सर्वप्रथम बार एसोसिएशन की एल्डर कमेटी चेयरमैन योगेश केसरवानी ने चुनाव परिणाम की औपचारिक घोषणा की। इसके बाद अधिकरण के विभागाध्यक्ष एवं मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति अनिल कुमार ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को शपथ दिलाया, जिसमें अध्यक्ष केके.बिष्ट, महामंत्री गिरीश तिवारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आरके चौहान, उपाध्यक्ष (मध्य) एसएन द्विवेदी एवं मो.जफर खान, उपाध्यक्ष (कनिष्ठ) आदेश कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष श्रीमती कविता मिश्रा, संयुक्त-सचिव मनोज कुमार अवस्थी एवं कर्मराज सिंह, सदस्य राहुल पाल, सरोज, रामकांत, आरकेसिंह, आरकेयादव और एमकेयादव शामिल थे' नवगठित कार्यकारिणी द्वारा चेयरमैन योगेश केसरवानी, अनुशासन समिति अध्यक्ष डॉ.चेतनारायण सिंह, चुनाव अधिकारी विजय कुमार पाण्डेय, सहायक चुनाव अधिकारी राजीव पाण्डेय, आशीष कुमार सिंह, विष्णुकांत अवस्थी एवं अमित कुमार बाजपेयी को प्रशस्ति-पत्र और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति अनिल कुमार, विशिष्ट अतिथि जानकी शरण पाण्डेय और निवर्तमान अध्यक्ष डॉ ज्ञान सिंह ने कार्यकारिणी को सहयोग देने और सफलतापूर्वक कार्य करने के लिए बधाई दी। कार्यक्रम में प्रशासनिक सदस्य वाईस एडमिरल अतुल कुमार जैन, ले०जनरल अनिल पुरी, मेजर जनरल संजय सिंह, रजिस्ट्रार दुष्यंत दत्त, संयुक्त-रजिस्ट्रार ले०कर्नल सीमित कुमार, डिप्टी-रजिस्ट्रार सचींद्र पाल सिंह, लिटिगेशन इंचार्ज भारत सरकार डॉ.शैलेन्द्र शर्मा 'अटल', अवध बार के पूर्व अध्यक्ष आरके चौधरी, पूर्व चेयरमैन एवं सदस्य बार काउंसिल उत्तर प्रदेश, लखनऊ बार के अध्यक्ष रमेश तिवारी, महामंत्री बृजभान सिंह भानु', सेंट्रल बार से वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह, मनदीप सिंह, सत्येंद्र कुमार मिश्रा एवं आदि लोग शामिल थे।

# खेलो इंडिया पैरा गेम में कांस्य पदक विजेताओं का हुआ सम्मान



लखनऊ। डॉ शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के चार खिलाड़ियों (हमिद सलमानी, प्रहलाद, संजना कुमारी, कुमार सर्वेश) ने नई दिल्ली में 20 से 22 मार्च तक आयोजित हुए खेलो इंडिया पैरा बैडमिंटन गेम में कांस्य पदक जीत कर विश्वविद्यालय एवं देश का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में कुलपति प्रो. संजय सिंह द्वारा विजेता खिलाड़ियों एवं उनके प्रशिक्षक इरशाद अहमद का सम्मान किया गया। इस अवसर पर विचार व्यक्त करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति ने कहा कि हमारे विश्वविद्यालय के दिव्यांग खिलाड़ियों ने अपने भौतिक अवरोधों को तोड़ते हुए जिस प्रकार देश और दुनिया में अपनी पहचान बनाई वह आज की पीढ़ी के लिए एक मिसाल है। मैं इन्हें देश का नाम अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्थापित करने एवं भविष्य में अपनी खेल प्रतिभा को और भी उन्नत बनाने की शुभकामना देता हूं। पुनर्वास विश्वविद्यालय पैरा खिलाड़ियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। विश्वविद्यालय का विशिष्ट स्टेडियम और हमारे प्रशिक्षण का ही परिणाम है की हमारे खिलाडी राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग विजेता घोषित हो रहे है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव रोहित सिंह, अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो वी के सिंह, कुलानुशासक प्रो सी के दीक्षित, क्रीड़ा एवं योग प्रकोष्ठ के निदेशक, प्रो. पी. राजीवनयन, प्रो. यशवंत वीरोदय, डॉ अशोक मिश्रा, डॉ डीसी शर्मा, डॉ सौम्या शंकर आदि उपस्थित रहे।

# कला निकेतन सोसाइटी ने शुरू की कार्यशाला



मलिहाबाद, धर्मानगरी। कला निकेतन सोसाइटी उत्तर प्रदेश द्वारा धर्मानगरी, मलिहाबाद में दो दिवसीय कला कार्यशाला का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यशाला का उद्घाटन कलाकार प्रीति मौर्या ने किया। इस अवसर पर प्रशिक्षक हर्षिका सिंह और शिवम वर्मा ने प्रतिभागियों को चित्रकला की विभिन्न तकनीकों से अवगत कराया। कार्यशाला में लगभग 50 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया, जिन्होंने रंगों और रेखाओं के माध्यम से अपनी रचनात्मकता को निखारने का प्रयास किया। प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को चित्रकला की मूलभूत विधियों, रंग संयोजन और रचनात्मक अभिव्यक्ति के महत्व पर मार्गदर्शन दिया। शुभारंभ के अवसर पर प्रीति मौर्या ने कहा कि ऐसी कार्यशालाएँ न केवल युवा कलाकारों को प्रेरित करती हैं बल्कि उन्हें अपने कौशल को निखारने का अवसर भी प्रदान करती हैं। आयोजकों ने बताया कि कार्यशाला के दूसरे दिन प्रतिभागियों द्वारा बनाए गए चित्रों की एक प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। कार्यशाला में शामिल सभी छात्र-छात्राओं समापन समारोह में उत्कृष्ट कृति के विद्यार्थि को सम्मानित किया जाएगा एवं सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे।

## सीएमएस छात्रों को समाज का आदर्श नागरिक बना रहा है

लखनऊ। सीएमएस के अलीगंज प्रथम कैम्पस द्वारा डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स का आयोजन बुधवार को विद्यालय के प्रांगण में हुआ। मुख्य अतिथि उप्र विधान परिषद् के चेयरमैन कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने सीएमएस की शिक्षा पद्धति की प्रशंसा करते हुए कहा कि छात्रों को समाज का आदर्श नागरिक बना रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही मनुष्य में मानवता का संचार करती है। जब छात्रों को चारित्रिक उत्कृष्टता व जीवन मूल्यों से भरपूर सर्वांगीण व उद्देश्यपूर्ण शिक्षा मिलेगी, तभी उनमें मनुष्यता का विकास संभव हो पायेगा। इससे पहले सीएमएस प्रबंधक प्रो. गीता गांधी किंगडन ने मुख्य अतिथि व अन्य गणमान्य अतिथियों का हार्दिक स्वागत अभिनंदन किया।

# प्लास्टिक प्रदूषण गंभीर पर्यावरणीय समस्याओं में से एक : सुषमा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** आज अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन उत्तर प्रदेश द्वारा राजाजीपुरम, डी ब्लॉक, स्थित सद्भावना पार्क में प्लास्टिक और पॉलिथीन के दुरुपयोग को रोकने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में लखनऊ की मेयर सुषमा खरकवाल और पार्षद कौमुदी त्रिपाठी उपस्थित थीं।

इस अवसर पर बोलते हुए मेयर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि आज के दौर में प्लास्टिक हमारे जीवन का एक अभिन्न हिस्सा बन चुका है। खरीदारी से लेकर भोजन तक, हर जगह प्लास्टिक का उपयोग होता है। लेकिन प्लास्टिक में मौजूद रसायन हमारे पर्यावरण और स्वास्थ्य के लिए अत्यधिक हानिकारक हैं। इसका अत्यधिक उपयोग प्लास्टिक प्रदूषण का मुख्य कारण बनता है, जो मानव स्वास्थ्य को कई तरह से नुकसान पहुँचा रहा है। यह प्रदूषण आज के समय में सबसे गंभीर पर्यावरणीय समस्याओं में से एक है। समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम आवश्यक हैं। कार्यक्रम में प्लास्टिक की बोतलों से पार्क में क्यारी निर्माण एवं एकल उपयोग प्लास्टिक तथा कबाड़ से बनी सुंदर वस्तुओं का प्रदर्शन किया गया जिसे मेयर सहित उपस्थित जनों ने बहुत ही सराहा। इस अवसर पर प्रांतीय अध्यक्ष रेखा लाठ, सचिव अनुराधा बंसल, कोषाध्यक्ष मधु लाठ, उपाध्यक्ष शालिनी अग्रवाल, लखनऊ शाखा अध्यक्ष मोनिका बंसल, सुशीला अग्रवाल, आभा अग्रवाल, एकता अग्रवाल, अनुराधा अग्रवाल, अंजू अग्रवाल, रीता मित्तल, आभा जैन उपस्थित थी। कार्यक्रम का संचालन प्रमन, शिप्रा, आशीष और अशोक जैन ने किया।

संक्षेप

## नींबू मिर्ची का टोटका रोजगार का एक माध्यम भी

**बरहज ( देवरिया )** । दरिद्रा दूर करने , लक्ष्मी के प्रकोप से बचने के लिए कई उपाय टोटका खोजे गए। उनमें से एक उपाय है नींबू-मिर्ची का टोटकानींबू-मिर्ची के टोटके बेहद लोकप्रिय हैं, बुरी नजर से बचने का यह बहुत आसान और सबसे अधिक इस्तेमाल किया जाने वाला उपाय माना जाता है। दुकानों और घरों के बाहर दरवाजे पर नींबू-मिर्ची लटकते हुए देखे होंगे।यह सारी कवायद बुरी नजर से बचने और सुख-समृद्धि के लिए की जाती है।इसका कारोबार भी है।इसकी आपूर्ति करने वालों को रोजगार भी मिला हैं। क्षेत्र में प्रति सप्ताह हजारों रुपए का कारोबार होता हैं। दर्जनों लोगों को रोजगार मिला हैं।बुरी नजर से बचने के लिए नींबू-मिर्ची का इस्तेमाल किया जाता है। इसके पीछे एक दिलचस्प तर्क है कि, नींबू-मिर्ची का स्वाद खट्टा और तीखा होता है जो बुरी नजर वाले व्यक्ति की एकाग्रता को भंग कर देता है और वह अधिक समय तक उस स्थान पर रूक नहीं पाता है।यह तो एक सामान्य सा तर्क है इसके अलावा कुछ धार्मिक और ज्योतिषीय वजह भी है।नींबू-मिर्ची के टोटके को लेकर एक दिलचस्प धार्मिक तर्क है।धन की देवी माता लक्ष्मी की एक बड़ी बहन दरिद्रा हैं।इनके नाम से ही स्पष्ट है कि ये जहां वास करती हैं वहां दुख, क्लेश और विवाद होते हैं। दरअसल इनका अस्तित्व लक्ष्मी का अपमान और अनादर करने वालों को कष्ट देने के लिए है, इसलिए स्वभाविक है कि दरिद्रा के नाम से ही लोग डरने लगते हैं। इसी वजह से दरिद्रा लक्ष्मी के प्रकोप से बचने के लिए कई उपाय खोजे गए। उनमें से एक उपाय है नींबू-मिर्ची का टोटका।

# कानून व्यवस्था से बढ़ा निवेशकों का भरोसाः दयाशंकर सिंह

जिला संवाददाता(vol)






**देवरिया**। उत्तर प्रदेश सरकार की ₹सेवा, सुरक्षा और सुशासन₹ नीति के आठ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में देवरिया के पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज में तीन दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन मुख्य अतिथि परिवहन मंत्री एवं प्रभारी मंत्री दयाशंकर सिंह रहे। उन्होंने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल, पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर, मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) प्रत्यूष पाण्डेय सहित अन्य जनप्रतिनिधि

**● सेवा, सुरक्षा और सुशासन के आठ वर्ष पूर्ण होने पर देवरिया में कार्यक्रम हुआ आयोजित**

उपस्थित रहे इस अवसर पर प्रभारी मंत्री दयाशंकर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था मजबूत हुई है, जिससे अमन-चैन कायम हुआ है। अब अन्य राज्यों के निवेशक उद्योग स्थापित करने के लिए उत्तर प्रदेश आ रहे हैं। कई बड़ी कंपनियां यहां निवेश कर रही हैं, जिससे रोजगार के अवसर बढ़े हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी पुरस्कार योजना के तहत युवाओं को बिना ब्याज एवं गारंटी के ऋण प्रदान किया जा रहा है, जिससे पलायन रोकने में मदद मिलेगी। उन्होंने यह भी बताया कि जनपद में बाईपास का निर्माण, सड़कों का चौड़ीकरण, आरटीओ कार्यालय की स्थापना, पार्किंग सुविधा, नए बाजार एवं बस स्टैंड का निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है। इसके अलावा, मेडिकल कॉलेज की स्थापना से स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार हुआ है और शिक्षा के क्षेत्र में भी व्यापक प्रगति हुई है।

जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा जब प्रत्येक नागरिक विकास की प्रक्रिया में सहभागिता निभाएगा। उन्होंने सफाई कर्मचारियों के योगदान की सराहना करते हुए जनपद स्तरीय अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे लक्ष्य से अधिक कार्य करें और समन्वय बनाकर जनपद के विकास में सहयोग दें।

इस अवसर पर आईटीआई के छात्रों को टैबलेट वितरित किए गए। मुख्यमंत्री व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना के तहत लाभार्थियों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई। एनआरएलएम की महिलाओं को एक करोड़ रुपये का चेक सौंपा गया। नगर पालिका के सफाई कर्मियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए तथा वन स्टॉप सेंटर के कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन मुख्य अतिथि, जनप्रतिनिधियों और जिला स्तरीय अधिकारियों ने किया। इस प्रदर्शनी में स्वयं सहायता समूह, आजीविका मिशन, पीएम आवास (ग्रामीण एवं शहरी), समाज कल्याण, पंचायती राज, विद्युत, पशुपालन, उद्यान, कृषि, जल जीवन मिशन, जिला कारागार, पर्यटन, वन, स्वास्थ्य, नगरीय विकास अधिकरण, श्रम, बैंक, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, आयुष, बेसिक शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों की योजनाओं और उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया।

जीआईसी परिसर के न्यू हॉल में विकास कार्यों पर केंद्रित भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें पिछले आठ वर्षों में जनपद में हुए महत्वपूर्ण विकास कार्यों को चित्रों और सूचनात्मक पोस्टरों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया।

इसमें विद्युत, सिंचाई एवं जल संसाधन, जिला स्वच्छता समिति, कृषि विभाग, उपायुक्त उद्योग, कौशल विकास परिषद, पशुपालन, उद्यान, नलकूप अनुरक्षण खंड, बाल विकास एवं पुष्टाहार, बेसिक शिक्षा, श्रम, समाज कल्याण, ग्रामीण अभियंत्रण खंड और पुलिस विभाग सहित विभिन्न विभागों द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के दौरान लोक कलाकार अंशुमान शुक्ला, श्रीकांत यादव एंड कंपनी सहित स्थानीय कलाकारों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। सरकारी योजनाओं की जानकारी को रोचक अंदाज में प्रस्तुत करने के लिए विरहा गायन का आयोजन किया गया। इसके अलावा, शुभम मौर्या, रविराज विश्वकर्मा, जय प्रकाश सिंह और दीपक द्वारा जल जीवन मिशन पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम का संचालन पंकज शुक्ला ने किया इससे पूर्व रुद्रपुर विधायक जय प्रकाश निषाद ने विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को चेक एवं प्रमाण पत्र वितरित किए तथा गोदभराई की रस्म पूरी की। बड़ी संख्या में उपस्थित नागरिकों को सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। आम जनता तक योजनाओं की जानकारी पहुँचाने के लिए विकास पुस्तिका और पंपलेट का भी वितरण किया गया।

इस भव्य कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। आयोजन के दौरान लोगों को सरकार की योजनाओं से अवगत कराते हुए उन्हें इनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर सहित भाजपा पदाधिकारी जितेंद्र राव, अजय शाही, प्रमोद शाही, राजेश मिश्रा, रवि राव, संजय सिंह, जितेंद्र प्रताप राव, अंतयार्मी सिंह, रमेश वर्मा, गोविंद चौरसिया, रविंद्र कौशल, अजय शाही, अश्वनी दीक्षित, शिखर शाही, अंबिकेश पाण्डेय, अभिषेक मिश्रा, रविंद्र राव सहित जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## बरहज के कपरवार में टैंकरों से हो रही डीजल और पेट्रोल की चोरी

**बरहज,देवरिया**। क्षेत्र में तेल माफिया सक्रिय हो गए हैं।क्षेत्र कपरवार स्थित डीह के पास टैंकर पहुंचाकर तेल की चोरी की जा रही है। बैतालपुर डिपो से डीजल, पेट्रोल भरकर जाने वाले टैंकरों से प्रति दिन तेल की चोरी की जा रही हैं। करीब दो माह से तेल का खेल चल रहा हैं। धड़ल्ले से तेल चोरी का धंधा चल रहा है।बैतालपुर तेल डिपो से टैंकर तेल भरकर कपरवार उग्रसेन सिंह पुल होकर अन्य जनपदों को जाते हैं। कपरवार डीह के पास तेल माफिया चालकों से मिलकर तेल निकाल रहे हैं। प्रतिदिन दर्जन भर टैंकरों से डीजल, पेट्रोल चोरी से निकाला जा रहा है।धंधा करने वाले माफिया ने इस समय अपना ठिकाना बदल दिया है। बैतालपुर से निकलने के बाद टैंकर चालक और तेल माफिया की साठगांठ से सड़क किनारे रुद्रपुर रोड पर डीह पर खेल किया जा रहा है। जिस जगह पर तेल का खेल हो रहा है वह क्षेत्र बरहज क्षेत्र में पड़ता है। यह सब खेल सबकी मिलीभगत से ही हो रहा है। बरहज एसओ राहुल सिंह ने बताया कि पुलिस गश्त करती है। तेल चोरी की शिकायत अगर कहीं मिलती है तो छापा मारकर कार्रवाई की जाएगी।

## भलुअनी क्षेत्र के शुभम सिंह का सेना में लेफ्टिनेंट पद पर चयन, लोगों ने दी बधाई

**बरहज, (देवरिया )**। जिले के भलुअनी क्षेत्र के ग्राम बांकीसिंगही निवासी ठक्ळ सूरत से ग्रेजुएट शुभम सिंह पुत्र रामप्रकाश सिंह का चयन इंडियन आर्मी लेफ्टिनेंट आल इंडिया 24 वीं रैंक मे होने पर परिवार सहित क्षेत्र में हर्ष का माहौल है उनकी इस उपलब्धि पर बड़े भाई रक्तवीर सूरज सिंह ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि शुभम बचपन से ही मेधावी रहे हैं। आज उन्होंने यह उपलब्धि प्राप्त कर परिवार सहित पूरे क्षेत्र व जिले का गौरव बढ़ाया है ।शुभम सिंह का चयन कुछ महीनों पूर्व असिस्टेंट कमांडेंट आल इण्डिया वन रैंक भारतीय तटरक्षक बल (टेक्निकल) में हुआ था शुभम सिंह ने अपनी उपलब्धि का श्रेय मुख्य रूप से सेंट्रल कमांड लखनऊ में सेवारत अपने पिता रामप्रकाश सिंह को देते हुए बताया कि पिताजी से ही प्रेरणा पाकर आज इस मुकाम को प्राप्त कर सका हूं। परिवार के सहयोग को इस सफलता का श्रेय दिया शुभम सिंह को बरहज विधायक दीपक मिश्र शाका, ब्लाक प्रमुख छट्ठू यादव, चेयरमैन देवेश कुमार, सामाजिक संस्था स्वच्छ भलुअनी स्वस्थ भलुअनी यूथ ब्रिगेड संस्थापक सन्तोष मद्धेशिया वैश्य, मनोज मद्धेशिया, दिनेश गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, श्रवण चौरसिया, शौर्य सिंह, चंदन गुप्ता, विवेक श्रीवास्तव, सुरेंद्र सिंह, अजय सिंह नन्हे, रामबिहारी सिंह, भीम सिंह, राघवेंद्र सिंह, अरुण सिंह, मनीष सिंह, विक्कु यादव, डॉ आनंद यादव, मृतुन्जय सिंह, सूरज मद्धेशिया, बलराम मद्धेशिया, अजित सिंह एवं विशाल बरनवाल ने हर्ष व्यक्त किया है ।

## अखिल भारतीय कुम्हार महासंघ ने डीएम को सौंपा ज्ञापन




**कुशीनगर**। अखिल भारतीय कुम्हार महासंघ ने बुधवार को डीएम को ज्ञापन सौंपकर शिल्पकार (कुम्हार/प्रजापति) समाज को अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र जारी करने की मांग की। महासंघ का कहना है कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 31 दिसंबर 2016 और 12 जनवरी 2017 को जारी आदेश के अनुसार शिल्पकार समाज को अनुसूचित जाति में शामिल किया गया है, लेकिन कुशीनगर में अभी तक इस आदेश को लागू नहीं किया गया है।महासंघ के प्रतिनिधियों ने ज्ञापन में बताया कि संतकबीरनगर, मुरादाबाद, रामपुर और बाराबंकी जैसे कई जिलों में इस आदेश के तहत शिल्पकार समाज को अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र जारी किया जा रहा है। उन्होंने मांग की कि कुशीनगर में भी इस आदेश को तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए, ताकि समाज के लोगों को सरकार की योजनाओं और आरक्षण का लाभ मिल सके। महासंघ की ओर से ज्ञापन प्रजापति धर्मेंद्र भाई शिल्पकार के नेतृत्व में सौंपा गया। पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द विचार नहीं हुई, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। इस दौरान जिलाध्यक्ष महेश प्रजापति, पूर्व जिला उपाध्यक्ष हीरालाल प्रजापति, ब्लॉक अध्यक्ष पडरौना अनुराग प्रजापति और ब्लॉक अध्यक्ष हाटा सुरेंद्र प्रजापति मौजूद रहे।

## चार अन्तर्जनपदीय चोर गिरफ्तार



**कुशीनगर**। जिले के थाना अहिरौली बाजार पुलिस टीम ने बुधवार को चोरी के सामान के साथ चार अन्तर्जनपदीय शातिर चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। प्राप्त सूचना के मुताबिक थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 96/2025 धारा 303(2), 317(2), 317(5) भारतीय न्याय सहिंता से संबंधित अभियुक्त अनीश यादव पुत्र झिन्नू यादव निवासी विशुनपुरा थाना अहिरौली बाजार,विशाल राजभर उर्फ साधू पुत्र सीताराम निवासी विशुनपुरा, सुनील सिंह उर्फ भुअर पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी विशुनपुरा, भुआल राजभर पुत्र स्वःधनवन्त राजभर निवासी विशुनपुरा थाना अहिरौली बाजार जनपद कुशीनगर को थाना क्षेत्र के सहजौली चौराहे के पास गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 3 दोपहिया मोटर साइकिल, बिना नम्बर प्लेट की एक पल्सर बाइक बिना नम्बर की हीरो स्पेलेण्डर प्रो व एक प्लेटिना, एक पम्पिंग सेट, एक मोटर पम्प व दो टुल्लू पम्प, चार सोलर पैनल, एक बैट्री, दो मोबाइल फोन की बरामदगी की। पुलिस ने बरामदगी व गिरफ्तार के आधार पर उनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई में जुटी है। थाना प्रभारी दिनेश कुमार ने बताया कि यह शातिर चोरों का एक संगठित अन्तर्जनपदीय गिरोह है, यह गिरोह दिन में बाइक से घूम घूम कर थाना क्षेत्र व गैर जनपद के अन्य क्षेत्रों में भी रेकी करते हैं और जहां सुनसान जगह पाते हैं वहां पर स्थित सामानों को चिन्हित कर लेते हैं और उसे मौका पाकर रात्रि के अंधेरे में चुरा लेते हैं। चुराये गये सामान को बारी बारी से मोटरसाइकिल पर लादकर झाड़ी झंखाड में छिपाकर रख देते हैं तथा धीरे धीरे उसे बेचने का कार्य करते हैं और उससे प्राप्त पैसों को आपस में बांट लेते हैं।चोरी करते समय ऐसे रास्तों का इस्तेमाल करते हैं जिस पर पुलिस या आम नागरिक का आना जाना न हो।चोरी करने के पश्चात एक व्यक्ति आगे तथा एक व्यक्ति पीछे रहकर मुख्य टीम को सूचना देने का काम करता है। गिरफ्तार अभियुक्तगण एक शातिर किस्म के चोर हैं जो आये दिन थाना क्षेत्र व इसके अतिरिक्त अन्य विभिन्न क्षेत्र में चोरी की घटना को अंजाम देते हैं।यह सभी चोर एक साथ ही चलते हैं और बहुत शातिराना तरीके से रेकी कर चोरी की घटना को अंजाम देते हैं। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष दिनेश कुमार, उपनिरीक्षक गिरजेश कुमार, शुभम भार्गव जुगेश कुमार आनन्द, हेड कांस्टेबल रामनिवास भार्गव, कांस्टेबल देवेन्द्र यादव,विजय यादव शामिल रहे।

## सरकार ने गिनाईं 8 साल की उपलब्धियां

**भटनी(देवरिया)**।स्थानीय नगर पंचायत के सभागार मे उ प्र सरकार के आठ वर्ष के सेवा सुरक्षा व सुशासन की उपलब्धियों पर नगर पंचायत अध्यक्ष विजय कुमार गुप्त की अध्यक्षता मे आयोजित हुआ भव्य कार्यक्रम ।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भटनी भाजपा मण्डल के अध्यक्ष रोहित मिश्र व विशिष्ट अतिथि पूर्व भाजपा मण्डल अध्रक्ष योगेश प्रजापति द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया ।वक्ताओं ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि उ प्र की योगी सरकार जो भयमुक्त समाज की स्थापना का जो संकल्प लिया है ।उसे पुरा करके दिखाया ।साथ ही सरकार की परिकल्पना थी ।सबको शिक्षा मकान रोटी की व्यवस्था करने की उसे भी कर दिखाया ।प्रदेश मे अपराधी अपराध करने से घबडाते है ।अगर अपराध कर दिये तो जेल के सलाखों मे प्रदेश सरकार भेजने का कार्य किया ।कार्यक्रम के दौरान विष्णुदत्त मिश्र शिव सरदार मिश्र त्रतुम्भर सिंह चन्दन सिंह पूर्व चेयरमैन रमेशचन्द्र वर्मा चन्द्रहास कुशवाहा जयहिन्द यादव हरिहर पासवान भरत सिंह भोला सिंह के डी मिश्र कन्हैया कुशवाहा दुर्गेश शर्मा दीपक वर्मा शकुन्तला यादव शेषनाथ कुशवाहा सहित मण्डल के भाजपा कार्यकर्ता मुख्य रुप से उपस्थित रहे ।

प्रमुख वक्ताओं मे विनोद कुमार दीक्षित के डी मिश्र पूर्व चेयरमैन रमेशचन्द्र वर्मा आशा ओझा प्रमुख रहे ।अन्त मे नगर पंचायत विजय कुमार गुप्त ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया ।संचालन सुरेश कुमार गुप्त ने

# पिछली सरकारों में आपराधिक गतिविधियों का बोलबाला थाः रामसूरत राजभर

जिला संवाददाता(vol)



**कुशीनगर**। प्रदेश सरकार के सुशासन की नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य मे जिला मुख्यालय स्थित बुद्धा पार्क में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं, उपलब्धियों, निर्माण कार्यों

**● आठ वर्षों में स्वास्थ्य और शिक्षा में अभूतपूर्व सुधार, जनपद को मिली कई सौगात**

पर आधारित प्रदर्शनी में आयोजित कृषि गोष्ठी का सदस्य विधान परिषद रामसूरत राजभर द्वारा दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया गया।मुख्य अतिथि द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए विभिन्न स्टाल का अवलोकन किया गया। तत्पश्चात दीप प्रज्वलन कर सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। 8 वर्ष की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा महाकुंभ 2025 पर आधारित लघु फिल्म भी सभी उपस्थित गणमान्यों को दिखाई गई। छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम नाट्य गीत संगीत तथा नामित कलाकारों द्वारा संगीत, लोकगीत कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी किया गया। यहां श्री राजभर ने कहा कि कलाकारों की लोकसंगीत एवं छात्राओं की सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति बहुत रमणीय एवं लोक आकर्षक है, कार्यक्रम जनकल्याणकारी योजनाओं तथा प्रदेश सरकार 8 वर्ष बेमिसाल पूर्ण होने के अवसर पर तथा जनमानस को समस्त योजनाओं से लाभान्वित करने, उपलब्धियों की जानकारी देने तथा किसान बंधुओं को कृषि विभाग की समस्त योजनाओं की जानकारी देने हेतु गोष्ठी आयोजित की जा रही है। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में निष्पक्ष होकर सारे कार्य किया जा रहे हैं। पक्षपात का कोई स्थान नहीं है। समस्त अधिकारी गण जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभार्थियों को लाभान्वित करने हेतु सदैव तत्पर हैं। पिछले सरकारों में आपराधिक गतिविधियों का बोलबाला था, किंतु आज सभी लोग स्वतंत्र रूप से निडर होकर सारे कार्य कर रहे हैं। आज के समय में अपराधों पर अंकुश लगा है। हजारों की संख्या में अपराधी को सजा दिलाई गई है, हमारे उत्तर प्रदेश में नए-नए राज्य मार्गों के साथ-साथ एक्सप्रेसवे का निर्माण किया जा रहा है यात्रीयों की सुविधा हेतु नए एयरपोर्ट, शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के आवागमन हेतु सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश एक समृद्ध प्रदेश के रूप में उभरा है। यहां नए नए कृतिमान बन रहे है। उन्होंने कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की विगत 8 वर्षों की उपलब्धियां तथा प्रदेश सरकार के बेमिसाल 8 वर्ष पूर्ण होने पर कुशीनगर में किए गए निर्माण कार्य, उपलब्धियों , जनकल्याणकारी योजनाओं से सभी को अवगत कराया। इस दौरान नोडल अधिकारी उप कृषि निदेशक आशीष कुमार, जिला कृषि अधिकारी डॉ मेनका, जिला उद्यान अधिकारी कृष्ण कुमार, डीसी मनरेगा राकेश, जिला पंचायत राज अधिकारी आलोक प्रियदर्शी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रामजियावन मौर्य, राधे श्याम दीक्षित, लल्लन मिश्रा, दरोगा कुंवर सिंह, अरुण सिंह बारी, धनंजय राय, रामाधार राजभर, प्रदीप पांडे के साथ-साथ अन्य जनप्रतिनिधि गण व जनपद स्तरीय अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहे।

## पान की दूकान से बाइक चोरी

**भटनी(देवरिया)**। स्थानीय नगर मे स्थित पी एन बी बैक के पास पान की दूकान पर खडी बाईक चोर उठा ले गये ।बताया गया है कि नगर के वार्ड संख्या-12 हरिकीर्तन मुहल्ला निवासीअरविंद चौरसिया पुत्र रामचरित्र चौरसिया की पी एन बी बैंक शाखा भटनी के पास पान की दूकान है ।वही अपनी बाईक स्पलेन्डर प्लस संख्या -यू पी -52एस 2522दूकान के उत्तर तरफ रखा था ।चार बजे सायंकाल देखा तो बाईक वहां नही थी ।काफी खोजबीन किया ।लेकिन कही पता नही चला ।तब ड्रायल -112पुलिस को किया ।पुलिस घटनास्थल का अवलोकन कर तहरीर थाने पर देने की बात कह कर चली गयी ।घटना के सम्बन्ध मे थाने पर तहरीर दे दिया हुँ ।पुलिस ने मामले की जाँच कर मुकदमा दर्ज कर बाईक का पता लगाने का आस्वासन दिया है।

## जनपद के समस्त थानों पर शांति समिति की बैठक आयोजित



**देवरिया**। पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी अरविन्द कुमार वर्मा व अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी सुनील कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में थाना भलुअनी पर उप-जिलाधिकारी बरहज विपिन कुमार द्विवेदी व प्रभारी निरीक्षक भलुअनी श्री अजय कुमार पाण्डेय द्वारा आगामी त्यौहार अलविदा की नमाज/ईद-उल-फितर/चैत रामनवमी के दृष्टिगत थाना भलुअनी पर स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों, क्षेत्रीय लोगों और अन्य समुदायों के प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण पीस कमिटी की बैठक आयोजित की गई । इस बैठक का मुख्य उद्देश्य त्यौहार के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखना और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था से बचना है । इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक कल्याण सिंह सागर द्वारा थाना क्षेत्र के स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों, क्षेत्रीय लोगों और अन्य समुदायों के प्रतिनिधियों के साथ थाना श्रीरामपुर पर एक महत्वपूर्ण पीस कमिटी की बैठक आयोजित की गई ।इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह द्वारा थाना क्षेत्र के स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों, क्षेत्रीय लोगों और अन्य समुदायों के प्रतिनिधियों के साथ थाना मदनपुर पर एक महत्वपूर्ण पीस कमिटी की बैठक आयोजित की गई ।इसी क्रम में थानाध्यक्ष मृत्युंजय राय द्वारा थाना क्षेत्र के स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों, क्षेत्रीय लोगों और अन्य समुदायों के प्रतिनिधियों के साथ थाना तरकुलवा पर एक महत्वपूर्ण पीस कमिटी की बैठक आयोजित की गई ।इसी क्रम में जनपद के समस्त थानों पर प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र के स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों, क्षेत्रीय लोगों और अन्य समुदायों के प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण पीस कमिटी की बैठक आयोजित की गई ।पुलिस अधिकारियों द्वारा सभी उपस्थित लोगों से आगामी त्यौहार के दौरान शांति बनाए रखने की अपील की गयी और त्यौहार के दौरान नियमों और कानूनों के पालन करने की सलाह दी और सुनिश्चित किया कि सभी धार्मिक क्रियाएं शांतिपूर्वक संपन्न हो ।इस बैठक के दौरान पुलिस अधिकारियों द्वारा बताया गया कि किसी भी व्यक्ति को कोई भी समस्या होती है तो वह तुरंत पुलिस से संपर्क कर सकता है ।पुलिस प्रशासन ने विश्वास दिलाया कि पूरे त्यौहार के दौरान पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रहेगी ।

# जिला स्तरीय सलाहकार समिति और समीक्षा समिति की बैठक संपन्न

जिला संवाददाता(vol)

**देवरिया** । मुख्य विकास अधिकारी प्रत्युष पाण्डेय की अध्यक्षता में गांधी सभागार, विकास भवन, देवरिया में जिला स्तरीय सलाहकार समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की दिसंबर 2024 की त्रैमासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि, देवरिया सदर, नवीन सिंह उपस्थित रहे। इसके अलावा भारतीय रिजर्व बैंक के अग्रणी जिला अधिकारी अमित गुप्ता, अग्रणी जिला प्रबंधक अरुणेश कुमार, उपायुक्त उद्योग सतीश कुमार, जिला कृषि अधिकारी मृत्युंजय कुमार सिंह, जिला उद्यान अधिकारी श्री राम सिंह, जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड सूरज शुक्ला, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ए.के. वैश्य सहित विभिन्न बैंकों के वरिष्ठ अधिकारी एवं जिला बैंक समन्वयक मौजूद रहे।

बैठक में जनपद की ऋण-जमा अनुपात एवं वार्षिक ऋण योजना की बैंकवार समीक्षा की गई। दिसंबर 2024 की समाप्त तिमाही तक जनपद ने वार्षिक ऋण योजना के लक्ष्य ?5,41,069.90 लाख के सापेक्ष ?3,70,557.11 लाख की उपलब्धि प्राप्त की, जो कुल लक्ष्य का 68.49% है। कृषि क्षेत्र की उपलब्धि 40.19% एवं कुल प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र की उपलब्धि 47.09% रही, जिसे संतोषजनक माना गया। मुख्य विकास अधिकारी ने इस उपलब्धि को और बेहतर करने के निर्देश दिए। बैठक में यह भी सामने आया कि दिसंबर 2024 तिमाही में जनपद का ऋण-जमा अनुपात 42.49% था, जो राज्य के औसत लक्ष्य 59% से कम है। जनपद के लगभग सभी प्रमुख बैंकों का ऋण-जमा अनुपात 40% से कम रहा, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने सभी बैंकों को निर्देश दिया कि वे कृषि, उद्योग एवं अन्य प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों में ऋण वितरण बढ़ाकर जनपद के ऋण-जमा अनुपात को राज्य के औसत स्तर तक लाने के लिए प्रभावी कदम उठाएं।प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के लक्ष्यों से अधिक उपलब्धि एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के स्वयं सहायता समूहों को उउछ ऋण वितरण में देवरिया की राज्य स्तर पर उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए मुख्य विकास अधिकारी ने सराहना की। विशेष रूप से बड़ौदा यूपी बैंक एवं सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की उपलब्धियों की प्रशंसा की गई इसके अतिरिक्त, बैठक में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना, पीएमएफएमई, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना एवं माटी कला योजना के अंतर्गत ऋण पत्रावलियों को शीघ्र स्वीकृत एवं वितरित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, सभी शासकीय योजनाओं के 100% लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश भी दिए गए। भारतीय रिजर्व बैंक के अग्रणी जिला अधिकारी ने जनपद का ऋण-जमा अनुपात बढ़ाने हेतु मॉनिटरेबल एक्शन प्लान तैयार करने के निर्देश दिए और संबंधित डाटा अग्रणी जिला प्रबंधक को भेजने को कहा। साथ ही, क्रेडिट आउटरिच कार्यक्रम आयोजित करने का सुझाव भी दिया गया। इस अवसर पर वित्तीय वर्ष 2025-26 की संभाव्य लिंक योजना (ढछढ) पुस्तक का विमोचन मुख्य विकास अधिकारी प्रत्युष पाण्डेय द्वारा किया गया।मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि, देवरिया सदर, नवीन सिंह ने उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए सरकार की विभिन्न योजनाओं को अधिक प्रभावी एवं सुलभ बनाने हेतु बैंकों को आवश्यक सुझाव दिए।

## स्मार्ट मीटर लगाते समय युवक झुलसा

**अयोध्या**। नगर कोतवाली के खिड़की अली बेग स्थि एक निजी नर्सिंग होम में मंगलवार की शाम स्मार्ट मीटर लगा रहा युवक हादसे का शिकार हो गया. गभीर रूप से झुलसे युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया गया कि गुजरात की कोलारिस स्मार्ट मीटरिंग प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में तैनात नगर कोतवाली के टकसाल चैक का रहने वाला युवक हेमंत सिंह (21) पुत्र बीरेंद्र सिंह मंगलवार की शाम खिड़की अली बेग स्थित एक निजी नर्सिंग होम में स्मार्ट मीटर लगाने गया था। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि तीन फेज कनेक्शन के दो तारों के आपस में छू जाने के चलते शार्ट सर्किट हो गई और केबिल दगने लगी। चपेट में आकर मीटर लगा रहा युवक बुरी तरह झुसल गया।

## सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जिला जेल देवरिया का किया निरीक्षण



**कुशीनगर**। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश / सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शैलेन्द्र मणि त्रिपाठी द्वारा जिला कारागार देवरिया का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कारागार के बैरकों, पाकशाला, चिकित्सालय व महिला बैरक का निरीक्षण कर बन्दियों के भोजन, साफ-सफाई, चिकित्सा, सुरक्षा तथा उनको दी जाने वाली विधिक सहायता के बारे में जानकारी ली एवं जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि जेल मेन्यू के अनुसार भोजन, नाश्ता आदि दिया जाय। जेल में निरूद्ध बन्दियों से उनके समस्याओ के बारे में पूछने पर बन्दियों द्वारा कोई समस्या नही बताया गया। अपर जिला जज / सचिव द्वारा बताया गया कि अगर किसी बन्दी की पैरवी हेतु उनके अधिवक्ता नही है तो वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुशीनगर द्वारा सरकारी खर्चे पर अधिवक्ता ले सकता है। निरीक्षण के दौरान विचाराधीन बन्दियों से मिला गया एवं जो बन्दी रिहाई के पात्र है उनको रिहा करने हेतु आवश्यक कार्यवाही की गयी। बन्दियों से मिलकर उनके टिकट का अवलोकन कर मुकदमें की स्थिति को जाना गया। कारागार में स्थित लीगल एड क्लीनिक का निरीक्षण किया गया। लीगल एड क्लिनिक में कार्यरत जेल पीएलवी को निर्देशित किया गया कि जेल में निरूद्ध बन्दियों को विधिक सहायता उपलब्ध करावे एवं किसी बन्दी को निःशुल्क अधिवक्ता की आवश्यकता हो, जेल अपील कराना हो या अन्य किसी प्रकार की लीगल एड की आवश्यकता हो उनके प्रार्थना-पत्र लिखकर जरिये जेल अधीक्षक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुशीनगर को प्रेषित करें।

संक्षेप

## कई ट्रेनों का समय बदला 31 को झांसी मेमू रद्द

**बांदा।** रेल प्रशासन की ने जानकारी दी है कि वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी-मानिकपुर रेलखंड पर बेलाताल तथा कुलपहाड़ स्टेशन के मध्य नॉन इंटरलॉकिंग तथा कट कनेक्शन कार्य के चलते गाड़ियों के संचालन में परिवर्तन किया जा रहा है। गाड़ी संख्या 11801 वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी-प्रयागराज, गाड़ी संख्या 11802 प्रयागराज-वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, गाड़ी संख्या 64613 वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी-बांदा मेमू, गाड़ी संख्या 64614 बांदा-वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी मेमू, गाड़ी संख्या 64611 वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-मानिकपुर मेमो 31 मार्च और गाड़ी संख्या 64612 मानिकपुर-वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी मेमो 1 अप्रैल को रद रहेगी। गाड़ी संख्या 64613 वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी-बांदा मेमू दिनांक 28 से 30 मार्च तक वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी स्टेशन से 12:30 बजे के स्थान पर 14:15 बजे प्रस्थान करेगी।

## राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में हुआ चयन

**ललितपुर।** शैलेंद्र सिंह राजपूत ने जनपद वासियो को गौरवान्वित किया है। उन्होंने स्वयं और उनकी पत्नी बेबी राजपूत का चयन प्रथम पैरा लॉन्ग बॉल के राष्ट्रीय चैंपियनशिप में चयन हो गया है, जो 28 से 29 मार्च 2025 तक युमना स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स न्यू दिल्ली में होना है। आपको बता दें शैलेन्द्र सिंह राजपूत जनपद स्तर का राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन कर चुके हैं।

व्हीलचेयर बास्केटबॉल, व्हीलचेयर लॉन्ग टेनिस, व्हीलचेयर क्रिकेट में प्रतिभा कर चुके हैं। व्हीलचेयर बास्केटबॉल की नींव रखने वाले उत्तर प्रदेश के वह प्रथम खिलाड़ी है, जिन्होंने व्हीलचेयर बास्केट में उत्तर प्रदेश के लिए तीन बार कप्तानी की है और पाँच नेशनल चैंपियनशिप में पार्टिसिपेट किया है। राष्ट्रीय व्हीलचेयर लॉन्ग टेनिस चैंपियनशिप में भाग लिया है।

## मुक्तिधाम में शराब की दुकान खोले जाने का विरोध

**ललितपुर।** एक अप्रैल से नगर पंचायत पाली में स्थित मुक्तिधाम में शराब की दुकान खोले जाने की सूचना मिलते ही लोगों ने विरोध दर्ज कराते हुये मुख्यालय पहुंच कर जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद के राष्ट्रीय बजरंग दल ने आबकारी नीति 2017-18 के तहत शराब की दुकान सार्वजनिक पूजा स्थल, स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, मुक्तिधाम आदि से दूर खुलवाये जाने की मांग उठायी है। डीएम को भेजे ज्ञापन में बताया कि मुक्तिधाम हिन्दुओं के लिए सबसे पवित्र स्थान है, ऐसे स्थान पर शराब की दुकान खोला जाना आस्था से खिलबाड़ करना होगा। बताया कि आबकारी नीति के तहत कोई भी शराब ठेका मान्यता प्राप्त स्कूल व कॉलेज, बस स्टेण्ड, अस्पताल, पूजा स्थल आदि से डेढ़ सौ मीटर की परिधि में नहीं खोला जा सकता हैं। बताया कि मुक्तिधाम पर पार्थिव शरीरों को पंचतत्व में विलीन किया जाता है, जबकि मुण्डन संस्कार इत्यादि भी होते हैं, उसी स्थान पर शराब की दुकान खोला जाना गलत है।

लोगों ने मुक्तिधाम में शराब की दुकान न खोले जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन भेजते समय शुभम सेन, मानसिंह चंदेल, रविन्द के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।

# त्यौहारों पर शांति व्यवस्था बनाये रखें: जिलाधिकारी



**ललितपुर।** आगामी माहों में पड़ने वाले त्यौहारों ईद-उल-फितर, चैत्र नवरात्रि, राम नवमी, श्रीमहावीर जंयती, श्रीहनुमान जंयती, बाबा साहब अम्बेडकर जंयती, गुड फ्राइडे तथा माह अप्रैल में पड ? वाले विभिन्न त्यौहारों के दौरान जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था कायम रखने हेतु जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों, धर्मगुरुओं तथा सभ्रान्त नागरिकों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बैठक में जिलाधिकारी ने व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए बताया कि जनपद में 28 मार्च 2025 को रमजान माह का अंतिम जुमा, 31 मार्च 2025 को ईद-उल-फितर, 06 अप्रैल 2025 को राम नवमी, 10 अप्रैल 2025 को श्रीमहावीर जंयती, 12 अप्रैल 2025 को श्रीहनुमान जंयती, 14 अप्रैल 2025 को बाबा साहब अम्बेडकर जयंती तथा 18 अप्रैल 2025 को गुड फ्राइडे तथा माह अप्रैल में विभिन्न त्यौहार मनाये जायेंगे। त्यौहारों के दौरान सभी अधिकारी पूरी गंभीरता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। ईद-उल-फितर को रमजान माह का आखिरी जुमा व 31 मार्च 2025 को ईद-उल-फितर का त्यौहार परम्परागत तरीके से जनपद में मनाया जायेगा। पर्व के अवसर पर जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखे, शहरी क्षेत्र में मस्जिदों तथा ईदगाहों के आस-पास आवारा पशुओं का विचरण प्रतिबंधित रहेगा तथा उक्त त्यौहार के अवसर पर नगरीय क्षेत्र में विद्युत एवं जलापूर्ति अनवरत रूप से उपलब्ध कराने हेतु सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। चैत्र नवरात्रि व रामनवमी के अवसर पर मंदिरों के आस-पास, मंदिरों पर जाने वाले रास्तों की सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाये, चूना आदि डलवाया जाये एवं पुलिस व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। आवारा पशुओं के विवरण पर रोक लगायी जाये।

- आयोजन स्थलों पर रहेगा पुलिस का कड़ा पहरा, सड़कों को किया जायेगा गड्ढा मुक्त
- विद्युत व पेजलय की अनवरत आपूर्ति हेतु अभियन्ताओं को कड़े निर्देश
- मंदिरों व आयोजन स्थलों के आसपास सघन सफाई करायें

उक्त त्यौहार के दृष्टिगत शहर में अण्डा, मास की दुकानें पूर्णतया बन्द रखी जाये। नवरात्रि में जबारे तालाब पर विसर्जन किये जाते है, तालाब पर सफाई व्यवस्था व पुलिस व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिये कि त्यौहारों के दृष्टिगत मेडीकल व पैरा मेडीकल स्टाफ की ड्यूटी लगायी जाये व एम्बुलेंस भी तैनात की जाये, जल संस्थान व जल निगम के अधिकारियों को अनवरत पेयजल आपूर्ति व टैंकर आदि लगाये जाने के निर्देश दिये गए। आयोजन स्थलों व रास्तों में सफाई व्यवस्था हेतु अधिशासी अधिकारियों व पंचायती राज विभाग को निर्देशित किया गया तथा शान्ति एवं कानून व्यवस्था हेतु पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी उनको सौंपे गए दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करेंगे, अवैध मदिरा की बिक्री पर प्रभावी कार्यवाही की जाए। सड़कों पर गड्ढे पाये जाने पर तत्काल भरवायें, अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाया जाए, यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखें, मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री करने वालों के विरुद्ध छापामार अभियान चलाया जाए। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि आयोजन स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाए तथा सम्बंधित क्षेत्रों के उप जिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर शान्ति समितियों की बैठक कर त्यौहार रजिस्टर का परीक्षण करते हुए भीड़भाड़ वाले स्थानों यथा बस स्टैण्ड पर सघन चैकिंग अभियान चलायें। त्यौहार शान्ति एवं भाई चारे के साथ सम्पन्न हो सके।

बैठक के दौरान एडीएम अंकुर श्रीवास्तव, एएसपी अनिल कुमार, सभी पुलिस क्षेत्राधिकारी, ईओ नगर पालिका दिनेश विश्वकर्मा सहित परिवहन, विद्युत, आबकारी, जल निगम, जल संस्थान सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारी, प्रमुख धर्मगुरु एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## मंत्री नंदी और सदर विधायक ने लाभार्थियों को दिए चेक



**बांदा।** राजकीय मेडिकल कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में बुधवार को प्रदेश सरकार के मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नंदी एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा और सुशासन नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय समारोह कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित लाभार्थियों एवं जनसमूह को सम्बोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के निर्देशन में सबका साथ सबका विकास एवं सबका विश्वास के अन्तर्गत विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों को धरातल पर संचालित किया जा रहा है, जिसका प्रभाव सभी लोगों को देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय, आयुष्मान भारत योजना, किसान सम्मान निधि, पीएम स्वनिधि योजना, श्रमिकों को टूल किट दिये जाने के साथ महिलाओं के हितों के लिए उज्जवला, कन्या सुमंगला, मातृत्व वन्दन योजना संचालित की गयी हैं, जिससे महिलाओं, युवाओं, श्रमिकों, किसानों एवं अन्य वर्ग के लोगों को बिना किसी भेदभाव के योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। कार्यक्रम में उन्होंने जनप्रतिनिधियों एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ केन्द्र व प्रदेश सरकार की संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को चेक, प्रमाण पत्र वितरित किये, आंगनबाडी कार्यकत्री पद पर चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्रों वितरण किया गया इनमें चयनित मंजू देवी, गीता देवी, अर्चना, वन्दना कुशवाहा आदि लाभार्थियों को नियुक्ति पत्र व प्रमाण पत्र दिए गये। इसी प्रकार किसान दुर्घटना बीमा योजना की लाभार्थी उर्मिला, रामलली, सियाललली, सुनीता एवं नर्वदा को 5-5 लाख रुपए के चेक तथा दैवीय आपदा योजना में रिंकी लोध, प्रीती, रूखमणी, पूनम देवी को 4-4 लाख रुपए के चेक दिए गये। कार्यक्रम में सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने कहा कि उत्तर प्रदेश विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर होकर विकसित प्रदेश एवं ग्रोथ इंजन के रूप में आगे बढ़ रहा है। सरकार द्वारा विभिन्न संचालित योजना के लाभार्थियों को बिना बिचैलिये के सीधे पारदर्शी तरीके से डीबीटी के माध्यम से योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। कार्यक्रम में जिलाधिकारी जे0 रीभा, मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य, अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार, नगर पालिका अध्यक्ष मालती बासू गुप्ता, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष वन्दना गुप्ता, नगर पालिका अध्यक्ष अतर्रा संगीता निराला, ब्लाक प्रमुख, नगर पंचायत अध्यक्ष, अन्य जनप्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां उपस्थित रहीं।

# कूटरचित दस्तावेज से 3.15 एकड़ जमीन का कराया बैनामा

## पुत्र ने पिता के अशिक्षित होने, वृद्ध व मानसिक रूप से बीमार होने का दिया हवाला

**ललितपुर।** सदर चैकी क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला चैबयाना में नया कुआ के पास रहने वाले अमरचंद्र पुत्र रामस्वरूप ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि धोखाधड़ी कर षडयंत्र करके बिना प्रतिफल दिये कूटरचित दस्तावेज तैयार कराकर रजिस्टर्ड बैनामा करा लिया गया है। बताया कि वह अपने पिता का इकलौता और चार बहनों में अकेला भाई है। पिता वृद्ध, मानसिक रूप से अर्द्धविक्षिप्त बीमार अशिक्षित हैं और घर पर रहते हैं। बताया कि उसके खानदान के रिश्ते में नाती शिवम कुशवाहा पुत्र सुन्दर का उसके पिता के पास विगत 7-8 माह से उठना बैठना हो गया। शिवम के साथ कभी कभार पठापुरा निवासी सचिन राजवंशी व रामनगर निवासी जितेन्द्र रजक प्रधान भी आते थे। आगे बताया कि उक्त लोग उसके पिता को चाय पिलाने के बहाने, सम्मान निधि की केवाईसी करवाने बैंक ले जाते थे और उक्त लोगों ने उसके पिता की अवस्था का लाभ उठाते हुये बहला-फुसलाकर षड ?ंत्र कर रजिस्ट्रार ऑफिस में लाकर भू-माफियाओं से मिलकर कुल 4 रजिस्टर्ड बैनामा विभिन्न तिथियों में बिना प्रतिफल दिये फर्जी तरीके से विभिन्न बैंकों में फर्जी हस्ताक्षर बनाकर बैंक खाते खुलवाये, चैकबुक, एटीएम, फर्जी पेनकार्ड बनवाकर उसके पिता के साथ धोखाधड़ी की है। पिता रामस्वरूप पुत्र किशोरे कुशवाहा से उक्त शिवम, सचिन व जितेन्द्र रजक ने सम्मान निधि का पैसा उसके पिता के खाते बैंक ऑफ बड़ौदा में चैक कराने के लिए साथ ले गये और आराजी संख्या 5821/1 विक्रीत रकवा 0.397 दिनांक 28 दिसम्बर 2023 को वही सं. 1 जिल्द संख्या 8555 के पृष्ठ सं. 37 से 56 तक क्रमांक 12740 पर क्रेता आजादपुरा वर्णी कॉलेज के पीछे निवासी चन्द्रपाल सिंह पुत्र शीतल सिंह, मैलवाराकलां निवासी मेजर राजा पुत्र भगवान सिंह, पाचैनी निवासी हरपाल सिंह पुत्र निर्भाल सिंह एवं गवाह रजवारा निवासी अरविन्द राठौर पुत्र धनीराम राठौर, पाचैनी निवासी प्यारे राजा पुत्र निर्भाल सिंह का नाम रजिस्टर्ड बैनामा में दर्ज है। एवं आराजी संख्या 92 रकवा 0.5990 हे. का 1/4 भाग अर्थात 0.37 हे. 6 मई 2024 को वही सं. 1, जिल्द सं. 8715 के पृष्ठ 297 से 312 तक क्रमांक 4371 पर रजिस्टर्ड बैनामा पिसनारी निवासी प्रदीप साहू पुत्र हजारीलाल, गवाह नयाकुआ चैबयाना निवासी रामनरेश पुत्र राजकुमार, मैलवाराकलां निवासी मेजर राजा पुत्र भगवान सिंह के नाम दर्ज हैं।

- पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर दर्ज की एफआईआर, जांच-पड़ताल शुरू

आराजी संख्या 5821/1, रकवा 5.6130 रकवा 5.6130 हे. का 1/3 भाग अर्थात विक्रीत रकवा 0.405 हे. अर्थात एक एकड़ 29 जुलाई 2024 को वही सं. 1, जिल्द सं. 8842 के पृष्ठ सं. 107 से 124 तक क्रमांक 7875 पर क्रेतो विजय शंकर पुत्र अशोक कुमार ब्राह्मण ने क्रय की और गवाह खिरकापुरा निवासी अभय स्वामी पुत्र हरीओम शंकर स्वामी, खिरकापुरा निवासी दीपक पुत्र हेतराम, भुजऊपुरा निवासी ओमप्रकाश पुत्र छोटेलाल के नाम दर्ज है। आराजी संख्या 5821/1 रकवा 5.6130 हे. का 1/3 भाग का विक्रीत रकवा 0.2430 हे अर्थात 0.7 डिस्मिल 2 जून 2025 को वही सं. 1 जिल्द सं. 9061 के पृष्ठ 93 से 110 तक क्रमांक 1376 पर क्रेता के रूप में ग्राम कारीटोरन निवासी प्रिंसी पत्नी अरविन्द पाठक के नाम रजिस्टर्ड बैनामा कराया, जिसमें गवाह महरौनी के सिंदवाहा निवासी ऋषभ साहू पुत्र बृजकिशोर साहू, आजादपुरा निवासी अंकुश पुत्र श्यामलाल के नाम दर्ज है। उपरोक्त सभी चारों रजिस्टर्ड बैनामा बिना प्रतिफल दिये धोखाधड़ी से कूट रचित दस्तावेज तैयार कराकर व अशिक्षित होने का लाभ उठाकर कराये गये हैं। पीड़ित ने बताया कि उसके पिता के बांये हाथ का अंगूठा कटा हुआ है और उसके पिता हस्ताक्षर नहीं कर पाते हैं। आरोप है कि उक्त भू-माफियाओं ने मिलकर उसकी भूमिधरी आराजी करीब 3.15 एकड़ करीब 1 करोड़ 50 लाख रुपये की धोखाधड़ी उसके पिता से की गयी है। यह भी बताया कि वह अपनी आराजी पर काबिज है और वर्तमान में कृषि कार्य करते हुये गेंहू बोया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 318 (4), 338, 336 (3) व 340 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## क्रीड़ा समारोह का विधायक ने किया उद्घाटन



**बांदा।** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय प्रांगण में दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह का आयोजन किया गया। 47वें क्रीड़ा समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने ज्ञानदायिनी मां सरस्वती का मल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया। विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष मालती बासू भी उपस्थित रहीं। प्राचार्य प्रो0 दीपाली गुप्ता ने समस्त प्रतिभागियों को पूर्ण शालीनता एवं अनुशासन के साथ खेल के सभी नियमों का पालन करते हुए व महाविद्यालय के गौरव तथा सम्मान की रक्षा करने के साथ ही खेल भावना से भाग लेने की शपथ दिलायी। गत वर्ष की चैंपियन कृत्यांजलि साहू ने मशाल रिले के साथ क्रीड़ा प्रतियोगिता की शुरूआत की। प्रतियोगिता में तकनीकी सहयोग के लिए राजकीय महाविद्यालय, चरखारी, महोबा से डॉ संजीव गुप्ता और गोश्वमी तुलसीदास राजकीय महाविद्यालय, कर्बी, चित्रकूट से डॉ राकेश कुमार शर्मा ने शिरकत की। क्रीड़ा की शुरूआत 100, 200, 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिता के साथ हुई। 100 मीटर दौड़ के विजेता प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर गुड़िया देवी, कृत्यंजलि साहू, खुशी तिवारी, 400 मीटर दौड़ में कृत्यंजलि साहू, गुडिया देवी, श्रुति गुप्ता, बैडमिंटन प्रतियोगिता में खुशी द्विवेदी, प्रतिभा, डिस्कस थ्रो में गुडिया देवी, श्रुति गुप्ता, सुधा देवी, क्रिकेट बाल थ्रो में गुड़िया देवी, सत्य स्वरूपा, श्रुति सिंह, जैवलिन थ्रो में गुड़िया देवी, सत्य स्वारूपा, कृत्यंजलि साहू, प्रतियोगिता में प्रो0 जितेंद्र कुमार, डॉ माया वर्मा, डॉ जय प्रकाश सिंह, डॉ जय कुमार चैरसिया, डॉ अंकिता तिवारी, डॉ सपना सिंह, डॉ सचिन मिश्रा, डॉ आदित्य प्रताप सिंह व कार्यालय स्टॉफ उपस्थित रहा।

## सपा का होली मिलन समारोह आयोजित

**मीरगंज, बरेली।** कस्बे में स्थित बंधन पैलेस में समाजवादी पार्टी का भव्य होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में सपा कार्यकताओं ने एक दूसरे के साथ गिले-शिकवे दूर कर होली की खुशियां मनाई। इस कार्यक्रम में सपा के प्रमुख नेता और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में सपा के जिला अध्यक्ष शिवचरण कश्यप और विशेष अतिथि के रूप में विधानसभा प्रभारी मनोहर सिंह पटेल ने कार्यक्रम में भाग लिया। सपा के मीरगंज विधानसभा अध्यक्ष सुरेश गंगवार के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में सभी कार्यकताओं ने उत्साह और जोश के साथ भाग लिया।समारोह में संबोधित करते हुए सपा जिला अध्यक्ष शिवचरण कश्यप ने कहा कि पार्टी 2027 के विधानसभा चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के नेतृत्व में बड़ी ताकत से चुनाव लड़ेगी और अपनी सरकार बनाएगी।

## शिव मंदिर गेट में लगाई बैरीकेटिंग, भक्तों में आक्रोश

**बांदा।** ओरन कस्बे के तिलहश्र माता मंदिर के तालाब सुंदरीकरण व बैरीकेटिंग का कार्य देख रही जल निगम की कार्यदाई संस्था सीएनडीएस के ठेकेदार सतेंदर वर्मा ने डेढ़ सौ वर्ष पुराने शिव मंदिर मंदिर के दरवाजे के सामने बैरीकेटिंग लगा दी है इसके चलते पूजा करने पहुंच रहे श्रद्धालुओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यह मंदिर डेढ़ सौ साल पुराना नगर का एकलौता शिव मंदिर है जिसमें शिव व ब्रह्मा व हनुमान जी की मूर्ति व कुआं स्थित है। गांव के लोगों का कहना है कि तालाब की बेरीकेटिंग व सौंदर्यीकरण का काम देख रही संस्था सीएनडीएस के ठेकेदार मनमाने तरीके से कार्य करा रहे हैं। जिससे शिव भक्तों व नगर के लोगों में भारी रोष व्याप्त है। गांव के लोगों का आरोप है कि संस्था अधिकारियों की मिलीभगत के चलते ठेकेदार निर्माण कार्य में धांधली कर रहा है। समाजसेवी व भाजपा नेता मार्तण्ड प्रताप द्विवेदी, कमलाकांत त्रिपाठी, बबलू गौतम सभासद, पप्पू, कल्लू प्रसाद आदि ने कहा कि संस्था के जेई व शीर्ष अधिकारी स्टीमेट के विपरित निर्माण कार्य करा रहे हैं। उन्होने जिलाधिकारी से निर्माण कार्य की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है।

# मोहब्बत के शहर नगीना में ईद का त्योहार भाईचारे के साथ मनायें: एसएसआई दीपक

**नगीना, बिजनौर।** ईद उल फितर के त्योहार पर थाना प्रांगण में आयोजित अमन कमेटी की बैठक में एसएसआई दीपक कुमार ने कहा कि ईदुल फितर पर्व को प्रेम व भाई चारे के साथ मनाएं। उन्होने मोहब्बत के शहर नगीना में प्यार के साथ ईद के त्योहार को परम्परागत रूप से हर्षोल्लास के साथ मनाने की अपील की।

बुधवार की शाम नगीना थाना परिसर में आगामी ईद त्योहार को लेकर आयोजित हुई अमन कमेटी की बैठक में मौलाना खलीक कासमी, पत्रकार नौशाद अंसारी, सभासद सिद्दीक मुल्तानी, फैसल एडवोकेट, प्रधान आफताब अंसारी आदि ने संयुक्त रूप से कहा की सभी त्योहार आपसी भाईचारे का संदेश देते हैं। हम सभी को चाहिए कि जैसे पूर्व के त्यौहार शांतिपूर्वक और हर्ष उल्लास के साथ संपन्न हुए हैं, इसी तरह ईद और ईद के बाद रामनौमी का पर्व भी आपसी सौहार्द के साथ संपन्न हो।

पत्रकार नौशाद अंसारी ने सेवायों का त्यौहार ईद के इतिहास पर रोशनी डालते हुए कहा कि जिस तरह से रंगों का त्यौहार होली पर दोनों समुदाय ने एक दूसरे की आस्था व भावनाओं को ध्यान में रखते हुए शांतिपूर्वक संपन्न कराया है, इसी तरह से ईद का त्यौहार या आने वाले अगले त्योहारों को भी आपसी भाईचारे के साथ शांतिपूर्वक संपन्न करते हुए प्रदेश भर को मोहब्बत के शहर नगीना का ऐसा संदेश दे की अन्य शहरो की आवाम भी नगीना के भाईचारे की मिसाल दे। उन्होंने इस दौरान अपनी शायरी और गजलों से उपस्थित पुलिस अधिकारियों व अतिथियों का दिल जीत लिया। इस दौरान लोगों ने अपने-अपने सुझाव भी रखें, जिसको गंभीरता से लेते हुए एसएसआई दीपक कुमार ने सभी सुझाव को समय से समाधान करने का आश्वासन दिया। वरिष्ठ उपनिरीक्षक दीपक कुमार की अध्यक्षता व राजकुमार विश्ननोई के कुशल संचालन में आयोजित बैठक में लाल सराय चैकी इंचार्ज सोहन सिंह पुंडीर, सब इंस्पेक्टर सरवेज खान, कस्बा इंचार्ज सुभाष तोमर, शहजाद अंसारी, सभासद मौ0 शारिक, मौ0 अहमद, निसार खान, अमित कुमार, मौलवी अब्दुल बासीद, समाजसेवी हाजी तंजील आलम, खालिद हबीब, अनवर महमूद, यासिर शम्सी, तलाह अहमद, यासीन सोनी, आदि दर्जनों लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## मैकेनिक की सऊदी अरब में ऊंचाई से गिरकर मौत, शव घर पहुंचने पर मचा कोहराम



**बिजनौर।** सऊदी अरब के अरहर शहर में काम करते वक्त ऊंचाई से गिरने के कारण हुई मौत के बाद इसरार के शव को लगभग 21 दिन बाद उसके गृह नगर स्योहारा लाया गया। शव के घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। को नमाज ए जनाजा के बाद सुपर्द ए खाक कर दिया गयाजानकारी के अनुसार थाना स्योहारा के मौहल्ला इस्लामनगर निवासी हाजी जमील अहमद के पुत्र इसरार अहमद उर्फ सरफराज अहमद (40 वर्ष) कई वर्षो से सऊदी अरब में रहकर ए0सी मैकेनिक का कार्य करते थे। इसरार की मार्च के पहले हफ्ते में सऊदी अरब के शहर अरहर में लिफ्ट से काम करते हुए लगभग 40 फीट की ऊंचाई से गिरने से मौत हो गई थी। मृतक इसरार के शव को भारत वापस लाने के लिए कानूनी कार्यवाही चल रही थी। लगभग 21 दिन बाद बीते दिन इसरार का शव उसके गृह नगर स्योहारा वापस लाया गया। शव के घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। को नमाज ए जनाजा के बाद सुपर्द ए खाक कर दिया गया। मृतक इसरार पत्नी व एक पुत्र (4 वर्ष) और एक बेटी (3वर्ष) को रोता बिलखता छोड़ गए।

## बेहतर कार्य के लिए 19 चौकीदारों को साइकिल, टॉर्च



**बांदा।** प्रदेश सरकार की सेवा सुरक्षा व सुशासन नीति के 8 वर्ष पूरा होने पर आयोजित समारोह में एसपी अंकुर अग्रवाल ने पुलिस लाइन में 21 परिवारों को मिठाई व उपहार देकर सम्मानित किया। पुलिस ने इन परिवारों के बीच पैदा हुए विवाद का आपसी सुलह-समझौता कराया था। इसी के चलते पुलिस अधीक्षक ने जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में बेहतर सेवा व सराहनीय कार्य करने वाले 19 ग्राम चैकीदारों को साइकिल व टॉर्च देकर सम्मानित किया। इसके अलावा प्रदेश सरकार की सेवा सुरक्षा व सुशासन नीति के तहत अनेक जन कल्याणकारी योजनाओं, मजबूत कानून व्यवस्था, पुलिस कार्य प्रणाली और जन सेवा पर केन्द्रित शॉर्ट वीडियो के माध्यम से विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों के अलावा विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी गयी। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नरैनी अंबुजा त्रिवेदी, प्रतिषार निरीक्षक पुलिस लाइन वेदमणि मिश्र, महिला थाना प्रभारी मोनी निषाद, परिवार परामर्श केन्द्र प्रभारी, उप निरीक्षक रश्मि देवी मौजूद रहीं।

# सरकार ने किया हर वर्ग का उत्थान : मंत्री रामकेश निषाद



**ललितपुर।** प्रदेश सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कल्याणसिंह सभागार ऑडीटोरियम में आयोजित तीन दिवसीय मेले के आज दूसरे दिन उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री, जल शक्ति विभाग रामकेष निषाद ने अपने निर्धारित कार्यक्रम अनुसार सदर विधायक रामरतन कुशवाहा व पार्टी पदाधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल पहुंचकर वहां पर विभागों द्वारा लगायी गईं विभिन्न योजनाओं व परियोजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी व स्टॉलों का एक-एक कर अवलोकन किया और सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को जनपद में विभागीय योजनाओं की स्थिति की जानकारी प्राप्त की।कल्याण सिंह सभागार में मंत्री सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने मॉ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, जिलाध्यक्ष भाजपा हरीशचन्द्र रावत, राज्यमंत्री प्रतिनिधि चन्द्रशेखर पंथ, जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक, मुख्य विकास अधिकारी कमलाकांत पाण्डेय की उपस्थिति रही।

- प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन के 8 वर्ष पूर्ण होने पर तीन दिवसीय मेले के दूसरे दिन जलशक्ति मंत्री ने की शिरकत

कार्यक्रम के दौरान सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, जिलाध्यक्ष भाजपा हरीशचन्द्र रावत ने अपने सम्बोधन में उत्तर प्रदेश सरकार के शानदार 8 वर्षों की उपलब्धियां, नीतियां एवं कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के माध्यम से ललितपुर के चैमुखी विकास, एयरपोर्ट, बल्क ड्रग पार्क, मेडिकल कॉलेज सहित विभिन्न कार्यों से जनपद की आम जनता के जीवन स्तर में होने वाले सकारात्मक बदलाव को बताया।

मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पिछले 8 वर्षों में हर वर्ग के उत्थान के लिए एतिहासिक कार्य किये गए हैं, जिनके आप सभी साक्षी हैं। गरीब, असहाय, वंचित व्यक्तियों के लिए आवास, शौचालय व खाद्यान्न की व्यवस्था कर उनके जीवन स्तर को उठाया है, महिलाओं, बालिकाओं के सम्मान में नारी सशक्तिकरण अभियान चलाकर उन्हें आत्मनिर्भर व स्वावलम्बी बनाया। मां-बहनों को उज्वला का उपहार देकर ईंधन के धुएं से निजात दिलायी और देश प्रदेश के युवाओं को ब्याजमुक्त ऋण देकर उन्हें स्वरोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाया। पहले उत्तर प्रदेश को माफियाओं से जोड़कर देखा जाता था, किन्तु मा0 योगी आदित्यनाथ जी के मुख्यमंत्री बनते हुए उत्तर प्रदेश अब उत्तम प्रदेश बन गया है। इसके उपरान्त मा0 मंत्री जी ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति प्रत्र व योजनाओं का लाभ वितरित किया गया। महिलाओं की गोदभराई कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों के साथ प्रतिभाग किया।इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार, मुख्य विकास अधिकारी के0के0 पाण्डेय, पीडी डीआरडीए दीपक यादव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद, उपायुक्त स्वतः रोजगार, उपायुक्त मनरेगा, जिला विकास अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## वन विभाग की छापेमारी में आरा मशीन से बरामद हुआ प्रतिबंधित लकड़ियों का जखीरा



**बिजनौर।** वन विभाग की टीम ने आरा मशीन पर छापा मारकर साल की प्रतिबंधित कीमती लकड़ियों का जखीरा बरामद किया। वन विभाग की टीम ने कार्रवाही करते हुए लकड़ियों को कब्जे में लेकर आरा मशीन सीज कर दिया है।

अफजलगढ कालागढ़ मार्ग स्थित एक आरा मशीन पर वन विभाग को बीते दिन भारी मात्रा में प्रतिबंधित साल की लकड़ी पड़े होने की सूचना मिली। नगीना रेंजर प्रदीप कुमार शर्मा, वन दारोगा धर्मेन्द्र कुमार व साहूवाला रेंजर टीम के साथ मौके पर पहुंचे तो टीम को 20 कुतंल से अधिक साल व लगभ्म 20 कुंतल शीशम की लकडी मौके से बरामद हुई। वन विभाग की टीम ने बरामद की गई लकड़ियों की पैमाईश कर अपने कब्जे में ले लिया। वन विभाग की कार्रवाई से क्षेत्र की अन्य आरामशीन व टाल स्वामियों में हड़कंप मच गया। नगीना वन क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार शर्मा ने बताया कि लकडी कब्जे में लेकर आरामशीन को सीज करते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। छापेमार कार्रवाही में वन क्षेत्राधिकारी नगीना प्रदीप कुमार शर्मा, वन क्षेत्राधिकारी साहूवाला जितेन्द्र, वन दरोगा धर्मेन्द्र, वन दरोगा सुनील कुमार राजौरा आदि शामिल रहे।

## स्वास्थ्य समस्याओं को लेकर सपाइयों ने भेजा ज्ञापन

ललितपुर। जिले में नवनिर्मित स्वशाषी राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय मेडीकल कॉलेज में व्याप्त समस्याओं के खिलाफ समाजवादी मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड जिलाध्यक्ष इंजी.हृदेश यादव मुखिया के नेतृत्व में एक ज्ञापन प्रभारी मंत्री को भेजने पहुंचे थे। ज्ञापन में उन्होंने बताया कि जिले के मेडीकल कॉलेज में विगत दिनों हुयी प्रसूता महिला की मौत के मामले में विरोध प्रदर्शन किया गया था, जिसके बाद भी कोई कार्यवाही नहीं की गयी। इसके अलावा महिला अस्पताल में एक ऑपरेशन के नाम पर 6 हजार रुपये तक की वसूली करने के आरोप लगाये गये थे, जिस पर कोई कार्यवाही नहीं की गयी। इसके अलावा मेडीकल कॉलेज के एक प्रोफेसर पर भी उन्होंने प्राईवेट प्रक्टिस करने का आरोप लगाया है। उन्होंने सभी प्रकरणों में मेडीकल कॉलेज के प्रधानाचार्य को कठघरे में खड़ा करते हुये पूरे मामलों की जांच करायी जाकर कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय जिलाध्यक्ष इंजी. हृदेश यादव मुखिया के अलावा महिला सभा जिलाध्यक्ष गीता मिश्रा, छात्रसभा जिलाध्यक्ष गौरव विश्वकर्मा, जिला महासचिव चारू सतभैया, चन्द्रपाल यादव एड., विट्ठ, नवल घावरी के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।

# परिसीमन पर सियासत

उत्तर भारत का विरोध, हिन्दी भाषा का विरोध और सनातन धर्म के खिलाफ बदजुबानी कर सियासत को चमकाना तमिलनाडु में डीएमके का शगल रहा है। जब भी डीएमके की सियासत खतरे में होती है या चुनाव नजदीक आते हैं तो वह हिन्दी भाषा और उत्तर भारत के विरोध का मुद्दा उछाल देती है और उसके इस ट्रैप में तमिलनाडु की अन्य पार्टियां भी फंस जाती हैं। डीएमके नेता और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टॉलिन फिलहाल हिन्दी भाषा और लोकसभा सीटों के प्रस्तावित परिसीमन के विरोध को हवा दे रहे हैं। हिन्दी सीधे-सीधे उत्तर भारतीयों का विरोध है क्योंकि यहां हिन्दी भाषा बोली जाती है और परिसीमन परोक्ष रूप से उत्तर भारत का विरोध है क्योंकि 2026 में प्रस्तावित परिसीमन से उत्तर भारत के राज्यों में लोकसभा सीटें बढ़ने की अशंका जतायी जा रही है। हालांकि भारत सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि किसी भी राज्य की सीटें घटेंगी नहीं लेकिन फिर भी जिस तरह से डीएमके लगातार परिसीमन का विरोध कर रही है, उससे समझा जा सकता है कि वह इस बहाने दक्षिण के अन्य राज्यों को गोलबंद करना चाहती है और 2026 में प्रस्तावित विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अपने पक्ष में सियासी महौल बनाने की कोशिश भी कर रही है। राष्ट्रीय एकता को कमजोर कर अपना सियासी स्वार्थ साधने की यह प्रवृत्ति अत्यंत घातक है। इसलिए भारत सरकार को डीएमके और स्टॉलिन की इस सियासत से प्रभावी तौर-तरीकों से निपटने के लिए बहुत ही सोच-समझकर संतुलित कदम बढ़ाना होगा। यह भारत की एकता और अखण्डता के सामने एक नयी चुनौती है। छोटे राज्य, खास तौर पर दक्षिण के, सरकार की परिसीमन योजना का विरोध करने के लिए एकजुट हो रहे हैं। परिसीमन जनसंख्या के आधार पर संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों को फिर से परिभाषित करने की संवैधानिक रूप से आवश्यक प्रक्रिया है। तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, तेलंगाना और अन्य छोटे राज्यों में यह भय बैठाया जा रहा है कि आगामी जनगणना के परिणाम स्वरूप उनकी संसदीय सीटें कम हो जाएंगी और उत्तर प्रदेश तथा बिहार जैसे बड़े उत्तरी राज्यों की सीटें बढ़ जाएंगी। उनको शिकायत है कि उन्हें अपनी जनसंख्या वृद्धि को सफलतापूर्वक नियंत्रित करने के लिए दंडित किया जा रहा है। तमिलनाडु के सीएम स्टालिन ने परिसीमन को दक्षिण भारत के राज्यों के प्रतिनिधित्व को कम करने और आवाज को दबाने से जोड़ रहे हैं। परिसीमन छोटे राज्यों के लिए एक अवसर प्रस्तुत करता है। यदि वे वास्तव में एकजुट होते हैं, तो वे संसद में अधिक प्रतिनिधित्व और मजबूत आवाज प्राप्त कर सकते हैं। वे संसद में सुधार करने में मदद कर सकते हैं, जहां कई समूहों का प्रतिनिधित्व कम है। परिसीमन का आधार क्या होगा, कितनी सीटें बढ़ेंगी या सीटें बढ़ने के बजाय वर्तमान सीटों के तहत ही लोकसभा क्षेत्रों का निर्धारण होगा ताकि सभी सीटों में जनसंख्या और मतदाताओं का समान अनुपात स्थापित किया जा सके। फिलहाल देश में शहरीकरण तेजी से बढ़ रहा है इस कारण 15-20 साल में सीटों की जनसंख्या काफी बदल जाती है। ऐसे में परिसीमन के जरिए सभी लोकसभा सीटों पर समान जनसंख्या का अनुपात रखा जा सके यह जरूरी है। जहां तक सीटें बढ़ने का मुद्दा है, तो नीतिगत फैसला है। वर्ष 2000 में परिसीमन प्रस्तावित था लेकिन तब इसे 2026 तक के लिए टाल दिया गया था। अब वह समय आ रहा है जब परिसीमन होगा और नये सिरे से लोकसभा सीटों की संख्या, सीटों के तहत आने वाला क्षेत्र और मतदाताओं की संख्या तय होगी। भारत सरकार ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि किसी राज्य को नुकसान नहीं होगा। ऐसे में दक्षिणी राज्यों का विरोध समझ से परे है।फिर भी अगर कोई आशंका है, तो भारत सरकार से आपसी बातचीत इस मुद्दे पर सहमति बनायी जा सकती है। लेकिन स्टॉलिन को बातचीत या सहमति की जरूरत नहीं है। उन्हें तो बस विवाद भड़कार सियासी स्वार्थ साधना है और यही वे कर रहे हैं।



स्टॉलिन परिसीमन को लेकर बेवजह का विवाद खड़ा कर आगामी विधानसभा चुनावों के लिए गोलबंदी कर रही हैं।

विचार

जो ब्रह्म है जो सबसे महान है, उसी को मनुष्य के सामने रखने से उसके मन को सांत्वना प्राप्त हो सकती है।

–रवीन्द्रनाथ ठाकुर.

किसी निश्चय पर पहुंचना ही विचार का उद्देश्य है और जब किसी बात का निश्चय हो जाए, तो उस पर अमल करने में देर करना भूल है।

–तिरुवल्लुअर.

जो जीवों की हिंसा करता है वह आर्य नहीं होता, सभी जीवों के प्रति हिंसा का भाव रखने वाला ही आर्य कहलाता है।

–गौतम बुद्ध.

मनुष्य का आचरण ही बताता है कि वह कुलीन है अथवा अकुलीन, शूरवीर है अथवा भीरू, पवित्र है अथवा अपवित्र।

–वाल्मीकि.

आशा उत्साह की जननी है। आशा में तेज है, बल है, जीवन है। आशा ही संसार की संचालन शक्ति है।

–प्रेमचंद.

# कामरा की कॉमेडी को मात देती बीएमसी



शाहिद ए चौधरी



अगर किसी व्यक्ति को यह लगता है कि किसी अन्य व्यक्ति के शब्दों से समाज में उसकी बदनामी हुई है तो भारत के संविधान के तहत उसके पास न्याय पाने के दो कानूनी विकल्प उपलब्ध हैं। वह संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध आपराधिक या सिविल मामला दर्ज कर सकता है और फिर अदालत तय करेगी कि उसकी मानहानि वास्तव में हुई या नहीं। लेकिन उसे किसी भी सूरत में कानून अपने हाथ में लेने का अधिकार नहीं है। इसलिए स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा के वायरल हुए व्यंग्य से महाराष्ट्र के उप-मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की मानहानि हुई या नहीं, का फैसला अदालत करेगी मैं या आप नहीं और अगर कामरा दोषी हैं तो भी उन्हें सजा अदालत ही सुनायेगी मैं या आप नहीं। कानून और लोकतंत्र का यही तकाजा है। लेकिन हुआ क्या? जैसे ही कामरा का राजनीतिक व्यंग्य वायरल हुआ तो शिंदे शिव सेना के कार्यकर्ताओं ने उस होटल के स्टूडियो में जाकर तोड़फोड़ की, गाली गलौज की और हंगामा किया जहां कामरा ने अपना वीडियो शूट किया था।

इन असामाजिक तत्वों (राजनीतिक कार्यकर्ता इनके लिए उचित शब्द नहीं है) ने कामरा को फोन पर मुंह काला करने से लेकर जान से मारने तक की धमकी दी। इससे अलग बीएमसी ने संबंधित होटल पर बिना नोटिस के बुल्डोजर कार्यवाही की, यह कहते हुए कि उसने होटल के अवैध निर्मित हिस्से को गिराया है। यह मुमकिन है कि होटल ने कुछ अवैध विस्तार किया हो, लेकिन महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि तथाकथित अवैध निर्माण कामरा प्रकरण के तुरंत बाद ही क्यों गिराया गया? क्या इसके बारे में बीएमसी को पहले से मालूम नहीं था? अगर मालूम था तो उसने कार्यवाही क्यों नहीं की थी? क्या उसको कामरा प्रकरण होने की प्रतीक्षा थी? फिर शिंदे शिव सेना के तत्वों को कानून अपने हाथ में लेने की इजाजत किसने दी? क्या उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही नहीं होनी चाहिए? खार पुलिस ने 12 शिव सैनिकों को स्टूडियो में तोड़फोड़ करने के आरोप में हिरासत में अवश्य लिया है, लेकिन क्या सिर्फ 12 व्यक्तियों ने तोड़फोड़ की? वीडियो में तो इससे कहीं अधिक लोग तोड़फोड़ करते हुए नजर आ रहे हैं। बाकी सब को हिरासत में क्यों नहीं लिया गया?

सुप्रीम कोर्ट के आदेश में सब कुछ एकदम स्पष्ट है, बिना कारण बताओ नोटिस के, जिसका जवाब स्थानीय नगर पालिका नियमों या 15 दिनों के भीतर दिया जाये, जो भी अधिकतम हो, बिना नोटिस किसी इमारत को नहीं गिराया जा सकता।

इससे भी अधिक चिंताजनक बात यह है कि यह सब सत्तारूढ़ दल के समर्थक कर रहे हैं, शायद इस वजह से कि जब सैंया भये कोतवाल तो फिर डर काहे का। लोकतंत्र के लिए यह खतरे की घंटी है। सत्तारूढ़ दल का कर्तव्य राज्य में कानून व्यवस्था बनाये रखने का है, न कि अपने समर्थकों को गुंडागर्दी करने की खुली छूट देने की या अपने अधीन प्रशासनिक अधिकारियों से कानून का उल्लंघन या दुरूपयोग कराने की। महाराष्ट्र में पिछले एक सप्ताह के दौरान सुप्रीम कोर्ट के नवम्बर 2024 के आदेश का दो बार खुला उल्लंघन देखने को मिला है, जिसने इमारतों को गिराने के संदर्भ में, जिनमें अवैध इमारतें भी शामिल हैं, स्पष्ट दिशा निर्देश जारी किये थे जो अखिल भारतीय स्तर पर लागू हैं। सुप्रीम कोर्ट के आदेश में सब कुछ एकदम स्पष्ट है, बिना कारण बताओ नोटिस के, जिसका जवाब स्थानीय नगरपालिका नियमों या 15 दिनों के भीतर दिया जाये, जो भी अधिकतम हो, बिना नोटिस किसी इमारत को नहीं गिराया जा सकता।

कॉमेडी पर विवाद

नागपुर नगर निगम ने दंगे के एक आरोपी के मकान को सर्वेयर द्वारा 20 मार्च को अवैध घोषित कराया और 24 मार्च को उसे तोड़ दिया। मुंबई के होटल के तथाकथित अवैध निर्माण को तो कामरा के वीडियो वायरल होने के अगले दिन ही तोड़ दिया गया। यह किस किस्म का प्रशासन चल रहा है जिसे नियमों, कानूनों और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की कोई परवाह नहीं है। जो मन में आता है वह कर दिया जाता है यह लोकतंत्र है या तानाशाही?

दरअसल, यह सब एक सोची समझी रणनीति के तहत किया जा रहा है। सत्तारूढ़ दलों को यह पसंद नहीं है कि कोई उनसे सवाल करे, कोई उनकी नीतियों की आलोचना करे, कोई उनके नेताओं का कार्टून बनाये (किसी अखबार में आपको लक्ष्मण या सुधीर धर नजर आ रहे हैं?), या कोई स्टैंड-अप कॉमेडियन उन पर व्यंग्य करे। इसलिए तोड़फोड़ व त्वरित 'कानूनी कार्यवाही' से लेखकों, पत्रकारों, कॉमेडियनों आदि को यह संदेश देना है कि वह तोल-मोलकर बोलें, सरकार से कुछ न कहें और केवल विपक्ष से सवाल करें। इसके अतिरिक्त होटल या स्टूडियो मालिकों को भी संदेश दिया जा रहा है कि वे सरकार से सवाल करने वाले व्यक्तियों को अपनी जगह न दें।

यह एक तरह से अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को नियंत्रित करने का ही प्रयास मात्र है। इसलिए जो कुछ मुंबई में हुआ है, वह मजाक एकनाथ शिंदे पर नहीं है बल्कि उन सब पर है जो लोकतंत्र में विश्वास करते हैं और देश को संविधान के अनुसार चलाये जाने की इच्छा रखते हैं। जब जीवन ही कॉमेडी बनकर रह जाये तो बेचारा कॉमेडियन क्या करे। इसमें शक नहीं है कि राजनीति हमेशा से ही हास्य व्यंग्य के लिए उपजाऊ मसाला प्रदान करती रही है। दुनियाभर के खुले लोकतन्त्रों में लोग अपने सियासी नेताओं की कीमत पर खुलकर हंसते रहे हैं। हमारे यहां भी हरिशंकर परसाई या केपी सक्सेना के राजनीतिक व्यंग्य बाणों ने लोगों को खूब गुदगुदाया है। लेकिन यह गुजरे जमाने की बात सी लगती है। आज के अधिकतर या लगभग सभी खद्दरधारी छुईमुई के पौधे से भी अधिक छुईमुई हो गये हैं, जब व्यंग्य का बाण उनकी तरफ चलता है, विशेषकर जब उन पर किये गये मजाक पर श्रोता अतिरिक्त ठाहाका लगाकर हंसते हैं। यह हो सकता है कि कामरा के नवीनतम जोक्स मजेदार न होकर पूर्णतः बकवास हों, लेकिन इससे क्या फर्क पड़ता है? मुद्दा यह है कि हमारे संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत 'तार्किक पाबंदियों' के भीतर सभी नागरिकों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार प्राप्त है। उद्धव ठाकरे की सेना को कामरा के लतीफों में तर्क नजर आता है, लेकिन शिंदे की सेना को आपत्ति है। ठीक है हर किसी को अपने तौर पर फैसला करने का अधिकार है। लेकिन किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने का हक नहीं है। शिंदे सेना को आपत्ति है तो उसके लिए अदालत के दरवाजे खुले हुए हैं, लेकिन तोड़ फोड़ करने या धमकी देने का अधिकार उसे नहीं है।

आधुनिक समाज की रीढ़ शब्दों से असहमति का जवाब शब्दों से देने वाली है। कानूनी सहअस्तित्व का आधार यह है कि शब्दों पर असहमति हिंसा से व्यक्त न की जाये और अगर कोई हिंसा करता है तो राज्य उसे सजा दे। यह सही है कि पुलिस ने तोड़फोड़ करने वाले कुछ शरारती तत्वों को हिरासत में लिया है, लेकिन साथ ही कामरा पर भी बीएनएस की धाराओं 353(1)बी व 353(2) 'सार्वजनिक शरारत उत्पन्न करने वाले वक्तव्य' और अपराधिक मानहानि, 356(2) के तहत मामला दर्ज किया है। ये सभी धाराएं 1860 की आईपीसी से ली गईं हैं और इनका खुलकर दुरूपयोग भी होता है। पुलिस यह धाराएं क्यों लगा रही है? यह काम तो उस व्यक्ति का है जिसको लगता है कि उसकी मानहानि हुई है। अगर तीसरी पार्टी को जोक्स आपत्तिजनक लग रहे हैं तो भी पुलिस हथकड़ी लेकर क्यों घूम रही है? ऐसा प्रतीत होता है कि कोई भी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के लिए खड़ा नहीं होना चाहता, और यही सबसे बड़ा जोक है, जो हम सब पर है।

सोशल मीडिया

हमारी सोच पॉजिटिव है। हम जनता जनार्दन का विकास कर उन्हें गरीब कल्याण योजना से जोड़ रहे हैं। विरासत का सम्मान कर उनकी पुनर्स्थापना का काम भी हो रहा है। सीएम योगी.



समाजवादी पार्टी सामाजिक न्याय और समतामूलक समाज की स्थापना में विश्वास करती है, हम कमजोर से कमजोर हर व्यक्ति को सम्मान दिलाना चाहते हैं। अखिलेश यादव



भाजपा द्वारा ईद, वैशाखी गुड फ्राइडे, ईस्टर पर 32 लाख अल्पसंख्यक गरीब परिवारों को सौगात ए मोदी के रूप में पीएम का प्रेम संदेश पहुंचाने की घोषणा राजनीतिक स्वार्थ है। मायावती.



# ईश्वर हमारे भीतर है

जीवन क्या है, यह ईश्वर का ही एक स्वरूप है। मेरे लिए जीवन परमात्मा का पर्यायवाची है। अधिक लोग उसमें खोजते हैं जो दृश्य है, धन में खोजते, पद में खोजते। पद और धन दृश्य हैं। बाहर खोजते। बाहर जो भी है सब दृश्य है : उसमें खोजना जो द्रष्टा है, साक्षी है, तो तुम्हें परम जीवन की स्फुरणा मिलेगी। उसी स्फुरणा में उत्तर है, मैं उत्तर नहीं दे सकूंगा। कोई उत्तर कभी नहीं दिया है। उत्तर है नहीं, मजबूरी है, देना चाहा है बहुतों ने कभी किसी ने कोई उत्तर नहीं दिया है और जिन्होंने उत्तर सच में देने की चेष्टा की है, उन्होंने सिर्फ इशारे बताए हैं कि तुम अपना उत्तर कैसे खोज लो। उत्तर नहीं दिया, संकेत किए हैं, ऐसे चलो, तो उत्तर मिल जाएगा। उत्तर बाहर नहीं है, उत्तर तुम्हारे भीतर है। उत्तर है इस रूपांतरण में कि मेरी आंखें बाहर न देखें, भीतर देखें। मेरी आखें दृश्य को न देखें, द्रष्टा को देखें। मैं अपने अंतरतम में खड़ा हो जाऊं, जहां कोई तरंग नहीं उठती, वहीं उत्तर है, क्योंकि वहीं जीवन अपनी पूरी विभा में प्रकट होता है। वहीं जीवन के सारे फूल खिलते हैं। वहीं जीवन का नाद है, ओंकार है। जिंदगी, सच है कि झूठ ही लगती अगर अफसाना न होती। वह जो दृश्य का जगत है, एक कहानी है, जो तुमने रची और जो तुमने तुमसे ही कही। एक नाटक है, जिसमें निर्देशक भी तुम, कथा-लेखक भी तुम, अभिनेता भी तुम, मंच भी तुम, मंच पर टंगे पर्दे भी तुम और दर्शक भी तुम। एक सपना है, जो तुम्हारी वासनाओं में उठा और धुएं की तरह जिसने तुम्हें घेर लिया। एक तो जिंदगी यह रही, दुकान की, बाजार की, पत्नी-बेटे की, आकांक्षाओं की। संसार जिसे कहा है। और एक जिंदगी और भी है, वह जो भीतर बैठा देख रहा है। देखता है कि जवान था, अब बूढ़ा हुआ, देखता था कि तमन्नाएं थीं, अब तमन्नाएं न रहीं, देखता था कि बहुत दौड़ा और कहीं न पहुंचा, देखता था, देखता रहा है, सब आया, सब गया, जीवन की धारा बहती रही, बहती रही, लेकिन एक है कुछ भीतर जो नहीं बहता, जो ठहरा है, जो स्थिर है, जो अडिग है, वह साक्षी।

अंतर्दृष्टि

एक जीवन वह है। बाहर का जीवन भटकाता, भरमाता है। उत्तर के आश्वासन देगा और उत्तर कभी आएगा नहीं। भीतर का जीवन ही उत्तर है। तुम पूछते हो– जीवन क्या है? तुम्हें जानना होगा। तुम्हें अपने भीतर चलना होगा। मैं कोई उत्तर दूं, वह मेरा उत्तर होगा। शांडिल्य कोई उत्तर दें, वह शांडिल्य का उत्तर होगा। वह उन्होंने जाना, तुम्हारे लिए जानकारी होगी। और जानकारी ज्ञान में बाधा बन जाती है। जानकारी से कभी जानना नहीं निकलता। उधारी से कहीं जीवन निकला है! बजाय तुम बाहर उत्तर खोजो, तुम अपने को भीतर समेटो।

**–ओशो.**

# जीवन का सत्य है सत्ता!

व्यंगलोक

सभी राजनीतिक दलों को इस समय एक ही चिन्ता सता रही है कि उन्हें सत्ता में आने दो। बिना सत्ता में आये वे कुछ नहीं कर सकते हैं। सत्ता ही समाधान की ऐसी सीढ़ी है जिसके द्वारा जन कल्याण का मार्ग भी प्रशस्त होता है। वे अपने इर्द-गिर्द खड़ी भीड़ को हटाते हुए यही तो कह रहे हैं कि सामने से हट जाओ और उन्हें सत्ता में आने दो। वे सत्ता के लिए कुछ भी कर सकते हैं। सत्ता उनका ईमान और धर्म है। सत्ता उनके जीवन का आदर्श और अंतिम लक्ष्य है। वे सत्ता में आने वाले तमाम रोड़ों-अड़चनों को राजी-बेराजी, साम, दाम, दण्ड और भेद की नीति से हटाने को पूर्णतया तत्पर हैं। सत्ता जीवन का सत्य और चरम है। तभी तो वे कुछ कर पायेंगे। मसलन परिवारजनों को नौकरी, ठेका, परमिट, लाइसेंस देना है तो अपनी सात पीढ़ियों के लिए माकूल प्रबन्ध भी करके जाना है ताकि उन्हें भीख का कटोरा हाथ में न लेना पड़े। सत्ता में शरीर फूल कर कुप्पा हो जाता है। गोल-मटोल चेहरे पर छोटी-छोटी दो आँखें गिद्ध दृष्टि से भी ज्यादा तेज और चालाक हो जाती हैं। सत्ता से मोतियाबिन्द नहीं होता। तमाम रोग बिना सत्ता के होते हैं, इसलिए वे सत्ता को चाहते हैं। इसके लिए वे बार-बार अन्तरात्मा की आवाज पर दल बदलते हैं। सिद्धान्तों को धूल चटाते हैं और खुद थूक कर चाटते हैं। उन्हें सत्ता का इतना जबरदस्त फोबिया है कि वे हार जाने पर भी राजनीति नहीं छोड़ते। यही क्यों बात-बात में राजनीति करना उनकी आदत है। झूठ, आश्वासन और झाँसों के सहारे वे अपने को यहाँ तक ले आये हैं, सत्ता की ही देन है कि उनके पास भौतिक सुख सुविधाओं का अथाह भंडार है। कई फैक्ट्रियाँ, कई होटल, बड़े-बड़े शहरों में विशाल कोठियाँ और फार्म हाउस। उनके बच्चे महँगे स्कूलों में पढ़ते हैं, कारों में घूमते हैं तथा विदेशों में सैर सपाटे को जाते हैं। वे खुद भी हवाई जहाजों में घूमते हैं तथा सर्वोच्च शिखर पर बने रह कर देश को धोखेबाजी का अपना ताण्डव दिखाते हैं। उनका पूरा जीवन पाखण्ड और छलावे से भरा है। यह सब चलता रहे, इसलिए उन्हें सत्ता में आने दो। उनका कहना है कि वे वर्षों तक विपक्ष में बैठ कर गाल बजाते रहे और दाँत पीसते रहे, इसलिए भी अब उन्हें सत्ता में आने दो सत्ता में वे क्यों नहीं आयें, उन्होंने अपने दल में अब बेधड़क निर्भीकता से सबको घुसा लिया है। चाहे वे उनकी विचारधारा के हैं या नहीं। उनका विचार सिर्फ इतना-सा है कि सत्ता उनसे कहीं दूर नहीं चली जाये। इसलिए वे बेमेल गठबंधन और समझौतों पर समझौता मात्र सत्ता के लिए किये चले जा रहे हैं। इसलिए भी उन्हें सत्ता में आने दो।



पूरन सरमा

# बॉलीवुड की यादगार सात प्रेम कहानियां



बड़ा पर्दा

कैलाश सिंह

भारत में जब से फिल्में बनना आरंभ हुई हैं, तब से ही बॉलीवुड और रोमांस का रिश्ता गहरा होता गया है। लगभग हर फिल्म में प्रेम की एक नई परिभाषा सुनने को मिलती है। यहां हम क्लासिकल प्रेम कथाओं (हीर-रांझा, लैला-मजनूं आदि) को छोड़ देते हैं और 'प्यासा', मुगले-आजम, 'आवार' 'कभी-कभी' जैसी कालजयी प्रेम कहानियों को भी। देखते हैं कि पिछले दो दशकों के दौरान हिंदी फिल्मों ने प्यार की तारीफ किस तरह से की है, यानी हम 'प्यार दोस्ती है' (कुछ कुछ होता है) या 'एक तरफा प्यार की ताकत' (ए दिल है मुश्किल) जैसी नई प्रेम व्याख्याओं की बात करने जा रहे हैं। अयान मुखर्जी के निर्देशन में बनी 'ये जवानी है दीवानी' (2013) बन्नी (रणबीर कपूर) और नैना (दीपिका पादुकोण) की कहानी है कि वह किस प्रकार अपने जीवन के दो महत्वपूर्ण चरणों में एक दूसरे से मिलते हैं और एक दूसरे से प्यार कर बैठते हैं। यह फिल्म प्रेम और दोस्ती का जश्न मनाती है। इसकी कहानी व गाने भी अच्छे हैं और निर्देशन भी कमाल का है, जिससे यह फिल्म मनोरंजन भी भरपूर करती है। संजय लीला भंसाली की फिल्म 'राम लीला' शेक्सपियर की 'रोमियो एंड जूलिएट' का हिंदी रूपांतर है। राम (रणवीर सिंह) और लीला (दीपिका पादुकोण) का संबंध दो ऐसे परिवारों- रजादी व सनेरा से है, जो आपस में एक दूसरे के दुश्मन हैं। लेकिन दोनों को आपस में प्यार हो जाता है और अपने प्रेम की खातिर उन्हें कुर्बानियां भी देनी पड़ती हैं। इस फिल्म ने भारतीय फिल्मों में कहानी कहने की नई सीमाएं निर्धारित कीं हैं।

'मनमर्जियां' (2018) नये युग की प्रेम कथा है, बावजूद इसके कि इसमें परम्परागत प्रेम त्रिकोण है। अनुराग कश्यप के निर्देशन में बनी इस फिल्म में तापसी पन्नू, अभिषेक बच्चन और विक्की कौशल की प्रमुख भूमिकाएं हैं। इसमें प्रेम व संबंध पर एकदम नया व ताजा दृष्टिकोण अपनाया गया है, जो दर्शकों के दिल को स्पर्श कर जाता है। उलझन व भावनाओं से कोई व्यक्ति अछूता नहीं है। फिल्म में इस तथ्य पर अधिक जोर दिया गया है। करण जौहर के निर्देशन में बनी फिल्म 'ए दिल है मुश्किल' निःस्वार्थ प्रेम, दिल टूटने व सबक सीखने से संबंधित है। यह एकतरफा प्रेम की कहानी है, जो दर्शकों को इसलिए भी पसंद आयी, क्योंकि इस प्रकार के प्रेम का हम सभी ने अपने अपने जीवन में कभी न कभी अनुभव किया होता है। यह कहानी अयान (रणबीर कपूर) और अलिजेह (अनुष्का शर्मा) की है, जो दोस्त बन जाते हैं और अयान को उससे प्रेम हो जाता है।

मोहित सूरी के निर्देशन में बनी 'आशिकी 2' इसी नाम से बनी पहली फिल्म से एकदम भिन्न है। यह क्लासिक प्रेम कथा है, जिसमें शुद्ध, तीव्र, निःस्वार्थ व भावनाओं से भरा प्रेम है। यह फिल्म दर्शकों को जज्बात के रोलरकोस्टर पर ले जाती है। श्रद्धा कपूर व आदित्य रॉय कपूर के बीच अच्छी केमिस्ट्री है और दोनों ने बहुत अच्छा काम किया है। जब रोमांटिक फिल्मों की बात होती है तो इम्तियाज अली पर आंखें बंद करके भरोसा किया जा सकता है। वह ऐसा अनुभव प्रदान करते हैं, जिसे दर्शकों के समय व पैसे का सदुपयोग कहा जा सकता है। जब वी मेट, 'लव आज कल' तो अपनी जगह मास्टरपीस हैं हीं, 'रॉकस्टार' भी इसी श्रेणी में आती है। यह फिल्म जेजे (रणबीर कपूर) के बारे में है जो संगीत सनसनी बनना चाहते हैं। वह इस सिलसिले में अपने कॉलेज कैंटीन के प्रबंधक की बात मान लेते हैं कि 'दिल टुटवाने के बाद वह रॉकस्टार बन जायेंगे'। जेजे फिर कैंपस की सबसे सुंदर लड़की हीर (नर्गिस फाखरी) के पास जाते हैं और जटिलताओं से भरी उनकी प्रेम कथा आरंभ होती है। अपने सपनों के राजकुमार या राजकुमारी से शादी करने की कल्पना कौन नहीं करता। शशांक घोष के निर्देशन में बनी फिल्म 'खूबसूरत' ऐसी ही फंतासी की कहानी है। डा. मिली (सोनम कपूर) फिजियो थेरेपिस्ट हैं, जिन्हें राजस्थान के राजा शेखर सिंह राठौर (आमिर रजा) का उपचार करने के लिए हायर किया जाता है, जहां उनकी मुलाकात राजा के बेटे विक्रम (फवाद खान) से हो जाती है, जो उनके एकदम विपरीत है। जहां मिली हंसमुख व बिंदास लड़की है वहीं विक्रम शालीन राजकुमार हैं। कहानी यह है कि दो विपरीत ध्रुव एक दूसरे से कैसे प्यार कर बैठते हैं।

## आपकी बात

# भारतीय अर्थव्यवस्था पर भरोसा

भारतीय बाजार में निवेशकों का भरोसा लगातार बढ़ता जा रहा है। हालांकि पूंजी बाजार देश की संपूर्ण अर्थव्यवस्था का आईना नहीं है। यह वास्तविक आर्थिक विकास, समृद्धि एवं कल्याण का सर्वमान्य मानक भी नहीं है। एक ऐसी अर्थव्यवस्था में जहां असमतल विकास, आर्थिक विषमता और अमीर-गरीब की बेतहाश चौड़ी खाई हो, वहां पूंजी बाजार के घटक निफ्टी या सेंसेक्स के आंकड़ों के आधार पर लोगों की माली हालत का अंदाजा भी नहीं लगा सकते हैं। यही कारण है कि जब सरकारें पूंजी बाजार के आंकड़ों के सहारे देश के आर्थिक परिदृश्य की गुलामी छंटा दिखती हैं, तो तमाम समाजवादी या वामपंथी आस्था वाले आर्थिक विश्लेषक इसे पूंजीवादी धोखा, अर्थव्यवस्था का पश्चिमीकरण, आर्थिक बुलबुला और न जाने कौन-कौन से शब्दों से लानत-मलामत देते हैं। लेकिन जरा सोचिए कि अगर पूंजी बाजार की गर्माहट, जीडीपी में बढ़त, वैश्विक व्यापार में दिनोंदिन बढ़ती भागीदारी, निजी, सार्वजनिक और एफडीआई निवेश का बढ़ता आंकड़ा, ये सब देश की आर्थिक प्रगति के मजबूत संकेत नहीं हैं, तो और क्या है। जाहिर है हम इन्हीं आंकड़ों के सहारे किसी देश की अर्थव्यवस्था के प्रदर्शन का अनुमान लगाते हैं। इस संदर्भ में यह कहा जा सकता है कि पूंजी बाजार के ऐतिहासिक आंकड़े तक पहुंचना यह साबित करता है कि हमारी अर्थव्यवस्था की भावी तस्वीर बहुत बुलंद है। पूंजी बाजार दरअसल अनुमानों, अटकलों, आशकांओं और उम्मीदों पर चलता है। यह देश के भावी आर्थिक हालात को पहले ही अनुमानित कर अपनी प्रतिक्रिया करता है। इसे इस तरह भी समझ सकते हैं कि भविष्य में देश की आर्थिक स्थिति बेहतर होगी, प्रगति और निवेश में सुधार आयेगा, तो शेयर बाजार कई महीना पहले ही कुलांचे भरने लगता है। लेकिन अगर यह आशंका हो कि भविष्य में स्थिति खराब होगी, विकास दर घट सकती है, महंगाई या ब्याज दरों में वृद्धि हो सकती है, तो शेयर बाजार चार-छह महीना पहले ही ठंडा पड़ने लगता है। कुल मिलाकर हम सेंसेक्स, निफ्टी और म्युचुअल फंड जैसे पूंजी बाजार के घटकों को भावी अर्थव्यवस्था का बैरोमीटर कह सकते हैं। इसलिए अगर आज पूंजी बाजार में बढ़त का रिकॉर्ड बन रहा है, तो इससे यह अनुमान लगाया जा सकता है कि हमारा भावी आर्थिक परिदृश्य बेहद आशावादी है। निवेशकों को अपने निवेश पर बेहतर रिटर्न की उम्मीद है और इसलिए हमारे बाजार में निवेश कर रहे हैं।

**आदित्य प्रकाश सिंह, लखनऊ.**

# युवाओं को आगे बढ़ायें

पार्टियें बाते बहुत करती हैं लेकिन जब युवाओं को आगे करने की बात होती है, मुकर जाती हैं। जब पार्टी संगठन, पार्टी प्रत्याशियों की सूची और सियासी पदों पर काबिज लोगों की उम्र देखते हैं, तो वहां साठ, सत्तर और अस्सी वाले बड़ी ही मजबूती के साथ कुर्सी पर जमे हैं। कुर्सी के साथ उम्रदराज नेताओं का प्रेम बढ़ता ही जाता है। ऐसे में अगर युवा राजनीति में आना चाहें, आगे बढ़ना चाहें या राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देना चाहें, तो कहां दे डालें। क्या हमारे सियासतदानों ने उनके लिए जगह छोड़ी है? ऐसे समय जब राजनीति में उम्रदराज लोगों की संख्या अधिक है, लोकसभा, राज्यसभा और मंत्रिपरिषद के सदस्यों की औसत आयु भी बहुत अधिक है। तब भारतीय जनता पार्टी में इस बात पर मंथन होना कि आजादी के अमृत काल में कैसे लोकसभा में युवाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाया जाये, कैसे अधिक से अधिक युवाओं को टिकट दिया जाये और बार-बार एक ही लोगों को टिकट देते रहने के बजाय पार्टी नये सदस्यों को मौका दिया जाये, यह स्वागत का विषय है। भाजपा आज दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में शासक दल है। ऐसे में पार्टी का यह दायित्व बनता है कि वह पार्टी संगठन, चुनावी रणनीतियों और सियासी व्यस्तताओं से कुछ समय निकालकर राजनीति के सैद्धान्तिक मुद्दों पर भी विमर्श करे।

**जय प्रकाश श्रीवास्तव, लखनऊ.**

संक्षेप

## कृषि संयुक्त प्रवेश परीक्षा 11 व 12 जून को

**अयोध्या।** प्रदेश के पांचों कृषि विश्व विद्यालयों की उत्तर प्रदेश कृषि एवं प्रौद्योगिक संयुक्त प्रवेश परीक्षा की जिम्मेदारी इस बार चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कानपुर संभाल रहा है। इस परीक्षा में शामिल होने वाले छात्र-छात्राएं कृषि विश्वविद्यालयों में स्नातक, परास्नातक एवं पीएचडी के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश ले सकेंगे। कृषि विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी आशुतोष सिंह ने बताया कि यह परीक्षाएं 11 व 12 जून को आयोजित की जायेगी।इस परीक्षा के लिए कुल 11 केंद्र बनाए गए हैं। यूपी कैटेट- 2025 में प्रवेश के लिए छात्र-छात्राएं ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। फार्म भरने की तिथि 17 मार्च 2025 से लेकर 7 मई 2025 तक निर्धारित की गई है।फार्म भरने की अंतिम तिथि 7 मई है, उसके बाद किसी के भी फार्म को स्वीकार नहीं किया जाएगा। पाठ्यक्रम का नाम,सीटों की संख्या,परीक्षा केंद्र, प्रवेश परीक्षा की अर्हता, ऑनलाइन आवेदन के लिए परीक्षा फार्म एवं अन्य विवरण उत्तर प्रदेश संयुक्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी प्रवेश परीक्षा-2025 की अधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है।

# नो दंगे-नो कर्फ्यू वाला प्रदेश है यूपी : सतीश शर्मा

### योगी सरकार के आठ वर्ष के उपलक्ष्य में प्रदेश के सभी जिलों में मनाया जा रहा है उत्सव

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार के आठ साल पूरे होने के उपलक्ष्य में प्रदेश भर में उत्सव का माहौल है। सभी जिलों में विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए इस उपलब्धि को मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में अयोध्या के प्रसिद्ध रामकथा पार्क में तीन दिवसीय समारोह का आयोजन किया गया है, जिसका शुभारंभ भव्य तरीके से हुआ।कार्यक्रम के दूसरे दिन मंगलवार को प्रदेश के खाद्य एवं रसद मंत्री सतीश शर्मा ने शिरकत की और उत्सव में शामिल होकर इसे और खास बना दिया। मंत्री सतीश शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सेवा, सुरक्षा और सुशासन की दिशा में अभूतपूर्व कार्य किया है। पहले की सरकारों में दंगे होते थे और कर्फ्यू लगते थे, लेकिन आज उत्तर प्रदेश नो दंगे-नो कर्फ्यू वाला प्रदेश बन गया है।उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में लोग सुरक्षित महसूस करते हैं। बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार दिया जा रहा है। निवेश के लिए माहौल तैयार हो गया है। गरीबों के लिए सभी योजनाओं पर कार्य हो रहा है। 15 करोड लोगों को राशन दिया जा रहा है। 2.66 करोड किसानों को सम्मान निधि दी जा रही है,



जबकि 56 लाख से अधिक लोगों को आशियाना दिया गया है।एक्सप्रेस वे हो या सिंगल लेन सड़क बनाने का कार्य यह सब योगी सरकार में ही सम्भव हो सका है।रामकथा पार्क में आयोजित इस समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों, प्रदर्शनियों और जनसभाओं का आयोजन किया जा रहा है। दूसरे दिन के कार्यक्रम में मंत्री सतीश शर्मा ने सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पिछले आठ वर्षों में योगी सरकार ने कानून-व्यवस्था, विकास और संस्कृति के संरक्षण के क्षेत्र में अभूतपूर्व काम किया है।अयोध्या का विकास इसका जीता-जागता उदाहरण है, जहां राम मंदिर निर्माण के साथ-साथ पर्यटन और बुनियादी ढांचे पर भी विशेष ध्यान दिया गया है।कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों ने रामायण पर आधारित नृत्य-नाटिकाएं प्रस्तुत कीं, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। इसके अलावा, सरकार की योजनाओं को प्रदर्शित करने वाली स्टॉल्स भी लगाई गईं, जहां लोग जानकारी लेते नजर आए।मंत्री सतीश शर्मा ने इस दौरान जनता से संवाद भी किया और उनकी समस्याओं को सुना।यह आयोजन न केवल सरकार की उपलब्धियों का उत्सव है, बल्कि अयोध्या की सांस्कृतिक धरोहर को भी राष्ट्रीय मंच पर लाने का प्रयास है। तीसरे दिन समापन समारोह में कई अन्य वरिष्ठ नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है। इस बीच, प्रदेश के अन्य जिलों में भी समान उत्साह के साथ कार्यक्रम जारी हैं, जो योगी सरकार के कार्यकाल को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम बन रहे हैं।

मुख्यमंत्री विवाह योजना से लाभान्वित साक्षी ने बताया कि सरकार गरीबों के लिए बहुत अच्छी योजनाएं चला रही है। उन्होंने योगी सरकार के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है। उसके बाद लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं के प्रमाण पत्र/ प्रशस्ति पत्र वितरण किया गया।जिसमें यह विभाग शामिल है।युवा कल्याण विभाग द्वारा पुरवक एवं महिला मंगल दल में 2 लाभार्थी को खेल किट, 5 लाभार्थी फैमिली आई डी कार्ड का वितरण, समाज कल्याण विभाग द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत 10 लाभार्थी को स्वीकृति पत्र, आठ लाभार्थी को वृद्धावस्था पेन्शन योजना के अंतर्गत प्रमाण पत्र दिया गया। तीन ग्राम पंचायत में प्रधानों को उनके अच्छे कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। इस मौके पर विधायक सदर वेद प्रकाश गुप्ता, रुदौली रामचन्द्र यादव, मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## लेडीज पर्स चोरी

**अयोध्या।** अयोध्या कोतवाली में शगुन सिंह पुत्री प्रदीप सिंह निवासिनी ग्राम नजीरपुर थाना पुराकलंदर ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। महिला श्रद्धालु का कहना है कि 15 मार्च को समय लगभग 14:30 बजे राम जन्म जन्मभूमि से दर्शन करके वापस आते समय लाकर रूम के पास किसी ने उनका लेडीज बैग चोरी कर लिया।

## ढाई माह पूर्व हुई आगजनी की रिपोर्ट

**अयोध्या।** नगर कोतवाली के पोस्टमार्टम हॉउस के पास लगभग ढाई माह पूर्व जली वैन के मामले में अब नामजद रिपोर्ट दर्ज हुई है। यह रिपोर्ट अयोध्या धाम के श्मशान घाट फटीक शिला निवासी समाजसेवी रितेश मिश्रा ने दर्ज कराई है। शिकायत में रितेश का कहना है कि उन्होंने सात माह पूर्व अवध डायग्नॉस्टिक सेन्टर रिकाबगंज के मालिक सुधीर से एक वैन यूपी 21 एबी 5613 खरीदी थी और संचालन के लिए मोहम्द उस्मान निवासी खिडकी अली बेग कोतवाली नगर के नाम पंजिकृत कराई थी। 11 जनवरी की रात पोस्टमार्टम हॉउस के पास तसोवर मिस्त्री की दुकान निकट खड़ी इस वैन में किसी ने आग लगा दी,जिससे वैन पूरी तरह जल गई। छानबीन में चैहान निवासी सहादतगंज थाना कैण्ट ने आग लगाया।

## 1 किलो 5 ग्राम मारफीन बरामद, 2 तस्कर गिरफ्तार



**बाराबंकी।** थाना रामनगर पुलिस ने 2 मादक पदार्थ तस्करों को 1 करोड़ अंतर्राष्ट्रीय कीमत की 1 किलो 5 ग्राम अवैध मारफीन व बाइक बरामद करते हुये गिरफ्तार किया है। पुलिस लाइन सभागार मे प्रेस वार्ता कर रहे अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी विकास चन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस टीम ने 2 अभियुक्तों साहिल पुत्र महबूब निवासी रजनापुर थाना रामनगर व तौसिफ पुत्र जैनुद्दीन निवासी सूरतगंज डाक खाना वाली गली थाना मोहम्मदपुर खाला को बिकनापुर मोड़, अमौली कलां के पास से एक करोड़ अंतर्राष्ट्रीय कीमत की 01 किलो 05 ग्राम अवैध मारफीन, घटना मे प्रयुक्त एक अदद मोटरसाइकिल यू0पी 41 एई 8726 बरामद करते हुये गिरफ्तार किया।पुलिस पूछताछ मे अभियुक्त ने बताया कि जनपद समेत आस-पास के जनपदों में मादक पदार्थों की तस्करी करते हैं। अभियुक्त साहिल का अपराधिक इतिहास भी है।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मे प्रभारी निरीक्षक रामनगर अनिल पाण्डेय, वरिष्ठ उ0नि0 प्रमोद कुमार यादव, उ0नि0 राम अवतार राम, उ0नि0 उमेश यादव, हे0का0 दीपक कुमार सिंह, का0 सुनील चैहान, मो0 साहिल मौजूद रहे।

## पं. उमाकांत द्विवेदी ज्योतिर्विद परिषद के जिलाध्यक्ष मनोनीत



**बाराबंकी।** धर्मजागरण बाराबंकी धाम उ0प्र0 संयोजक अधिवक्ता अमित अवस्थी की अध्यक्षता मे ज्योतिर्विद परिषद बाराबंकी कमेटी का गठन किया गया। जिसमे गुरुद्धारा श्री गुरु सिंह सभा लाजपत नगर प्रधान सरदार भूपेंद्र सिंह और लोधेश्वर महादेव मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित वीरेंद्र कुमार अवस्थी की सहमति से पंड़ित उमाकांत द्विवेदी को ज्योतिर्विद परिषद का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया। इसके साथ ही जनपद कार्यकारिणी मे पं0 राजेश जायसवाल, पं0 गौतम पांडेय, पं0 रामानुजाचार्य, पं0 शिव शंकर गोस्वामी, पं0 संतोष मिश्र शास्त्री, राजकुमार मिश्र, राजेंद्र पांडेय, बिहारी लाल अवस्थी को ब्लॉक एवं नगर का अध्यक्ष मनोनीत किया गया।इस अवसर पर नगर कार्यवाह प्रभात वर्मा, जिलाध्यक्ष गंगा समग्र अभियान विवेक त्रिवेदी, बंकी संघचालक योगेंद्र सिंह, प्रदीप गौतम, संगीत पाठक मौजूद रहे।

# जमीनी विवाद में फायरिंग करने का लगाया आरोप



**अयोध्या।** इनायत नगर के ग्राम मुकीमपुर निवासी रवि यादव ने गांव के लोगों पर उनके पिता पर फायरिंग करने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि थाने पर सूचना देने पर कोई कार्यवाही न होने पर उन्होंने एसएसपी तथा मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की है।उन्होंने बताया कि गांव की एक भूमि को खरीदने के लिए उन्होनें एग्रीमेंट कराया है। जिसमें जमीनी विवाद है। उनका आरोप है उनके पिता मानिकलाल सुबह अपने गांव में अपने खेत के ट्यूबेल पर थे। तभी अचानक से ईश्वर दत्त, महेश दत्त, रमेश दत्त सहित अन्य 6 से 7 लोगों द्वारा अवैध असलहों से फायरिंग की गई।उन्होंने किसी तरह से भाग कर अपनी जान बचाई। उनका कहना है कि फायरिंग करने वाले अपराधी प्रवृत्ति के है व 302 के मुलजिम भी है। वर्तमान में जमानत पर बाहर है। इससे पूर्व 13 मार्च को भी उनका छप्पर जला दिया था। जिसकी शिकायत के बाद भी थाने स्तर से कोई कार्यवाही नही की गई।उन्होंने बताया कि मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत की गई है।

# जहन्नुम से बचने की ढाल है रोजा: मुफ्ती हस्ब उल्लाह खान

**अयोध्या।** रमजान महीने का तीसरा अशरा और आखिरी सप्ताह चल रहा है। रोजेदारों के लिए शहर विभिन्न मोहल्लों में इफ्तार पार्टी का तथा तरावीह में कुरान पाक मुकम्मिल होने का सिलसिला बराबर जारी है। वजीर गंज मोहल्ला की शाही मस्जिद

- रोजा इफ्तार पार्टी में सामूहिक दुआ का कार्यक्रम आयोजित



में हाफिज बासित ककरही बाजार मोहल्ला की लल्लन वाली मस्जिद में हाफिज अब्दुस्सुब्हान और मस्जिद जिन्नूरैन में हाफिज सुब्हान बशीर और हाफिज अब्दुर्रहीम ने तरावीह में कुरान पाक मुकम्मल किया।

इस अवसर पर सामूहिक दुआ का कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें कारी इरफान अहमद हलीमी ने रमजान के महीने की विशेषता बताते हुए कहा कि रमजान में ही कुरान नाजिल हुआ रमजान में शबे कद्र मिली जिसकी एक रात की इबादत हजार महीने की इबादत से बढ़ कर है रोजे दारों के बारे में अल्लाह का फरमान है कि मेरे नेक बंदे सिर्फ मेरे लिए रोजा रखते हैं तो इस का ईनाम भी मैं ही दूंगा। कार्यक्रम को मुफ्ती हस्ब उल्लाह खान बादशाह ने सम्बोधित करते हुए कहा कि रोजा ढाल है जहन्नुम से बचने के लिए। मुफ्ती जिया उद्दीन कासमी ने अपने संबोधन में कहा कि रोजा रखने से बहुत से फायदे हैं वैज्ञानिक शोध से पता चला है कि रोजा रखने से जिगर, मेदा, आंतों और मीटाबुलिज्म को बेहतर बनाने में मदद मिलती है। कार्यक्रम को मौलाना अब्दुल मन्नान मौलाना सलमान मुफ्ती अफजाल मौलाना अहमद आरिफ हस्सान मौलाना मुजाहिद उल इस्लाम मोमिन मौलाना फखे आलम ने संबोधित किया।

कार्यक्रम शुरू होने से पूर्व हाजी मोहम्मद अनीस और फुरकान भाई ने माल्यार्पण कर और शाल ओढ़ाकर हुफ्फाज कराम और ओलमा ए कराम और सीनियर लोगों को सम्मानित किया। इससे पूर्व मदरसा जामिया अरबिया हुसैनिया के मौलाना बशीर हाल में दावत ए इफ्तार पार्टी का भी आयोजन हुआ जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए इफ्तार पार्टी के बारे में मास्टर इरशाद रब्बानी ने कहा कि रोजा इफ्तार पार्टी एक पवित्र कार्य है अभी हाल में ही यूनिसेफ ने इफ्तार पार्टी को सांस्कृतिक विरासत की सूची में शामिल करके यह साबित कर दिया है कि इफ्तार पार्टी से प्रेम सद्भाव और भाई चारे को बढ़ावा मिलता है।

## रमेश कश्यप बने एकलब्य गोताखोर सेवा समिति के राष्ट्रीय महामंत्री



**बाराबंकी।** एकलब्य गोताखोर सेवा समिति अध्यक्ष/संस्थापक सत्यनाम निषाद ने रमेश कश्यप को राष्ट्रीय महामंत्री नियुक्त करते हुये मनोनयन पत्र सौपा। तथा फूल माला पहनाकर बधाई दी।इस मौके पर नवनियुक्त राष्ट्रीय महामंत्री श्री कश्यप ने कहा कि समाज के लोगो को मुख्य विकास की धारा के साथ जोड़ने व संगठन को मजबूत बनाने का कार्य करेगे। बधाई देने वालो मे विश्राम राजपासी, एस0के सिद्धार्थ, गयाप्रसाद धुरिया, रामकुमार कश्यप, उमेश कश्यप, जगजीवन कश्यप, हनोमान निषाद, पंचम निषाद, सियाराम निषाद, राजेश कश्यप, संदीप मिश्रा, भोला निषाद आदि मौजूद रहे।

# नवनियुक्त राष्ट्रीय महासचिव का हुआ स्वागत

**बाराबंकी।** राष्ट्रीय लोकदल के नवनियुक्त राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे का अहमदनगर टोल प्लाजा के पास जिलाध्यक्ष अखिलेश वर्मा के नेतृत्व में कार्यकताओं ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया।स्वागत पश्चात नवनियुक्त राष्ट्रीय महासचिव श्री दूबे ने

- अपने खोये जनाधार को वापस लाने के लिए अभियान चला रही पाटी: अनिल दुबे



कहा कि राष्ट्रीय लोकदल मध्य, पूर्वांचल और बुंदेलखंड में अपने खोये हुये जनाधार को वापस लाने के लिए भारत रत्न, चैधरी चरण सिंह तथा चैधरी अजित सिंह के अनुयायियों और समर्थकों को जोड़ने का अभियान चला रहा है।

आगामी विधानसभा चुनाव 2027 तक संगठन को चुस्त दुरुस्त करेगा। उन्होंने कहा कि रालोद जिला पंचायत चुनाव लड़ेगा। राष्ट्रीय महासचिव ने आगे कहा कि लोकदल राष्ट्रीय अध्यक्ष चैधरी जयन्त सिंह को प्रधानमंत्री ने बड़ी जिम्मेदारी कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय का स्वतंत्र प्रभार सौंपा है। तथा शिक्षा राज्यमंत्री का दायित्व दिया। जिसके माध्यम से प्रदेश और देश में चैधरी जयन्त सिंह केन्द्र सरकार की योजनाओं को जमीन पर उतारने में लगे हैं।स्वागत करने वालो मे रमेश द्विवेदी, महासचिव हनुमान शरण, रवीन्द्र मिश्र, हनुमान शरण, रामकुमार रावत, महादेव रावत, वी0एम0 पाल, प्रेम अवस्थी, राम अचल गौतम, मैनुद्दीन रजा, पप्पू तिवारी, लक्ष्मी नारायण, विनोद वर्मा, सूर्य प्रकाश त्रिपाठी, मोहम्मद अतीक, सरताज अली, सियाराम यादव, गोविंद राम, बृजेश वर्मा, कुशल यादव मौजूद रहे।

## वकीलों की हड़ताल दूसरे दिन भी जारी

प्रयागराज। आधिकारिक आवास पर भारी मात्रा में नकदी मिलने के संबंध में जांच का सामना कर रहे दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा का इलाहाबाद उच्च न्यायालय में स्थानांतरण के खिलाफ यहां के अधिवक्ताओं की हड़ताल बुधवार को दूसरे दिन भी जारी रही जिससे न्यायिक कार्य ठप रहा। इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने एक विज्ञप्ति जारी कर कहा कि अधिवक्ता 27 मार्च को भी हड़ताल पर रहेंगे। वहीं न्यायाधीशों से भी इस आंदोलन में अपना सहयोग प्रदान करने का अनुरोध किया गया है। एसोसिएशन के सचिव विक्रांत पांडेय ने कहा कि जिन अधिवक्ताओं ने हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के प्रस्ताव और चेतावनी को ना मानते हुए और रोके जाने के बावजूद न्यायालय में जाकर न्यायिक कार्य किया है, उनकी सदस्यता तत्काल प्रभाव से निलंबित की जाती है।

## 8 वर्षों में आकांक्षी जनपद बहराइच का हुआ अभूतपूर्व विकास: सूर्य प्रताप शाही



**बहराइच।** प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के आठ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर महाराज सिंह इण्टर कालेज में आयोजित त्रिदिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन प्रदेश के मा. मंत्री, कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग/प्रभारी मंत्री जनपद बहराइच श्री सूर्य प्रताप शाही ने जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह, विधायक महसी सुरेश्वर सिंह, पयागपुर के सुभाष त्रिपाठी, नानपारा के राम निवास वर्मा, बलहा की श्रीमती सरोज सोनकर, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, पूर्व सांसद अक्षयवर लाल गोंड, सदर विधायक श्रीमती अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि अशोक जायसवाल व अन्य गणमान्य संभ्रान्तजन तथा जिलाधिकारी मोनिका रानी, पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह व मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र के साथ मॉ सरस्वती जी की पूजा अर्चना व दीप प्रज्ज्वलन कर दूसरे दिन आयोजित होने वाले कार्यक्रम का शुभारम्भ किया तथा ह्यसबका साथ-सबका विकास उत्कर्ष के 08 वर्षह्लह्ल एवं ह्यह्ययूपी के उपयोगी 08 वर्षह्लह्ल तथा जनपद बहराइच की विकास पुस्तिका का विमोचन कर जनप्रतिनिधियों के साथ बटन दबाकर जिले की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया।इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम व बांसुरी वादन प्रस्तुत किया गया। मा. प्रभारी मंत्री द्वारा अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र, डेमो चेक तथा आवास की चाभी का वितरण किया गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री शाही ने कहा कि मा. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के विजन और मा. मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के मिशन को आत्मसात करते हुए वर्ष 2017 में डबल इंजन की सरकार ने सुरक्षा, सुशासन और विकास की जिस यात्रा को प्रारम्भ किया था, वह आज ह्यनए भारत के नए उत्तर प्रदेशह्ल के रूप में पूरे देश के समक्ष एक मॉडल के रूप में प्रस्तुत हुई है। इस विकास यात्रा के साक्षी और सहभागी बनने के लिए समस्त जनपद व प्रदेशवासी बधाई के पात्र हैं। कृषि मंत्री श्री शाही ने बताया कि प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के आठ वर्षों में प्रदेश के अन्नदाताओं को शीर्ष प्राथमिकता प्रदान की गई है। प्रदेश में पिछले 08 वर्षों में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, किसान मानधन योजना, निःशुल्क सिचाई, मृदा परीक्षण, सिचाई का रकबा बढ़ा, गन्ना मूल्य का समयबद्ध भुगतान, बिचैलियों से आजादी, मूल्य समर्थन योजना के माध्यम से खरीद, नवाचार को प्रोत्साहन, खाद बीज के पर्याप्त इंतजाम जैसे अनेक कार्यों ने कृषि सेक्टर की तस्वीर बदल कर रख दी है। श्री शाही ने कहा कि वर्ष 2016-17 के 5.1 के मुकाबले वर्ष 2023-24 में कृषि विकास दर बढ़कर 13.7 प्रतिशत हो गई है। वर्तमान में राज्य की सकल घरेलू उत्पाद में 28 प्रतिशत योगदान कृषि का है। श्री शाही ने कहा कि प्रदेश सरकार का पहला बजट तो किसानों को ही समर्पित था। कैबिनेट द्वारा प्रथम बैठक में ही 95 लाख लघु एवं सीमान्त किसानों के रू. 36,359 करोड़ रुपए की कर्जमाफी का निर्णय लिया गया था। श्री शाही ने कहा कि 2017 से अब तक रू. 2 लाख 80 हजार 223 करोड़ का गन्ना मूल्य भुगतान किया गया है जो पिछले 22 वर्षों में हुए कुल भुगतान से भी रू. 66,703 करोड़ अधिक है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 03 चीनी मिलों की स्थापना, 06 का पुनर्संचालन तथा 38 की क्षमता विस्तार कर वर्तमान में 122 चीनी मिलों द्वारा लगभग 1.25 लाख लोगों को प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्रदान किया जा रहा है।

## आदर्श विद्यालय के रूप में स्थापित करें पीएमश्री विद्यालय: संतोष देव पाण्डेय




**बाराबंकी।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सन्तोष कुमार देव पाण्डेय ने विकास भवन स्थित स्वर्णजयंती सभागार में जनपद में पीएम श्री विद्यालयों के प्रधानाध्यापक एवं विषय विशेषज्ञ शिक्षकों का क्षमता संवर्धन कार्यशाला का शुभारम्भ मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प एंव दीप प्रज्जवलन कर किया। प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि यदि शत प्रतिशत छात्रों की उपस्थिति होगी तभी निपुण लक्ष्य को हासिल किया जा सकेगा। इसके साथ ही विद्यालय की पहचान भी सर्वश्रेष्ठ विद्यालयों में होगी। समस्त पीएमश्री विद्यालय आगामी सत्र में अन्य विद्यालयों के सापेक्ष सर्वाधिक नवीन नामांकन अपने विद्यालयों में करायें। जनपद के पीएमश्री योजनान्तर्गत चयनित विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों व सहायक अध्यापकों हेतु क्षमता संवर्धन एवं प्रशिक्षण का आयोजन दिनांक 26 व 27 मार्च को किया जा रहा है। जिसके प्रथम दिवस बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित 18 परिषदीय पीएमश्री विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों एवं सहायक अध्यापकों के लिए कार्यशाला आयोजित हुई। जिला समन्वयक निर्माण विश्वजीत राय, जिला समन्वयक समेकित शिक्षा सुधा जायसवाल, जिला समन्वयक बालिक शिक्षा पुनीत मणि त्रिपाठी, जिला समन्वयक सामुदायिक सहभागिता नन्दन पाण्डेय, जिला समन्वयक एमआईएस पुनीत कुमार श्रीवास्तव ने विभिन्न सत्रों का संचालन कर विभागीय जानकारियां प्रतिभागियों को प्रदान कीं। कार्यशाला का संचालन ईएमआईएस इंचार्ज पंकज कुमार वर्मा ने किया।इस मौके पर ब्लॉक एमआईएस सूर्यप्रकाश वर्मा, कुलदीप वर्मा, अनुदेशक विशाल कुमार वर्मा, अजय वर्मा आदि मौजूद रहे।

## गंगा घाटों पर आयोजन के लिए लेनी होगी अनुमति

वाराणसी। वाराणसी में गंगा घाटों पर किसी भी तरह के आयोजन के लिए अब अनुमति लेने के साथ ही शुल्क देना भी अनिवार्य होगा। इसके लिए अब 880 रुपये प्रति वर्ग मीटर की दर से शुल्क देना होगा। हालांकि, गंगा आरती पर यह नियम लागू नहीं होगा। अनुमति के लिए स्मार्ट काशी ऐप पर आवेदन करना होगा। वाराणसी नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ) संदीप श्रीवास्तव ने बताया कि अभी तक घाटों पर कार्यक्रम करने के लिए आयोजकों को नगर निगम के कार्यालय में जा कर अनुमति लेनी होती थी, जिसका कोई शुल्क नहीं लगता था। अब काशी के गंगा घाटों पर सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक आयोजनों के लिए नगर निगम से अनुमति लेना होगा, परन्तु इसके लिए अब आयोजनकर्ताओं को नगर निगम के कार्यालय आने की कोई जरूरत नहीं होगी। श्रीवास्तव ने बताया कि आयोजनकर्ता को अब स्मार्ट काशी एप पर अनुमति के लिए आवेदन करना होगा।

# सेवा, सुरक्षा और सुशासन के विविध कार्यक्रम का शुभारंभ






जिला संवाददाता(vol)

**बाराबंकी।** राजकीय इंटर कॉलेज ऑडिटोरियम में सेवा, सुरक्षा और सुशासन समारोह 2025 के दूसरे दिन विविध कार्यक्रमों का शुभारम्भ मुख्य अतिथि राज्यमंत्री, उच्च शिक्षा, उ0

- महिलाओं की सुरक्षा और न्याय दिलाने में यूपी का स्थान प्रथम: रजनी तिवारी
- 8 वर्षो की उपलब्धियों तथा महाकुम्भ पर डाक्यूमेंट्री फिल्म का किया प्रदर्शन

प्र0 सरकार, रजनी तिवारी ने दीप प्रज्जवलित कर किया।

इसके उपरान्त मुख्य अतिथि द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल/प्रदर्शनी का अवलोकन कर जानकारी ली गई। इसके उपरांत डाक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि राज्य मंत्री, श्रीमती तिवारी ने कहा कि प्रदेश सरकार के सफलतम 8 वर्ष पूर्ण होने पर तीन दिवसीय कार्यक्रम हो रहे है। सेवा, सुरक्षा और सुशासन के इन 8 वर्षो में प्रदेश ने खूब तरक्की की है। आज हमारा किसान समृद्ध हुआ है। विभिन्न योजनाओं द्वारा किसानों का सशक्तिकरण किया जा रहा है। बहन-बेटियों को स्वावलंबी बनने के लिये सरकार द्वारा अनेक योजनाएं चलाई जा रही है। हमने विद्यालयों को बेहतर बनाया।

जिन मंडलो में उच्च शिक्षा के कॉलेज विश्वविद्यालय नहीं थे वहाँ उनका निर्माण हुआ है। स्वयं सहायता समूह बनाकर महिलाओं को स्वावलंबी बनाया जा रहा है। गांवों की सड़कों को देखकर शहरों जैसी अनुभूति हो रही है। आज हमारे गांव खुशहाल हो रहे है क्योंकि गांवों को मुख्य सडकों से जोड़ा गया है। विभिन्न योजनाओं में उत्तर प्रदेश आगे है। विशिष्ट अतिथि अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति आयोग अध्यक्ष बैजनाथ रावत ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार ने गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन करने वाले व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाने का कार्य किया। झोपड़ी में रहने वाले गरीब को पक्के आवास दिए गए। राशन कार्ड, गैस कनेक्शन दिया। महिला सशक्तिकरण को बल मिला है। निरूशुल्क शौचालय, उज्ज्वला योजना, राशन कार्ड में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करके उन्हें सशक्त किया गया है। कार्यक्रम का संचालन आशीष पाठक ने किया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि द्वारा विभिन्न विभागों के लाभार्थियों को टूलकिट, डमी चेक एवं विभिन्न योजनाओं का प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व सांसद उपेन्द्र रावत, पूर्व एमएलसी हरगोविंद सिंह, जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्य, डॉ0 राम कुमारी मौर्या, प्रगतिशील कृषक पद्मश्री राम सरन वर्मा, जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, एडीएम अरुण कुमार सिंह, उप कृषि निदेशक श्रवण कुमार मौजूद रहे।

संक्षेप

## जिलाबदर आरोपी गिरफ्तार

**अमेठी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को उनि. सुरेश चन्द्र यादव थाना मुंशीगंज मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान जिलाबदर अभियुक्त सूरज सिंह पुत्र जंग बहादुर सिंह निवासी ग्राम हरिहपुर थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 24 वर्ष को ग्राम गढामाफी के पास से समय करीब 6.10 बजे शाम में गिरफ्तार किया गया ।गिरफ्तारी के संबन्ध में थाना मुंशीगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही कर जेल भेज दिया गया।

## स्मैक के साथ गिरफ्तार

**अमेठी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व ह्लनशा मुक्त अमेठी अभियानह्व के तहत मंगलवार को उ0नि0 जितेन्द्र कुमार थाना मोहनगंज मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान अभियुक्त मेराज अहमद पुत्र रियाज अहमद निवासी ग्राम भेलाई कला थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 28 वर्ष को पूरे मुकुन्द नहर मोड के पास से समय करीब 07:15 बजे शाम में गिरफ्तार किया गया । तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से 38 ग्राम स्मैक बरामद हुआ । गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबन्ध में थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही कर जेल भेज दिया गया ।

## रंगदारी वसूलने वाला आरोपी गिरफ्तार

**बछरावां, रायबरेली।** बीते बुधवार रात हुई मारपीट में पीड़ित ने बछरावां थाने में एक हिस्ट्रीशीटर के खिलाफ मारपीट व रंगदारी मांगने को लेकर प्रार्थनापत्र दिया था। दिये प्रार्थनापत्र के आधार पर केस दर्ज कर कार्यवाही करते हुए बछरावां पुलिस ने शारदा नहर के पास से सलाउद्दीन मंसूरी पुत्र फैमुद्दीन मंसूरी निवासी कमनी का तालाब संजय नगर बछरावां को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है।विदित हो आरोपी के खिलाफ जनपद व गैर जनपद में पहले से कई मामले दर्ज हैं।

## कार व ट्रक में भिड़ंत

**बछरावां, रायबरेली।** कस्बे के चौराहे पर बीती रात लालगंज रोड से आ रहे एक ट्रक में रायबरेली की ओर जा रही कर भिड़ गई इस हादसे में कार सवार लोग बाल बाल बच गए जबकि कर बुरी तरह क्षत्रिग्रस्त हो गई । कार सवार व ट्रक चालक के बीच विवाद होता देख चैराहे पर लोगों का मजमा लग गया। पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने लाकर पूछता शुरू की। कोतवाल पंकज कुमार त्यागी ने बताया कि दोनों से बात की गई है तहरीर मिलने पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## कटका क्लब का गौरैया आओ मेरे देश अभियान

**सुलतानपुर।** कटका क्लब ने अपने गौरैया आओ मेरे देश अभियान के तहत द्वारिकागंज चैकी में पक्षी जल पात्र लगाने का कार्य किया। कार्यक्रम का नेतृत्व विपिन प्रजापति ने किया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष सौरभ मिश्र विनम्र ने बताया कि संस्था द्वारा पक्षियों के संरक्षण के लिए कई महत्वपूर्ण अभियान चलाए जा रहे हैं, और इसी क्रम में द्वारिकागंज चैकी पर पक्षी जल पात्र लगाया गया है। द्वारिकागंज चौकी के प्रभारी द्रिवेश त्रिवेदी ने बताया कि गर्मियों में पक्षी अन्न और पानी के लिए संघर्ष करते हैं, और इस संकट को दूर करने के लिए कटका क्लब कई सालों से काम कर रहा है। कार्यक्रम में पात्र लेने वाले लोगों ने संकल्प लिया कि वे नियमित रूप से अपने घरों की छतों पर पानी और अनाज की व्यवस्था करेंगे।

## पार्क की सुंदरता को खत्म कर रहे ठेले

**दोस्तपुर, सुलतानपुर ।** बाबा भीमराव अंबेडकर के सम्मान में स्थापित आम्बेडकर पार्क, दोस्तपुर ब्लॉक चैराहे पर स्थित है, लेकिन अब अतिक्रमण की चपेट में आ गया है। बाईपास जाने वाली सड़क पर बने इस पार्क के पास ठेला वालों ने कब्जा कर लिया है, जिसके कारण पार्क का अस्तित्व खत्म होता जा रहा है।प्रतिमा के चारों ओर लगे ठेले पार्क की सुंदरता को नष्ट कर रहे हैं और क्षेत्र में जाम की स्थिति उत्पन्न कर रहे हैं। स्थानीय निवासी इस स्थिति से परेशान हैं, लेकिन नगर पंचायत अधिकारी इस समस्या पर कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं।पुलिस गश्त करती है, लेकिन आम्बेडकर पार्क के पास लगने वाले जाम से निजात दिलाने के लिए कोई सख्त कार्रवाई नहीं की गई है।

# जमीनी विवाद में मृतक अंशिका का हुआ अंतिम संस्कार

## पीड़िता की मां ने प्रशासन को दिया आठ सूत्री मांगपत्र



- प्रशाशन से कार्यवाही का आश्वासन मिलने पर परिजनों ने बुधवार गांव के कब्रिस्तान में युवती के शव को मिट्टी दे दी

जिला संवाददाता (vol)

**गोसाईगंज, सुलतानपुर ।** गोसाईगंज थाने के मूंगर कनरहिया निवासी संजय कुमार, विनोद का राकेश, राजेश, मनीष से भूमि विवाद चला आ रहा है।जिसको लेकर 6 मार्च और 23 मार्च को दोनो पक्षो का शांतिभंग में चालान किया गया था।24 मार्च की सुबह विवादित भूखंड पर निर्माण को लेकर संजय और राकेश पक्ष में कहासुनी के दौरान मारपीट शुरू हो गई। बीच-बचाव करने पहुंचे हृदयराम वर्मा उनकी पत्नी सुमित्रा और बेटी अंशिका वर्मा घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल अंशिका को मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर ले जाया गया। शाम को इलाज के दौरान अंशिका की मौत हो गई।

मेडिकल कालेज में युवती की मौत के बाद परिवारजन आक्रोशित हो गए। यहां उन्होंने शव का पोस्टमार्टम कराने मनाकर कर दिया।जिससे प्रशासन के हाथ पैर फूल गए।मामले की गंभीरता को देखते हुए आज सत्ताधारी दल के भी नेता घर पहुंच मान मनौवल करने लगे।मौके पर मौजूद उप जिलाधिकारी जयसिंहपुर शिव प्रसाद, सीओ विनय कुमार गौतम, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा आर ए वर्मा, सुनील वर्मा , आनंद द्विवेदी ग्राम प्रधान अनूप वर्मा, समेत कई लोग पहुंच पीड़ित परिवार से बात कर उनकी मांगों को मानने के आश्वाशन पर परिजन अंतिम संस्कार को राजी हुए।

पीड़िता की मां सुमित्रा ने प्रशासन को दिए मांग पत्र में आरोपियों पर कड़ी कारवाई, आर्थिक सहायता, परिवार पर दर्ज मुकदमे वापस, आरोपियों के घर पर बुलडोजर, पहले से दिए गए प्रार्थना पत्रों को एक साथ समाहित कर हत्या समेत अन्य धाराओं को बढ़ाने के साथ साथ चैकी प्रभारी जितेंद्र यादव को हटाने सहित आठ सूत्रीय मांग रखी। दिए मांग पत्र पर प्रशाशन की तरफ से कार्यवाही का आश्वासन मिलने पर परिजनों ने बुधवार दोपहर बाद गांव के कब्रिस्तान में मृतक युवती के शव को गमगीन माहौल मिट्टी दे दी गई।इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों के साथ साथ भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहे।

## महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और रोजगार को समर्पित है सरकार

**गौरीगंज/अमेठी।** राज्य मंत्री महेंद्र सिंह ने कहा है कि उप्र सरकार महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और रोजगार को लेकर समर्पित है। सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उप्र की सांस्कृतिक विरासत वापस हुई है।उत्तर प्रदेश सरकार का बजट आठ लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गया है।प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय में दो गुनी वृद्धि हुई है।जिपं अध्यक्ष राजेश अग्रहरि ने कहा कि मोदी जी और योगी जी ने पिछले आठ सालों में ग्रामीण अंचल की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में महान योगदान किया है।आज महिलाएं बेरोजगार नहीं रह गई हैं। राष्ट्रीय आजीविका मिशन के अन्तर्गत स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से बचत और रोजगार में आगे हैं।जनपद अमेठी 31475महिलाएं लखपति बन गई हैं।

जनप्रतिनिधियों द्वारा स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला चिकित्सा अधिकारियों, स्टाफ नर्स, सीएचओ, आशा बहू, आशा संगिनी को प्रमाण पत्र राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित पांच स्वयं सहायता समूह को रुपए 150000 का सीसीएल फंड, बाल विकास के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली 10 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशस्ति पत्र, निराश्रित महिला पेंशन योजना के 5 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के चार लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के दो लाभार्थियों को प्रमाण पत्र एवं महिला कल्याण विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों को प्रशस्ति पत्र का वितरण किया गया।कार्यक्रम में सूचना/संस्कृति विभाग में पंजीकृत कलाकारों व शिक्षा विभाग की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का संचालन डॉ रमेश सिंह ने किया। सेवा, सुरक्षा और सुशासन नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में शुरू हुए इस कार्यक्रम का समापन 27 मार्च 2025 को किया जाएगा।कार्यक्रम में जिले भर के लोग शामिल होकर सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और इसका प्रत्यक्ष लाभ भी ले सकते हैं।इस अवसर पर उक्त के अतिरिक्त अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार मिश्रा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, जिला विकास अधिकारी वीर भानु सिंह, पीडी डीआरडीए ऐश्वर्य यादव, डीसी एनआरएलएम प्रवीणा शुक्ला, डीपीआरओ मनोज त्यागी, जिलाध्यक्ष भाजपा सुधांशु शुक्ला, मीडिया प्रभारी भाजपा चंद्रमौली आदि मौजूद रहे।

## एनएसपीएस त्रिपुला में जूनियर विंग का वार्षिक परीक्षा परिणाम वितरित




**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में जूनियर विंग का वार्षिक परीक्षा परिणाम वितरित किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति व गेस्ट ऑफ ऑनर की भूमिका में उपस्थित अभिभावकों के साथ माँ सरस्वती की पूजा अर्चना और दीप प्रज्वलन के साथ किया।श्री प्रजापति ने रैंकर्स को उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की, साथ ही उन्होंने अभिभावकों को विद्यालय प्रबंधन के साथ सकारात्मक सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। घोषित परीक्षा परिणामों में कक्षा 6 से आरुष राय, कुशाग्र श्रीवास्तव एवं प्रिया पाल ने क्रमशरू प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया, कक्षा 7 में आदित्य राजपूत ,माही और यश सिंह ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे, वहीं कक्षा 8 में सानिध्य शर्मा , वैभव यादव और विराट यादव ने क्रमशः प्रथम,द्वितीय और तृतीय स्थान पर बाजी मारी। साथ ही विद्यालय में शत प्रतिशत उपस्थित दर्ज कराने वाले छात्र/छात्राओं को भी अवार्ड दिया गया।विद्यालय ने उन बच्चों को भी आवार्ड देते हुए सम्मानित किया जिन्होंने विद्यालयी शिक्षा से इतर प्रतियोगी परीक्षाओं में मुकाम हासिल किया।इस अवसर पर विद्यालय के उप-प्रधानाचार्य मो0 फैजान खान, शिवकरन पाल, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, शाहीन खान, राकेश अवस्थी, रामदेव, पिंकी जायसवाल, अभिषेक भारद्वाज सहित अभिभावक एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं और शिक्षणेत्तर कमचारी उपस्थित रहे।

## अनुशासन व शिक्षा जीवन निर्वहन के लिए महत्वपूर्ण है : छत्रसाल सिंह

**बछरावां, रायबरेली।** क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में ग्रीन फील्ड पब्लिक हाई स्कूल में आज हर्षोल्लास के साथ वार्षिक उत्सव मनाया गया। वार्षिक उत्सव की शुरूआत वाग्देवी मां सरस्वती की प्रतिमा के आगे दीप प्रज्वलित करके किया गया। वहीं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रामलाल अकेला ने अपने अभिभाषण के दौरान शिक्षकों व छात्रों को शुभकामनाएं दी।इस मौके पर आगंतुक अभिभावकों व गणमान्य लोगों का स्वागत विद्यालय के प्रधानाध्यापक व विद्यालय के समस्त शिक्षकों द्वारा किया गया।वार्षिक उत्सव में विद्यालय के प्रबंधक छत्रसाल सिंह ने विद्यालय की वार्षिक प्रगति के बारे में अभिभावक को व गणमान्य लोगों को अवगत कराया।इस वार्षिक उत्सव के दौरान छात्रों द्वारा सेना से संबंधित झांकियां का सजीव चित्रण किया गया।वहीं इसके साथ ही साथ प्राथमिक कक्षाओं की छात्रों ने बहुत ही मनमोहक झांकी का मंचन किया।इस कार्यक्रम का कुशल संचालन विद्यालय के शिक्षक द्वारा किया गया।विद्यालय के प्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा क्षेत्र में विगत कई वर्षों से शिक्षा की सतत ज्योति क्षेत्र में जलाई जा रही है।इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी, सत्येंद्र श्रीवास्तव, राजकुमार चौधरी, धर्मेंद्र सिंह सहित गणमान्य नागरिक व अभिभावक गण मौजूद रहे।

## अतुल भार्गव पुनः प्रबंध मंत्री निर्वाचित

**रायबरेली।** फीरोज गांधी कॉलेज के परिसर में संपन्न रायबरेली डिग्री कॉलेज एजुकेशन ट्रस्ट की वार्षिक आम सभा की बैठक में इंजी० एसएल चांदवानी एवं इंजी० अतुल भार्गव को फीरोज गांधी कॉलेज की प्रबंध समिति के क्रमशः अध्यक्ष एवं प्रबंध मंत्री के रूप में एक बार पुनः निर्विरोध निर्वाचित कर लिया गया।राजीव भार्गव एवं डॉ० आरपी मौर्य क्रमशः वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के रूप में निर्विरोध निर्वाचित हुए। ट्रस्ट द्वारा इन पदाधिकारियों के अतिरिक्त 19 अन्य आम सभा सदस्यों का भी निर्वाचन महाविद्यालय की प्रबंध समिति के सदस्यों के रूप में किया गया।

वार्षिक आम सभा की बैठक प्रारंभ होने पर प्रबंध मंत्री इंजी० अतुल भार्गव ने वित्तीय वर्ष 2024-2025 हेतु ट्रस्ट की लेखा संपरीक्षित बैलेंस शीट एवं ऑडिट आख्या तथा विगत एक वर्ष की अवधि में फीरोज गांधी कॉलेज, रायबरेली की प्रगति आख्या एवं भविष्य में महाविद्यालय की विकास योजनाओं की रूपरेखा प्रस्तुत किया। उन्होंने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि रायबरेली डिग्री कालेज एजूकेषन ट्रस्ट के संस्थापक प्रबंध मंत्री स्व ओंकार नाथ भार्गव के संरक्षण एवं संचालन में फीरोज गाँधी कालेज अपने निर्धारित कार्य क्षेत्र में अग्रसर ही नहीं वरन एक विषिष्ट स्थान बनाये रखने में सक्षम है तथा यह स्व0 भार्गव के प्रयासों का नतीजा है कि जो बीज उन्होंने रोपित किया था उसके परिणामस्वरूप यह कालेज एक विषाल वट वृक्ष की भांति आज आपके सामने खड़ा है और अब उसका रखरखाव करने एवं आगे बढ़ाने की हम सबकी जिम्मेदारी है। समस्त नवनिर्वाचित प्रबंध समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने फीरोज गांधी कॉलेज, रायबरेली की उत्तरोत्तर प्रगति, संस्था के विकास एवं विद्यार्थियों के कल्याण हेतु कृतसंकल्प रहने संबंधी विचार व्यक्त किए।अंत में वार्षिक आम सभा की बैठक, हाल ही में दिवंगत हुए ट्रस्टी स्व0 शम्भू नाथ भार्गव, वरिष्ठ अधिवक्ता स्व० सूर्य नारायण दुबे, स्व0 कुसुम भार्गव एवं स्व0 अजय कुमार त्रिपाठी की स्मृति में श्रद्धांजलि व्यक्त करने हेतु दो मिनट का मौन रखने के साथ ही वार्षिक आम सभा समाप्त हो गई।

# महाप्रबंधक ने किया आरेडिका में चिल्ड्रेन फुटबॉल ग्राउण्ड का उद्घाटन



**लालगंज, रायबरेली।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली में महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा तथा आरेडिका महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा भारती मिश्रा ने टाइप-2 एवं टाइप-3 कॉलोनी के मध्य नवनिर्मित चिल्ड्रेन फुटबाल ग्राउण्ड का उद्घाटन आरेडिका के उच्च अधिकारियों एवं कॉलोनीवासियों के साथ किया। महाप्रबंधक एवं उच्चाधिकारियों ने खिलाड़ी बच्चों के साथ बातचीत की एवं फुटबॉल खेल कर बच्चों का उत्साह वर्धन किया।

महाप्रबंधक ने बच्चों से वातालाप के दौरान कहा कि यह फुटबाल ग्राउण्ड आपके लिए बनाया है। आप लोग इस का उपयोग कीजिए। इससे आपके मन में खेल भावना का विकास होगा तथा यह मैदान खेलों के प्रति रुचि पैदा कर शारीरिक एवं मानसिक रुप से स्वास्थ्य बनाने में मदद करेगा। इस ग्राउण्ड का उपयोग कॉलोनी के लोग सुबह टहलने एवं सामाजिक सांस्कृतिक कार्यों के लिए भी कर सकते हैं।पार्क को हरा-भरा बनाने के लिए अशोक, बरगद, आदि के लगभग 151 पौधों का रोपण कार्य भी किया गया।पार्क में हरियाली के विकास हेतु जलप्रबंधन की उचित व्यवस्था की गई है। महाप्रबंधक महोदय ने सिविल इंजीनीरिंग विभाग को इस कार्य हेतु नगद पुरस्कार प्रदान करने के लिए आदेशित किया।इस अवसर पर आरेडिका सिविल इंजीनीरिंग विभाग के प्रधान मुख्य अभियंता एसपी यादव, खेलकूद संघ के अध्यक्ष तथा प्रधान वित्त सलाहकार बीएल मीना, प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता विवेक खरे, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक राजीव खण्डेलवाल, प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता मनोज कुमार जिंदल, प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चन्द्रा, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव, आरेडिका महिला कल्याण संगठन की सदस्याएं, कर्मचारी यूनियनों के प्रतिनिधि सहित उच्चाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ग्राम सभा की जमीन पर अवैध कटाई नांदी में चोरों ने काटे लाखों के पेड़

**बाजार शुक्ल, अमेठी ।** थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत नांदी में चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया है।शनिवार को चोर ग्राम सभा की जमीन से लाखों रुपए की कीमत के इमारती लकड़ी के पेड़ काट ले गए। ग्राम प्रधान और लेखपाल विरोचन कुमार के अनुसार, चोर कई क्विंटल लकड़ी लेकर फरार हो गए।मामले की जानकारी ग्राम सभा भूमि प्रबंधन समिति के अध्यक्ष को दी गई।चोरी से बची हुई लकड़ी को लेखपाल ने ग्राम प्रधान की सुपुर्दगी में रखवा दिया है।लेखपाल ने गाटा संख्या 212 का सीमांकन किया।यह जमीन 0.0597 हेक्टेयर क्षेत्रफल की है।इस जमीन पर वन विभाग ने पेड़ लगाए थे, जिनकी देखरेख की जिम्मेदारी ग्राम सभा के पास थी।मामले में लेखपाल ने नांदी निवासी लईक, जालिम पुरवा निवासी कलाम और बदलगढ़ निवासी मजान के खिलाफ उच्च अधिकारियों को शिकायती पत्र सौंपा है।क्षेत्रीय कानूनगो संतराम ने बताया कि जल्द ही आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# ग्रामीणों को सौंपा स्वामित्व प्रमाण पत्र



- ब्लॉक सभागार में आयोजित कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी गगनदीप सिंह ने गर्भवती महिलाओं को वितरित किया पोषण किट

जिला संवाददाता (vol)

**लालगंज, रायबरेली।** तहसील सभागार लालगंज में उप जिलाधिकारी मिथिलेश त्रिपाठी की अध्यक्षता में सरकार के 8 वर्षों की उपलब्धियों पर कार्यक्रम आयोजित किया गया और इस दौरान सात गांव के 25 लोगों को उनके घरों का स्वामित्व प्रमाण पत्र घरौनी वितरित की गई। घरौनी मिलने पर लोगों ने योगी सरकार की सराहना की।इस मौके पर भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष शिव प्रकाश पांडे ने कहा कि केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार जनता को समर्पित है। सभी को बिना किसी भेदभाव के सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है।2017 में सरकार बनते ही मुख्यमंत्री योगी जी ने सबसे पहले किसानो का ऋण माफ किया था। भाजपा सरकार में किसान खुशहाल हुआ है। वहीं उप जिलाधिकारी मिथिलेश त्रिपाठी ने कहा कि योगी सरकार ने घरौनी देकर लोगों को उनके घरों का तहसील के अभिलेखों में भी मालिक बना दिया है। अब घर की संपत्ति को लेकर किसी भी प्रकार का विवाद नहीं रह गया है। वहीं लालगंज ब्लाक मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी गगनदीप सिंह ने गर्भवती महिलाओं को पोषण किट वितरित किया और सरकार की योजनाओं की सराहना की। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक नायब तहसीलदार शंभू शरण पांडे, शिवम सिंह राठौड़, सुशील शुक्ला, राजेश निर्मल, नागेंद्र सिंह, रिंकू बाजपेई, अतुल त्रिपाठी, सपना रावत सहित लेखपाल प्रियम पांडे, सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## पार्थ गुप्ता ने विद्यालय बढ़ाया मान

**चांदा, सुलतानपुर ।** क्षेत्र के शफीपुर में संचालित राममनोर्थ इंटर कॉलेज विकास नगर शफीपुर में पांचवी क्लास में पढ़ रहे पार्थ गुप्ता जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा पास कर ली। जिनकी सफलता से विद्यालय एवं क्षेत्र का मान भी बढ़ा हैं।मरछा गाँव के निवासी पार्थ गुप्ता पुत्र कृष्ण कुमार गुप्ता की इस सफलता पर विद्यालय के गुरुजन तथा माता पिता एवं क्षेत्र के लोगो में प्रसन्नता हैं।पार्थ की सफलता पर इसके पिता कृष्ण कुमार गुप्ता माता रेनू गुप्ता ने सफलता का श्रेय विद्यालय को दिया। पार्थ अपनी प्रारंभिक शिक्षा इसी विद्यालय से सुरुआत की है।पार्थ की कड़ी मेहनत और लगन ने 25 मार्च को जारी परीक्षा परिणाम नवोदय विद्यालय में छठवीं कक्षा में प्रवेश के लिए बाजी मारी ली।जिसमे पार्थ गुप्ता ने परीक्षा में उत्तीर्ण हो कर सफलता प्राप्त करने पर विद्यालय के संस्थापक राममनोर्थ प्रबंधक अशोक यादव प्रधानाध्यापक वसंत यादव ने बालक को माल्याणपन कर मिष्ठान खिलायी एव उपहार स्वरूप डिक्सनरी बुक और नगद धनराशि उपहार स्वरूप भेट किया।इस मौके पर विद्यालय के राधेश्याम यादव, माता प्रसाद, जगदीश मौर्या, भुल्लूर यादव, बालमुकुंद गौड़, विनय मिश्रा, प्रदीप, संगीता, ऊषा, रीना शुक्ला आदि मौजूद रहे।




## सर्वेक्षण के आंकड़े भावी सुधार में सहायक होते हैं : डॉ. शिल्पी सिंह



**सुलतानपुर (वीओएल)।** आंगनबाड़ी केंद्र ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में संचालित किए जाते हैं, ताकि समाज के कमजोर वर्गों तक बुनियादी स्वास्थ्य और शिक्षा सेवाएं पहुंच सकें।आंगनवाड़ी का मुख्य उद्देश्य बच्चों, गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं के समग्र विकास ,पोषण और शिक्षा को सुनिश्चित करना है। ये बातें प्राचार्य प्रो डी के त्रिपाठी ने बीए शिक्षाशास्त्र षष्टम सेमेस्टर के विद्यार्थियों को आंगनवाड़ी केंद प्राथमिक विद्यालय डिहवा के सर्वेक्षण हेतु रवाना करते समय कही। विभागाध्यक्ष डॉ. शिल्पी सिंह ने बताया कि आंगनवाड़ी केंद्र का सर्वेक्षण एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है।जिसका उद्देश्य केंद्र की कार्यक्षमता, लाभार्थियों की स्थिति, सेवाओं की गुणवत्ता और जरूरतों का आकलन करना होता है। सर्वेक्षण के आंकड़े भावी सुधार में सहायक होते है।असिस्टेंट प्रो. सीमा कुशवाह ने कहा कि सर्वेक्षण एक आवश्यक प्रक्रिया है, जो यह सुनिश्चित करता है कि बच्चों और महिलाओं को आवश्यक पोषण, स्वास्थ्य और शिक्षा सेवाएँ सही तरीके से मिल रही हैं।इससे योजनाओं के प्रभाव का मूल्यांकन करने और आवश्यक सुधार करने में मदद मिलती है।यहाँ आंगनबाड़ी केंद्र की कार्यकत्री सीमा रानी, सुशीला देवी, उषा रानी, इशरत बानो, सहायिका मीरा देवी, बीना पाण्डेय, शाहीन बेगम ने विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए विविध सवालों का जवाब दिया। एकत्रित सूचनाओं के आधार पर विद्यार्थी अपनी सर्वे रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।

# पीएम के विजन व सीएम के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा प्रदेश

जिला संवाददाता (vol)

- सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति पर आयोजित कार्यक्रम का किया शुभारंभ



**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश सरकार के सेवा सुरक्षा व सुशासन नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित त्रिदिवसीय जनपदीय विकास उत्सव के तर्हत मेले व प्रदर्शनी का आयोजन सामुदायिक केंद्र विकास प्राधिकरण रतापुर रायबरेली में किया जा रहा है। जिसके दूसरे दिन जनपद के लिये शासन द्वारा नामित सभापति वित्त एवं प्रशासकीय विलम्ब समिति विधान परिषद पवन कुमार सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया।इस अवसर पर डीएम हर्षिता माथुर, एसपीडॉ0 यशवीर सिंह, सीडीओ अर्पित उपाध्याय, एडीएम (प्रशासन) सिद्धार्थ, भाजपा जिलाध्यक्ष बुद्धिलाल पासी, उपस्थित रहे। कार्यक्रम स्थल पर विभागों द्वारा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के लगाए गए स्टॉलों का अतिथियों ने भ्रमण कर अवलोकन किया तथा केंद्र सरकार के 10 वर्ष तथा उप्र सरकार के 8 वर्ष की उपलब्धियों एवं जनहित में क्रियान्वित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं परियोजनाओं तथा कार्यों पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। इसके पश्चात सभागार में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया तथा अतिथियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को चेक/प्रमाण पत्र आदि वितरित किया गया तथा विभिन्न क्षेत्रों के नागरिकों को सम्मानित भी किया गया। प्रदेश सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने व आस्था के महाकुंभ पर बनी लघु फिल्म का प्रसारण किया गया।सूचना एवं सांस्कृतिक विभाग के पंजीकृत दलों द्वारा कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई।

सभापति ने कहा कि प्रधानमंत्री के विजन व मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि वंचित को वरीयता का मूल मंत्र मानकर सरकार ने विगत 8 वर्षो में करोड़ों लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाने में सफलता प्राप्त की है।प्रदेश के 15 करोड़ निर्धनों को प्रतिमाह निःशुल्क आनज, 1.86 करोड़ से अधिक परिवारों को निःशुल्क गैस कनेक्शन, 2.86 करोड़ से अधिक किसानों को किसान सम्मान निधि का लाभ, 9 करोड़ लाभार्थियों को 5 लाख तक का चिकित्सा सुरक्षा कवच, 56.50 लाख से अधिक परिवारों को निःषुल्क आवास उपलब्ध कराया गया है।उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था एक मॉडल के रूप में प्रस्तुत हुई है। महिला सम्बन्धी अपराधों में संलिप्त अपराधियों को सजा दिलाने में उत्तर प्रदेश, देश में नम्बर एक राज्य है। आज गूगल पर एक्सप्रेस-वे स्टेट सर्च करे, तो उत्तर प्रदेश का नाम सामने आता है। 6 एक्सप्रेस वे संचालित है 11 नये पर काम जारी है। एयर कनेक्टिविटी में आजादी के बाद से 2017 तक पूर्व मात्र 4 ऑपरेशनल एअरपोर्ट लखनऊ, वाराणसी, गोरखपुर एवं आगरा में थे।8 वर्षो के बाद आज 16 एयरपोर्ट संचालित है। 5 अंतराष्ट्रीय एयरपोर्ट है। बेहतरीन इन्फ्रास्ट्रक्चर ने निवेशकों को आकर्षित किया तथा कम लागत और कम समय में उत्पादन की गारंटी भी दी। उन्होंने कहा कि पहले उत्तर प्रदेश में बिजली आना खबर बनती थी, आज बिजली जाना अखबार में छपता है। औद्योगिक विकास निवेश के रिफॉर्म, परफॉर्म, ट्रासफॉर्म का मंत्र, 33 सेक्टोरल पॉलिसीज लागू, सिग्ल विडो सिस्टम निवेश सारथी पोर्टल बनाया गया है। कानून व्यवस्था सुदृढ़ हुई है संसाधन बेहतर किये गये है जिसके फलस्वरूप निवेषकों को भरोसा लौटा है। आयुषमान कार्ड बनाने के मामले में उप्र देश में प्रथम स्थान पर है।

## यातायात पुलिस ने चलाया सड़क सुरक्षा-जीवन सुरक्षा अभियान

**रायबरेली।** मुख्यमंत्री उप्र व शासन के मंशा के अनुरूप एसपी के कुशल निर्देशन में एसपी व क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल पर्यवेक्षण में (न्यू स्टैंडर्ड कॉलेज आफ हायर एजुकेशन सलेथु महाराजगंज रायबरेली) में बढ़ रही वाहन दुर्घटनाओं से होने वाली घटनाओं के संबंध में छात्र-छात्राओं व एनसीसी के छात्रों को सड़क सुरक्षा संबंधी जागरूकता अभियान चलाकर सड़क पर चलने के नियम व संकेतों के बारे में यातायात उनि. अरिमर्दन सिंह, उनि. रमेशचन्द्र सिंह, आ० सुनील पांडेय व आ० रोहित कुमार ने जानकारी प्रदान की ।इस जागरूकता अभियान में इंटर कॉलेज के करीब 250 बच्चों ने भाग लिया।इस प्रकार के जागरूकता अभियान चलाकर भविष्य में होने वाली वाहन दुर्घटनाओं को कम किया जा सकता है और शहर व देहात के ग्रामीण क्षेत्रों में यात्रा जागरूकता अभियान चलने का पूरा प्रयास किया जा रहा है।यातायात पुलिस व एनसीसी के छात्रों ने जनता को भी जागरूक करने के लिए महाराजगंज कस्बे में रैली निकाली ।



संक्षेप

## गैंगस्टर में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा गैंगस्टर एक्ट में एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। बुधवार को थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा दबिश के दौरान थाना रामगढ पर पंजीकृत गैंगस्टर एक्ट में वांछित एक अभियुक्त रघुराज पुत्र शेर सिंह निवासी ग्राम कूपा थाना लाइनपार जनपद फिरोजाबाद को उसके मकान से गिरफ्तार किया गया, पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध के आवश्यक विधिक कार्यवाही की है।

## मुस्लिम युवक पर युवती को भगाने का आरोप

**वृंदावन।** रंगजी पुलिस चैकी क्षेत्र स्थित ब्यूटी पार्लर में कार्य करने के बाद निकली युवती घर नहीं पहुंची तो उसके पिता ने युवती के साथ पार्लर में कार्य करने वाले मुसलिम युवक पर फुसलाकर युवती को गुमराह कर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। इस कार्य में युवक का साथ उसके एक और मित्र ने दिया। युवती के पिता ने इस मामलें में वृंदावन कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस ने इस मामले में एक युवक को हिरासत में लिया है, जिससे पूछताछ की जा रही है। रंगजी पुलिस चैकी क्षेत्र निवासी पिता ने कोतवाली में दर्ज कराई एफआईआर में बताया कि उनकी बेटी एक स्थानीय ब्यूटी पार्लर में कार्य करती थी। 24 मार्च को घर से ब्यूटी पार्लर गई थी। दोपहर करीब तीन बजे वह ब्यूटी पार्लर से निकली, लेकिन घर नहीं पहुंची। पिता ने आरोप लगाया कि युवती को मांट थाना क्षेत्र के एक गांव का रहने वाला मुसलिम युवक साहिल खान बहला फुसला कर ले गया। इस कार्य में आरोपित युवक का साथ उसके मित्र विकास ने दिया। कोतवाली प्रभारी रवि त्यागी ने बताया कि युवती के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। एक युवक को हिरासत में लिया है, जिससे पूछताछ की जा रही है।

## ट्रैक्टर ने मुरैना के युवक को रौंदा, मौत

**मथुरा।** वृंदावन नगर के परिक्रमा मार्ग स्थित गौरी गोपाल आश्रम के समीप गिट्टी से भरे अनियंत्रित ट्रैक्टर ने एक युवक की जान ले ली। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शी देवेंद्र गिरी ने बताया कि गिट्टी से भरा ट्रैक्टर इस्कॉन मंदिर की ओर से आ रहा था। इसी दौरान चालक की लापरवाही के चलते राह से गुजर रहा युवक ट्रैक्टर की चपेट में आ गया। ट्रैक्टर चढ़ने की वजह से मौके पर ही उसने दम तोड़ दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार युवक कुछ दिनों पूर्व भी वृंदावन आया था और वह अपने आप को मध्य प्रदेश के मुरैना जिले का बताता था। गौरी गोपाल आश्रम लगातार सुर्खियों में चला आ रहा है। जहां निशुल्क भोजन के चक्कर में सैकड़ो की संख्या में लोगों की भीड़ परिक्रमा मार्ग में लगी रहती है।

## मांट थाना प्रभारी लाइन हाजिर

**मथुरा।** शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने पर मांट थाने के प्रभारी निरीक्षक पर गाज गिरी है। मुख्यमंत्री की एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) में मांट थाने की खराब स्थिति के चलते शिकायतों के निस्तारण में मथुरा जनपद की रैंक कम आई थी। इसी के चलते एसएसपी द्वारा यह कार्यवाही की गयी है। बताया गया कि थाने पर आने वाली शिकायतों का निस्तारण न करने पर मांट थाना प्रभारी निरीक्षक राजीत वर्मा को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया है।

# राज्यमंत्री ने फोटो गैलरी का फीता काटकर किया उद्घाटन



**मथुरा।** उत्तर प्रदेश के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) वन, पर्यावरण, जन्तु उधान एवं जलवायु परिवर्तन विभाग अरूण कुमार सक्सेना का रोली-चंदन तथा फूल वर्षा करते हुए छात्राओं ने किया स्वागत।

स्वागत में जनपद के विद्यालय के छात्र छात्राओं ने बैंड के माध्यम से राज्यमंत्री का आवभगत किया। मंत्री जी ने सूचना विभाग द्वारा प्रदर्शित विकास फोटो गैलरी का फीता काटकर उद्धघाटन किया। माननीय मंत्री जी ने सूचना विभाग की फोटो गैलरी में जनपद मथुरा के विभिन्न विकास कार्यों की प्रदर्शित फोटो को देखते हुए जनपद के विकास कार्यों की प्रशंसा की। जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना ने फोटो गैलरी में प्रदर्शित परियोजनाओं के संबंध में मंत्रीजी को अवगत कराया। मंत्रीजी ने कहा कि इसी प्रकार विकास की धरा को जनपद में बहाते रहें तथा जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाते रहें। मंत्रीजी ने सूचना विभाग की एलईडी वैन में प्रदर्शित विकास योजना की फिल्म तथा महाकुम्भ 2025 की फिल्म का अवलोकन किया।

राज्यमंत्री ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉलों का बारी बारी से जायजा तथा विभागीय योजनाओं की जानकारी ली। मा० मंत्री जी ने नमामि गंगे की जल जीवन मिशन, प्रोबेशन, पुलिस, उपायुक्त स्वत रोजगार, आंगनबाड़ी, बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, चिकित्सा, नेडा, बैंक, कृषि, खाद एवं रशद, विकास, मनरेगा, पंचायतीराज, समाज कल्याण, कौशल विकास, उद्यान, वन, जल निगम आदि विभाग द्वारा लगाये गये स्टॉलों का जायजा लिया। इसी प्रकार जिला पूर्ति अधिकारी सतीश कुमार मिश्रा, जिला समाज कल्याण अधिकारी नगेन्द्र पाल सिंह, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी सुनील दत्त, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अजय कुमार वर्मा, उपायुक्त उद्योग रामेन्द्र कुमार, जिला उद्यान अधिकारी मनोज चतुर्वेदी, जिला कार्यकम अधिकारी बुद्धि मिश्रा, जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास चन्द्र, सहायक श्रमायुक्त एम०एल० पाल, पीडी अरुण कुमार उपाध्याय, डीसी मनरेगा विजय कुमार पाण्डेय आदि ने बारी बारी से अपने अपने विभागों की लगी स्टॉलों पर मा० मंत्री जी को आमंत्रित किया। विभागीय जनकल्याणकारी योजनाओं के पोस्टर, बैनर, स्टैण्डी, बुक लेट, पम्पलेट आदि को प्रदर्शित करते हुए जनसामान्य को वितरण किया।

# मुगलों से नहीं, शिवाजी से है आगरा की पहचान : सीएम

- सीएम ने जिले को दिया 635 करोड़ का तोहफा

**आगरा।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने सरकार के आठ साल पूरे होने पर 635 करोड़ की 128 योजनाओं का तोहफा दिया। इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि आगरा की पहचान मुगलों से नहीं छत्रपति शिवाजी से है। आगरा के जीआईसी मैदान में आए प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने 635 करोड़ की 128 योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया।

सीएम ने जीआईसी मैदान पर अपनी सरकार के 8 साल पूरे होने के मौके पर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। जीआईसी मैदान पर उन्होंने 635 करोड़ रुपये की 128 योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। उन्होंने यहां मौजूद लाभार्थियों और लोगों से कहा आगरा की पहचान मुगलों से नहीं है, आगरा की पहचान छत्रपति शिवाजी, राधारानी, बांके बिहारी और ब्रजभूमि से है। सीएम ने कहा कि प्रदेश सरकार विरासत सजाने के साथ विकास भी कर रही है। काशी, अयोध्या, प्रयागराज, नैमिषारण्य बटेश्वर इसके उदाहरण हैं। सीएम ने कहा कि सरकार युवाओं को रोजगार दे रही है। 8.50 लाख युवाओं को रोजगार मिला है। हाल में ही पुलिस भर्ती में 60 हजार युवाओं को नौकरी दी गई है। इनमें 12 हजार बेटियां हैं। सीएम ने कहा कि पहले की सरकार में गुंडे माफिया और दंगाई हावी थे। लेकिन हमने वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया की जगह वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट दिया है। सीएम ने लाभार्थियों को चेक और टूलकिट भी प्रदान की। प्रदर्शनी में उन्होंने लोगों से मुलाकात करके उन्हें प्रोत्साहन दिया। जीआईसी मैदान से वह लखनऊ के लिए रवाना हो गए।

### बग्गी में बैठाकर मंदिर पर लाये गये सीएम योगी

इससे पूर्व श्री दरियानाथ मंदिर पहुंचने पर सीएम योगी आदित्यनाथ को सजी-धजी एक बग्गी में बैठाकर मंदिर तक लाया गया। इस दौरान मंदिर की ओर जाने वाले मार्ग को सजाया गया था। मंदिर में शंखाढाल कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे संतों में नाथ सम्प्रदाय के राष्ट्रीय अध?क्ष के रूप में सीएम योगी आदित्यनाथ लेकर जबर्दस्त उत्साह था। सीएम योगी ने ब्रह्मलीन महंत योगी सिद्धनाथ का स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने संत के रूप में व्यापक जनजागरण किया था। आज वे हमारे बीच में नहीं हैं, लेकिन उनके द्वारा किये गये कार्य हमेशा हमारी स्मृति में रहेंगे।

# भाजपा पदाधिकारियों ने स्वास्थ्य कैंप आयोजित किया



**टूंडला।** भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार के सफलतम आठ वर्ष पूर्ण होने पर एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन नगर के बन्ना रोड स्थित वृद्धा आश्रम पर किया गया। इस दौरान भाजपा अनुसूचित मोर्चा बृजक्षेत्र के सहप्रभारी रामतीर्थ सिंह चक बताया कि उत्तर प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाराज की सरकार के आठ वर्ष पूर्ण होने पर एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन वृद्धा आश्रम में किया गया है जिसमें वृद्धा आश्रम में रहने वाले समस्त वृद्धों डायबिटीज, ब्लडप्रेशर, और आंखों की निःशुल्क जांचे हुई और बीमार पाए जाने वाले सभी वृद्धजनों को दवाई दी गईं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता को प्रधानमन्त्री गरीब कल्याण अन्न योजना से पंद्रह करोड़ लोगों लोगों को मुफ्त में राशन मिल रहा है और प्रधानमंत्री आवास योजना से लगभग साठ लाख बेघर लोगों घर देने का काम सीएम योगी आदित्यनाथ ने किया है। उत्तर प्रदेश से अपराध पूरी तरह से समाप्त है 2017से पहले गुंडे माफिया अपराधी बेलगाम थे अब ये अपराधी उत्तर प्रदेश छोड़कर भाग गए हैं या फिर सीधे ऊपर पहुंच गए हैं। पूर्व सांसद प्रतिनिधि लोकेंद्र सिंह पोनियां ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की डबल इंजन की सरकार द्वारा देश एवं प्रदेश के हर तबके के लोगों के विकास ले लिए कार्य किया जा रहा है। स्वास्थ्य कैंप में लगभग 55 वृद्धजनों की जांच कर उनको दवाई दी गई। इस दौरान चौ,उदय प्रताप सिंह,भवानी सिंह,आशू चक,कोमल बाल्मीकि,नरेन्द्र चक,राजीव राजपूत,देवांशु प्रताप सिंह,शरद पोनियां,बीनू वर्मा,राजीव मल्होत्रा,नीतू दुबे,पिंटू सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# सीडीओ की अध्यक्षता में आधार अनुश्रवण समिति की त्रैमासिक बैठक आयोजित

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन के निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय आधार अनुश्रवण समिति की त्रैमासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी की उपस्थिति एवं एम0पी0सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, फिरोजाबाद तथा समिति के समस्त सदस्य एवं लखनऊ से आगरा मण्डल आगरा के यू0आई0डी0ए0आई0 के द्वारा निर्देशों के क्रम में बिन्दुवार समीक्षा करायी गयी। बैठक के दौरान बताया कि जनपद फिरोजाबाद में 0 से 5 वर्ष में आधार नामाकंन की प्रगति 38 प्रतिशत है। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए कि आयु वर्ग 0-5 वर्ष आधार नामाकंन की प्रगति की तेजी से बढाया जाना आवश्यक है। सभी आयु वर्गो, मुख्यतः 0-18 आयु वर्ग में आधार संतृप्ति और बच्चों का अनिवार्य बायोमैट्रिक अपडेशन। फैमिली आई0डी0-एक परिवार एक पहचान में बढोत्तरी किये जाने के निर्देश दिये गये। आधार से सम्बन्धित धोखाधड़ी एवं दुरूपयोग की गतिविधियों का अनुश्रवण एवं विधिक कार्यवाही। आधार नामाकंन हेतु जगरूकता अभियान संचालित कराना तथा आधार के उपयोग हेतु बेस्ट प्रैक्टिस का प्रसार करना। उन्होने कहा कि 0-5 वर्ष के बच्चों का शतप्रतिशत आधार पंजीकृत किया जाना है जिसके लिए मुख्य चिकित्साधिकारी प्राइवेट अस्पतालों से समन्वय स्थापित करते हुए जन्में हुये बच्चों की सूची प्रबन्धक इण्डिया पोस्ट पैमेन्ट बैंक को उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये। 0-5 वर्ष के बच्चों के आधार नामाकंन व्यवस्था का अनुश्रवण करना मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं प्रबन्धक इण्डिया पोस्ट पैमेन्ट बैंक को निर्देशित किया गया कि 0-5 वर्ष के बच्चों के नाकांकरन की प्रकिया तेजी से की जायें। मुख्य चिकित्साधिकारी को आधार वर्ष जन्म पंजीकरण की कार्यवाही हेतु निर्देश दिये गये। समस्त रजिस्ट्रार को निर्देशित किया गया कि राज्य सरकार अथवा उ0प्र0 डी0बी0टी0 आधार सेल द्वारा निर्देशों के क्रम में कार्य करना सुनिश्चित करें।

# जगदीश कुमार व सुमन मित्तल की पुण्य स्मृति में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित

**मथुरा।** समाज सेवा एवं परोपकार मे अग्रणी होने के अलावा जलदान वस्त्रदान अन्नदान कन्यादान शिक्षा दान एवं गरीब तथा असहायों को निशुल्क स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने में समर्पित रहने वाली प्रमुख संस्था सेठ कन्हैया लाल धार्मिक ट्रस्ट के सौजन्य से स्व. जगदीश कुमार मित्तल एवं श्रीमती सुमन मित्तल की पुण्य स्मृति में कल्याणं करोति मथुरा द्वारा निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के समापन समारोह में कार्यक्रम का शुभारंभ विशिष्टजनों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। घृति मित्तल ने अपने संबोधन में कहाकि बचपन से ही हमने अपने बाबा स्व. जगदीश कुमार मित्तल को सेवा करते देखा है। उनकी सेवा भावना से हमें भी प्रेरणा मिली कि हम समाज के जरूरतमंद लोगों के लिए कार्य करें। इस पुण्य अवसर पर शामिल होकर हमें अत्यंत आत्मिक सुख की अनुभूति हो रही है। इस अवसर पर धनेश मित्तल प्रबंध ट्रस्टी सेठ कन्हैयालाल धार्मिक ट्रस्ट मथुरा ने कहा कि समाज सेवा का सबसे श्रेष्ठ रूप जरूरतमंदों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना है। यह नेत्र चिकित्सा शिविर दिवंगत आत्माओं को सच्ची श्रद्धांजलि है जो जीवनभर सेवा के मार्ग पर चले।

गोपाल प्रसाद अग्रवाल भरतपुर वाले ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहाकि नेत्र ज्योति से वंचित व्यक्तियों की सहायता कर हम उनके जीवन में प्रकाश ला सकते हैं। यह आयोजन निश्चित रूप से समाज के लिए अनुकरणीय प्रेरणा देगा। मुकेश अग्रवाल एवं रवि अग्रवाल ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से समाज में जागरूकता बढ़ती है और जरूरतमंदों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होती हैं। शिविर में दूर-दराज के अंचलों से आए 401 नेत्र रोगियों का नेत्र परीक्षण किया गया। जिनमें 120 रोगियों के मोतियाबिंद ऑपरेशन संपन्न किए गए। समापन समारोह में नेत्र रोगियों को निःशुल्क दवा वितरित की गई। कार्यक्रम में सात्विक उपाध्याय महेश चंद्र अग्रवाल कसेरे रामनिवास अग्रवाल टोंटी वाले सारिका अग्रवाल मीरा अग्रवाल भारत भूषण राजेश मित्तल नीता मित्तल सन्देश मित्तल सुभाष सक्सैना उ.प्र. प्रदूषण सलाहकार सहित अनेक प्रतिष्ठित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## 6 अप्रैल को निकाली जायेगी शोभायात्रा

**मथुरा।** श्री राम जन्मभूमि महोत्सव मेला समिति द्वारा 06 अप्रैल रविवार को निकाली जाने वाली रामनवमी शोभा यात्रा महोत्सव की तैयारियों को लेकर है। इसे लेकर एक प्रेसवार्ता मसानी लिंक रोड परिणय गार्डन में आयोजित हुई प्रेस वार्ता में शोभा कार्ड विमोचन किया गया। मेला संयोजक कन्हैया लाल अग्रवाल ने बताया कि 06 अप्रैल 4:00 बजे स्थानीय घीया मंडी प्राचीन राम मंदिर से विराट शोभायात्रा प्रारंभ होगी। उन्होंने बताया यात्रा का प्रारंभ संत महात्मा एवं राम भक्त द्वारा भगवान श्री राम की आरती के साथ होगा।

## महिला को नशीला पदार्थ सुंघाकर आभूषण लूटे, एसएसपी से की कार्यवाही की मांग

**मथुरा।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत शहर के भीड़भाड़ वाले मथुरा इलाके में सरेशाम दर्शन को आयी महिला को नशीला पदार्थ सुंघाकर उसके सोने के कुण्डल, अंगूठी और चार हजार रुपए लूट लिये। घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के आगरा रोड स्थित रंगेश्वर मंदिर क्षेत्र का है। देर शाम शहर कोतवाली क्षेत्र की नाई वाली गली मौहल्ले की रहने वाली रेनू शर्मा पत्नी बांकेबिहारी दर्शन करने के लिये गयी थी। बताते हैं कि इसी बीच मंदिर के मुख्य द्वार के पास उसे नशीला पदार्थ सुंघा दिया जिससे वह अचेत हो गयी। पीड़ित महिला के परिजनों ने बताया कि सूट पहने हुये एक महिला और उसके साथ 12-15 साल के दो बच्चों ने इस घटना को अंजाम दिया है। ये लोग बेहोशी की अवस्था में रेनू को ई रिक्शे में बैठाकर डैम्पियर नगर की ओर ले गये और रास्ते में महिला की अर्द्धबेहोशी की हालत का फायदा उठाकर महिला के कानों में पहने सोने के कुण्डल और हाथ में पहनी सोने की अंगूठी और उसके पास रखे चार हजार रुपए लूटकर ले गये। इस घटना से सनसनी फैल गयी। पीड़ित ने बाग बहादुर पुलिस को भी इसकी शिकायत की। आज पीड़ित महिला स्वयं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची और शिकायती पत्र देते हुये कार्यवाही की मांग की है।

## ईद उल फितर से पूर्व बढ़ी बाजार में रौनक

**मथुरा।** रमजान उल मुबारक पर्व अब आखरी मंजिल पर है। ईद उल फ्तिर की नमाज चांद देखने के बाद उम्मीद की जा रही है 31 मार्च या 1 अप्रैल को अदा की जाएगी। परंतु ईद की तैयारी अब दिखने लगी है। बाजारों में रौनक बढ़ गई है। विशेष कर कपड़ों की दुकानों में अधिक भीड़ देखी जा रही है। कपड़ों की जमकर खरीदारी हो रही है। इसका कारण यह है कि कपड़ों की सिलाई के लिए दरजी के पास समय काफी कम है इसलिए विशेष कर महिलाएं कपड़ों की खरीददारी में अधिक देखी जा रही है। इसको लेकर क्षेत्र के कपड़े के कई बड़े शोरूम सुबह 9 बजे से लेकर रात के 11 बजे तक ग्राहको से गुलजार हैं। कपड़ों में विशेष कर सिले हुए सलवार सूट गाउन सिले हुये डिजाइनर सूट की अधिक बिक्री देखी जा रही है। इसके साथ रेडीमेड बच्चों के कपड़ों की भी खूब खरीदारी हो रही है। कॉस्मेटिक की दुकान भी ग्राहकों को लुभाने के लिए एक से बढ़कर एक कॉस्मेटिक के समान लेकर आए हैं। वही ईद का विशेष व्यंजन सेवइयां इस समय बाजार में पूरी तरह नहीं आई है। इसकी बिक्री तीन. चार दिन पहले प्रारंभ होती है। परंतु लच्छा सेवई और फालूदा बाजार में नजर आ रहे हैं। ईद का बाजार अभी चांद रात तक गुलजार रहेगा।

# उप्र विकसित राज्य की ओर अग्रसर : योगेंद्र उपाध्याय

- सरकार गांव, गरीब, किसान व नौजवान के प्रति समर्पित है




**फिरोजाबाद।** सेवा सुरक्षा व सुशासन के 8 वर्ष व केंद्र सरकार के 10 वर्ष पूर्ण होने पर जनपद फिरोजाबाद में आयोजित कार्यक्रम के दूसरे दिन प्रभारी मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने प्रतिभाग किया, प्रभारी मंत्री ने सर्वप्रथम प्रेस वार्ता में उपस्थित पत्रकारों के समक्ष 8 वर्ष की उपलब्धियों का वर्णन किया। प्रभारी मंत्री व उपस्थित जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों ने 8 वर्ष सुशासन विषय पर केंद्रित पुस्तिका का विमोचन भी किया। इसके पश्चात मंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर विभिन्न विभागों के लगे स्टालों का अवलोकन किया, इस दौरान उन्होंने उपस्थित जनता को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार योगी के नेतृत्व में गांव गरीब किसान, बेरोजगार नौजवान नारी का सम्मान शिक्षा का उत्थान के प्रति समर्पित है और इस दौरान उद्योगों को नई उड़ान मिली है, जिससे प्रदेश में रोजगार पैदा हुआ है, अब हमारा प्रदेश बीमारू राज्य से उभर कर विकसित राज्य की ओर अग्रसर है, माफिया प्रदेश छोड़कर पलायन कर गए हैं, कानून व्यवस्था चौक चौबंद होने से अब विकास के नए द्वार खुल रहे है, महिलाएं अब स्वस्थ और सुरक्षित अपने को महसूस कर रही हैं, हमारी सरकार ने कोरोना काल में जिस तरह डिजास्टर मैनेजमेंट किया है, वह अपने आप में सरकार की आमजन के प्रति चिंता और लोक कल्याण की भावना को दशार्ता है,

आज हमारी सरकार द्वारा संचालित आयुष्मान योजना गरीबों का सहारा बनी हुई है, युवा उद्यमी के तहत 5 लाख तक ऋण लेने पर ब्याज नहीं लिया जा रहा है, जिससे युवा अपना उद्यम खोलने के लिए प्रोत्साहित हो रहे हैं, प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि के तहत सीधे उनके खातों में धनराशि पहुंचाई जा रही है। इस दौरान परियोजना निदेशक ने विस्तार से प्रधानमंत्री आवास योजना के बारे में विस्तार से बताया, साथ ही उन राज मिस्त्रियों ने अपने अनुभव साझा किये, जो गरीबों को पक्का मकान देकर उन्हें, लाभान्वित कर रहे हैं, इसके बाद प्रभारी मंत्री के हाथों लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए, जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभार्थी निम्न रहे, मुन्नालाल निषाद, गुड्डी देवी, सीएमआवास ग्रामीण योजना के तहत प्रकाश देवी, राहुल इत्यादि को लाभान्वित किया। इस दौरान टेबलेट वितरण के लाभार्थियों में नंदिनी, फरीन इत्यादि को दिया गया, इस दौरान ऋण वितरित करने के लिए बैंकों को सम्मानित किया गया। ऋषभ मिश्रा रवि रंजन अशीष शाह इत्यादि को बेहतरीन ऋण देने के लिए सम्मानित किया गया, इसके अलावा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को खादी ग्रामोद्योग, ओडीओपी के लाभार्थी एक जनपद एक उत्पाद के लाभार्थियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान शहर विधायक मनीष असीजा, महापौर कामिनी राठौर, भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह महानगर अध्यक्ष सतीश दिवाकर, डीएम रमेश रंजन, एसएसपी सौरभ दीक्षित सीडीओ शत्रोहन वैश्य अपर डीएम वित्त एवं राजस्व विशु राजा सहित संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## बैकुंठ से भी श्रेष्ठ है सत्संग का सुख

**वृन्दावन।** श्री विजय राघव सरकार के सानिध्य में श्री करह बिहारी सरकार के अष्टदिवसीय 21वें सियपिय मिलन महोत्सव के प्रथम दिवस आध्यात्मिक समारोह की श्रृंखला में सत्संग की महिमा का वर्णन करते हुए संत रामकृपाल चित्रकूटी महाराज ने कहा कि बैकुंठ से भी श्रेष्ठ है सत्संग का सुख। संत महापुरुष पारसमणि हैं जो अंतर में व्याप्त दोषों का शमन कर शुष्क और उसर हृदय में भी भगवद तत्व रूपी बीज का रोपण कर देते हैं। जगद्गुरू रामानुजाचार्य स्वामी अनिरुद्धाचार्य महाराज ने संत सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए कहा कि कहा कि सत्संग का प्रत्येक क्षण अनंत प्रेम, माधुर्य और जीवन की सार्थकता प्रदान करने वाला है। गुरुदेव के श्रीचरणों में विशुद्ध प्रीति ही प्रपत्ति का प्रस्फुटन करती है। संत बजरंग शरण मानस एक्सप्रेस ने कहा कि उन्हीं का जीवन धन्य है, जिनके मानस में आराध्य श्रीसीताराम जी विराजमान हैं। उनका सानिध्य कृपासाध्य होता है।

## प्रेमानंद के जन्मोत्सव को लेकर भक्तों में उल्लास



**मथुरा।** वृंदावन संत प्रेमानंद का जन्मोत्सव कार्यक्रम शुरू होते ही भक्तों ने उनके राह में फूल बिछाए रखे थे। संत प्रेमानंद के जन्मोत्सव पर रात्रिकालीन पदयात्रा निकली तो भक्तों ने रास्ते भर फूलों की रंगोली सजाई। भजन-कीर्तन और संगीतमय धुनों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। आश्रम में नाम संकीर्तन श्रीजी के झूला दर्शन श्रीहित चतुरासी पाठ और मंगल आरती में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पांच दिवसीय जन्मोत्सव की शुरूआत हुई और भक्तों को अलग-अलग दिनों में प्रवेश मिलेगा। संत प्रेमानंद के जन्मोत्सव पर रात्रिकालीन पदयात्रा में श्रद्धालुओं का जोश हिलोरे मार रहा था। जैसे ही संत प्रेमानंद रात्रिकालीन पदयात्रा पर निकले तो रास्तेभर फूलों की रंगोली के साथ फूल बिछा दिए। कहीं भजन गाए जा रहे थे, कहीं संगीतमय धुन पर राधा राम की गूंज सुनाई दे रही थी। संत प्रेमानंद जैसे-जैसे आगे बढ़ रहे थे, कोई भक्त उनकी आरती उतार रहा था, कोई पुष्पवर्षा कर उनके जन्मोत्सव की बधाई दे रहा था। संत प्रेमानंद श्रीराधाकेलि कुंज पहुंचे तो नाम संकीर्तन से आश्रम परिसर गूंज उठा। आश्रम में नाम संकीर्तन के अलावा श्रीजी का झूला दर्शन, श्रीहित चतुरासी पाठ, दर्शन, मंगल आरती में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। राधानाम संकीर्तन लगातार जारी रहा। वाणी पाठ में शामिल होकर श्रद्धालुओं ने संत प्रेमानंद के जन्मोत्सव के उल्लास में सहभागिता की। रात ठीक दो बजे जब संत प्रेमानंद श्रीकृष्ण शरणम से पदयात्रा करते हुए आगे बढ़े तो श्रद्धालुओं का जोश हिलोरे मारने लगा। श्रद्धालुओं ने फूलों की रंगोली सजाई और सड़क के दोनों ओर सामान्य दिनों से कई गुणा अधिक श्रद्धालुओं की भीड़। श्रद्धालुओं के बीच बच्चे श्रीराधाकृष्ण के वेश में सजे थे।

## डॉक्टर के अपहरण का किया था प्रयास, दोषियों को उम्रकैद, उधार चुकाने के बहाने बुलाया था

**आगरा।** उधार चुकाने के बहाने से डॉक्टर को बुलाकार अगवा करने का प्रयास किया गया। राहगीरों ने शोर सुन चिकित्सक को मुक्त करा लिया। मामले को दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। आगरा में 20 साल पहले उधार के रुपये देने के बहाने आरोपियों ने शहर के प्रख्यात डॉक्टर राकेश मोहनियां का फिरौती मांगने के लिए अपहरण किया था। राहगीरों ने शोर सुनकर उन्हें मुक्त कराया था। अदालत ने थाना किरावली क्षेत्र के गांव अभुआपुरा निवासी होम्योपैथिक डॉक्टर राजेंद्र सिंह और फिरोजाबाद के नसीरपुर निवासी साधु यादव उर्फ शादी लाल को मामले में दोषी पाया। विशेष न्यायाधीश दस्यु प्रभावी क्षेत्र दिनेश तिवारी ने उम्रकैद के साथ 20-20 हजार रुपये की सजा सुनाई। थाना शमसाबाद में 3 दिसंबर, 2005 को थाना सदर क्षेत्र के राजपुर चुंगी निवासी डॉक्टर राकेश मोहनियां ने तहरीर दी थी। बताया था उनका एक कोल्ड स्टोर भी है। घर के पास होम्योपैथिक डॉक्टर राजेंद्र सिंह क्लिनिक संचालित करते थे। आरोप है कि राजेंद्र सिंह ने अपने खेत के आलू कोल्ड स्टोर में रखने का वादा कर 2 लाख रुपये एडवांस के रूप में लिए थे। 1.50 लाख रुपये अपने परिचितों को दिला दिए थे। रुपये लेने के बाद भी आरोपियों ने आलू का भंडारण उनके कोल्ड में नहीं किया। उन्होंने रुपयों की मांग की। इस पर आरोपी बहाने बनाता रहा। 3 दिसंबर, 2005 को राजेंद्र सिंह उनके अस्पताल पर आया। रकम देने के बहाने से अपने गांव की बोलकर कार में बैठा लिया। चमरोली मोड़ पर कार में दो अज्ञात युवक और बैठा लिए। तहरीर के अनुसार शमसाबाद से राजाखेड़ा रोड पर शौच करने के बहाने से गाड़ी रोक ली। पहिये में हवा कम होने का बहाना बनाकर उन्हें पीछे बैठा दिया। दोनों अज्ञात युवकों ने उनसे मारपीट कर मुंह में कपड़ा ठूसने की कोशिश की। खींचतान के दौरान कार का दरवाजा खुल गया। उनके दोनों पैर कार के बाहर लटक गए। यह देख बाइक सवार राहगीर रामदेव शर्मा और भगवान सिंह ने बाइक को कार के आगे लगाकर रोक लिया। उन्हें आरोपियों से मुक्त कराया।

# यूपी में हो रहा चौतरफा विकास : अरूण कुमार




**मथुरा(मधुसूदन शर्मा)।** सेवा, सुरक्षा और सुशासन समारोह 2025 कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री अरूण कुमार सक्सैना ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में प्रदेश के अंदर लोग बाहर से निवेश करने आ रहे है। प्रदेश सरकार ने गरीबी को दूर करने के लिए किसान सम्मान निधि योजना चलाई। निःशुल्क आवास, निराश्रित महिलाओं को डीबीटी के माध्यम से पेंशन सहित सैकड़ों योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। उत्तर प्रदेश में अब चारों तरफ विकास हो रहा है पूरे प्रदेश में कानून का राज स्थापित है जिसके कारण उत्तर प्रदेश में निवेश और रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं. देश के सर्वाधिक निवेशक उत्तर प्रदेश आ रहे हैं। किसानों की बात करें तो फसल बीमा योजना, निःशुल्क सिंचाई एवं गन्ना भुगतान करते हुए खाद्य व बीज की उपलब्धता को सुनिश्चित कराया गया। चीनी मिलों की क्षमता का विस्तार किया गया। प्रदेश के सभी जिलों में साइबर थानों की स्थापना हुई है। यूपी में नये एयरपोर्ट बनाये जा रहे है।

उन्होंने कहा प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश का चहुंमुखी विकास हो रहा है चाहे इंफ्रास्ट्रक्चर, डेवलपमेंट, विद्युत उत्पादन, निवेश और रोजगार, चिकित्सा, सांस्कृतिक विरासत आदि में बेहतर कार्य हो रहे हैं। सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क जांचे व आयुष्मान कार्ड से 5 लाख तक का निःशुल्क इलाज भी हो रहा है। सरकार द्वारा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत महिलाओं को मुफ्त गैस कनेक्शन मिलें है। पिछले 8 वर्षों में सेवा, सुरक्षा और सुशासन के मामले में प्रदेश सरकार जनता के लिए रोल मॉडल बन चुकी है। आज किसान खुशहाल है। बेटियों की सुरक्षा और सम्मान के प्रति प्रदेश सरकार ने सराहनीय कदम उठाए है। बेटियां पुलिस में भर्ती होकर सुरक्षा कर रही है और डॉक्टर बनकर समाज सेवा कर रही है। सरकार युवाओं को स्मार्ट फोन और टैबलेट दे रही है जिसके माध्यम से वह अपना भविष्य संवार रहे है। परिषदीय विद्यालयों में संसाधन के साथ-साथ बच्चों की संख्या भी बढ़ी है। यह महोत्सव सरकार की उल्लेखनीय उपलब्धियों का प्रमाण है और जनता के उज्ज्वल भविष्य का प्रतीक भी है। उत्तर प्रदेश अब विकसित भारत निर्माण में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। सेवा, सुरक्षा और सुशासन नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शुरू हुए इस त्रिदिवसीय कार्यक्रम का आयोजन 27 मार्च तक किया जाएगा।

## साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया

**टूंडला।** एसएसपी सौरव दीक्षित के निर्देशन में थाना साइबर अपराध पुलिस टीम द्वारा ग्राम सभा बन्ना थाना टुंडला में साइबर अपराध जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें निरीक्षक साइबर क्राइम राजेश सिंह कांस्टेबल हेमेन्द्र व कांस्टेबल अंशुल द्वारा स्थानीय नागरिकों को डिजिटल अरेस्ट और साइबर अपराधों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। जहां बताया गया कि पुलिस कभी भी डिजिटल अरेस्ट नहीं करती है, साइबर अपराधी इस प्रकार के फर्जी कॉल कर लोगों को ठगने का प्रयास करते हैं, अपने मोबाइल या कंप्यूटर में किसी भी अनजान लिंक फर्जी कॉल या संदिग्ध ऐप्स से बचें। कभी भी अपना बैंक खाता संख्या ओटीपी पिन, सीवीवी आदि किसी के साथ साझा न करें, अपनी व्यक्तिगत जानकारी अनजान लोगों के साथ शेयर न करें, फेक न्यूज और साइबर धोखाधड़ी से बचें। इसके अलावा, स्थानीय व्यापारियों और युवाओं को साइबर सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने तथा डिजिटल वारियर के रूप में उत्तर प्रदेश पुलिस के अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपनिरीक्षक आदेश कुमार चौकी इंचार्ज एफ.एच.थाना टुंडला सहित अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।




## संक्षेप

### श्रेयस अय्यर ने कहा था, मेरे शतक की चिंता मत करो

अहमदाबाद। शशांक सिंह की गुजरात टाइटंस के खिलाफ अंतिम ओवर में आक्रामक बल्लेबाजी के कारण श्रेयस अय्यर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपने पहले शतक से चूक गए लेकिन इस बल्लेबाज ने बाद में खुलासा किया कि पंजाब किंग्स के कप्तान ने ही उन्हें उनके शतक की परवाह के बिना बड़े शॉट खेलने की हिदायत दी थी। जब पंजाब की पारी का 20वां ओवर शुरू हुआ तब श्रेयस अय्यर 97 रन बनाकर नॉन स्ट्राइकर छोर पर खड़े थे। शशांक ने मोहम्मद सिराज के इस ओवर में पांच चौके लगाए जिससे अय्यर को बल्लेबाजी करने का मौका नहीं मिला। नाबाद 44 रन की पारी खेलने वाले शशांक ने कहा कि अय्यर ने उन्हें स्ट्राइक रोटेट करने के लिए नहीं कहा था। पंजाब किंग्स की 11 रन से जीत के बाद शशांक ने संवाददाताओं से कहा, ईमानदारी से कहूं तो मैंने स्कोरबोर्ड नहीं देखा। लेकिन पहली गेंद पर चौका लगाने के बाद मैंने स्कोरबोर्ड देखा और श्रेयस 97 रन पर थे। उन्होंने कहा मैंने कुछ नहीं कहा। वह मेरे पास आए और मुझसे कहा, शशांक मेरे शतक की चिंता मत करो। निश्चित तौर पर मैं उनसे कहने जा रहा था कि क्या मुझे एक रन लेकर स्ट्राइक उन्हें देनी चाहिए। शशांक ने कहा, यह कहने के लिए बहुत बड़ा दिल और साहस चाहिए क्योंकि टी20 में खासकर आईपीएल में शतक आसानी से नहीं बनते। शशांक ने कहा कि अय्यर का संदेश स्पष्ट था कि गेंदबाज पर आक्रमण करते रहो। उन्होंने कहा श्रेयस ने मुझसे कहा शशांक जाओ और हर गेंद पर चौका या छक्का लगाने की कोशिश करो।

### अय्यर ने अपने खेल में लगातार किया सुधार : विलियमसन

अहमदाबाद। न्यूजीलैंड के दिग्गज क्रिकेटर केन विलियमसन का मानना है कि भारत के मध्यक्रम के बल्लेबाज और आईपीएल में पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने अपने खेल में लगातार सुधार किया है तथा शॉर्ट पिच गेंदों को खेलने जैसी चुनौतियों से बड़ी अच्छी तरह से तालमेल बिठाया है। अय्यर ने मंगलवार को यहां गुजरात टाइटंस के खिलाफ 42 गेंदों पर नौ छक्कों और पांच चौकों की मदद से नाबाद 97 रन की मैच विजेता पारी खेली। विलियमसन ने जिओ स्टार से कहा, श्रेयस अय्यर की सबसे खास बात यह है कि उन्होंने अपने खेल में लगातार सुधार किया है। एक समय उन्हें शॉर्ट पिच गेंदों से निशाना बनाया जाता था लेकिन उन्होंने बड़ी अच्छी तरह से इससे सामंजस्य से बिठाया। उन्होंने अपने आगे के पांव पर वजन डालकर शॉर्ट पिच गेंदों का बड़ी खूबसूरती से सामना किया। उन्होंने कहा उसकी सबसे बड़ी विशेषता आगे के पांव में तेजी से वजन को स्थानांतरित करने की क्षमता है जिससे उन गेंदबाजों के लिए मुश्किल बढ़ जाती है जो उन्हें कभी शॉर्ट और फिर फुल लेंथ गेंद करते हैं। वह मैदान के हर छोर पर शॉट लगाने में सक्षम है जिससे वह बेहद मजबूत बल्लेबाज बन जाता है।

### भारत के युवा खिलाड़ियों को बेखौफ होकर खेलते देखना शानदार : स्टोइनिस

नयी दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर और आईपीएल में पंजाब किंग्स की तरफ से खेल रहे मार्कस स्टोइनिस भारतीय युवा खिलाड़ियों के बेखौफ होकर खेलने से काफी प्रभावित हैं। रोहित शर्मा विराट कोहली और रविंद्र जडेजा के पिछले साल टी20 विश्व कप के बाद खेल के सबसे छोटे प्रारूप से संन्यास लेने के बाद तिलक वर्मा और अभिषेक शर्मा जैसे खिलाड़ियों ने बखूबी जिम्मेदारी संभाली। पंजाब किंग्स के युवा बल्लेबाज प्रियांश आर्य ने आईपीएल में अपने पहले मैच में ही अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से काफी प्रभावित किया। स्टोइनिस ने पीटीआई से कहा भारतीय क्रिकेट में काफी गहराई है। वह हमेशा से रही है। और मेरा मानना है कि उनके खिलाड़ियों को विश्व स्तर पर अपने कौशल का नमूना पेश करने का मौका मिल रहा है। उन्होंने कहा वे आत्मविश्वास से ओतप्रोत हैं। उन्हें अपने करियर के शुरू में ही आईपीएल जैसे टूर्नामेंट में दबाव की परिस्थितियों से गुजरने का फायदा मिल रहा है। खेल के प्रति उनका बेखौफ रवैया वास्तव में शानदार है।

# कोलकाता ने राजस्थान को हराया

## ध्रुव जुरेल ने 33, यशस्वी जायसवाल ने 29 रन बनाये, 4 गेंदबाजों को 2-2 विकेट

एजेंसी



गुवाहाटी।राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल-2025 के छठे मैच में कोलकाता नाइटराइडर्स को 152 रन का टारगेट दिया है। गुवाहाटी के बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में कोलकाता ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। राजस्थान ने 8 विकेट पर 151 रन बनाए। कोलकाता से हर्षित राणा, वैभव अरोड़ा, मोईन अली और वरुण चक्रवर्ती ने 2-2 विकेट लिए। कोलकाता ने 17.3 ओवर में दो विकेट पर 153 रन बना लिए हैं। क्विंटन डी कॉक और अंगकृष रघुवंशी नाबाद हैं। डी कॉक फिफ्टी पूरी कर चुके हैं। कप्तान अजिंक्य रहाणे 18 और मोईन अली 5 रन बनाकर आउट हुए। रहाणे को हसरंगा ने कैच आउट किया। मोईन रनआउट हुए।

राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल-2025 के छठे मैच में कोलकाता नाइटराइडर्स को 152 रन का टारगेट दिया था। गुवाहाटी के बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में कोलकाता ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। राजस्थान ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 151 रन बनाए। ध्रुव जुरेल ने सबसे ज्यादा 33 रन बनाए। यशस्वी जायसवाल ने 29 रन और रियान पराग ने 25 रन का योगदान दिया। हर्षित राणा, वैभव अरोड़ा, मोइन अली और वरुण चक्रवर्ती को 2-2 विकेट मिले। स्पेंसर जॉनसन को एक विकेट मिला। पहली बॉल पर हर्षित राणा ने ध्रुव जुरेल को बोल्ड कर दिया।

ध्रुव 33 रन बनाकर आउट हुए। हर्षित ने ओवर की आखिरी बॉल पर शिमरोन हेटमायर को अंगकृष रघुवंशी के हाथों कैच कराया। 15वें ओवर में राजस्थान ने छठा विकेट गंवाया। यहां शुभम दुबे (9 रन) आउट हुए। उन्हें वैभव अरोड़ा ने आंद्रे रसेल के हाथों कैच कराया। वैभव ने संजू सैमसन को बोल्ड किया था। 14वें ओवर में राजस्थान ने 100 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। इस ओवर की पहली बॉल पर विकेटकीपर डी कॉक से ध्रुव जुरेल का कैच ड्रॉप हो गया। हर्षित राणा ने इन स्विंग बॉल डाली थी। 11वें ओवर में राजस्थान ने 5वां विकेट गंवाया। यहां नीतीश राणा (8 रन) को मोइन अली ने बोल्ड कर दिया।

उन्होंने यशस्वी जायसवाल (29 रन) का भी विकेट लिया। 10वें ओवर में राजस्थान ने चौथा विकेट गंवाया। यहां वरुण चक्रवर्ती ने वानिंदु हसरंगा (4 रन) को अजिंक्य रहाणे के हाथों कैच कराया। उन्होंने रियान पराग (25 रन) को भी आउट किया। 9वें ओवर में राजस्थान ने तीसरा विकेट गंवाया। यहां मोइन अली ने यशस्वी जायसवाल (29 रन) को हर्षित राणा के हाथों कैच कराया। 8वें ओवर में राजस्थान ने दूसरा विकेट गंवाया। यहां कप्तान रियान पराग 25 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें वरुण चक्रवर्ती ने विकेटकीपर क्विंटन डी कॉक के हाथों कैच कराया। राजस्थान ने पावरप्ले के आखिरी ओवर में 5 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया है। टीम ने 6 ओवर के इस फेज में एक विकेट खोकर 54 रन बना लिए हैं। चौथे ओवर में संजू सैमसन 13 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें वैभव अरोड़ा ने बोल्ड किया। 5वें ओवर में यशस्वी जायसवाल को तीसरा जीवनदान मिला। ओवर की आखिरी बॉल पर हर्षित राणा से उनका कैच छूट गया। यशस्वी ने लेंथ बॉल को सामने मारा, लेकिन हर्षित फॉलो थ्रू में कैच नहीं कर सके।

यशस्वी दो बार रन आउट होने से बच चुके हैं। 4वें ओवर में राजस्थान ने पहला विकेट गंवाया। यहां वैभव अरोड़ा ने संजू सैमसन को बोल्ड कर दिया। सैमसन 13 रन बनाकर आउट हुए। यशस्वी जायसवाल और संजू सैमसन ओपन कर रहे हैं। स्पेंसर जॉनसन पहला ओवर डाल रहे हैं। यशस्वी ने जॉनसन की पहली बॉल पर चौका लगाया। पहले ओवर से 9 रन आए। इस मुकाबले के लिए दोनों टीमें एक-एक बदलाव के साथ उतरी हैं। कोलकाता से सुनील नरेन नहीं खेल रहे हैं। वे बीमार हैं।

# भारतीय निशानेबाजों का पहला जत्था ब्यूनसआयर्स विश्व कप के लिए रवाना



नयी दिल्ली। भारत के 22 निशानेबाजों का पहला जत्था 13 सहयोगी कर्मचारियों के साथ बुधवार को ब्यूनस आयर्स के लिए रवाना हुआ जो साल के पहले आईएसएसएफ विश्व कप में भाग लेंगे। यह विश्व कप तीन अप्रैल से अर्जेंटीना की राजधानी में शुरू होगा। यह संयुक्त विश्व कप होगा जिसमें राइफल, पिस्टल और शॉटगन निशानेबाजी के तीनों स्पर्धाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

कुल 35 भारतीय निशानेबाज 15 पदक स्पर्धाओं में भाग लेंगे जिसमें 12 व्यक्तिगत और तीन मिश्रित टीम स्पर्धाएं शामिल हैं। दो बार ओलंपिक पदक जीतने वाली मनु भाकर एकमात्र निशानेबाज हैं, जिन्होंने दो व्यक्तिगत स्पर्धाओं में जगह बनाई है। टीम के बाकी सदस्य 29 मार्च को रवाना होंगे क्योंकि टूर्नामेंट के अंतिम चरण में उनकी प्रतियोगिताएं शुरू होंगी। कुछ को छोड़कर सभी निशानेबाजों ने 14 मार्च से दिल्ली में डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ द्वारा आयोजित राष्ट्रीय शिविर में भाग लिया।

भारतीय टीम के हाई परफॉर्मेंस मैनेजर रौनक पंडित ने शिविर में भाग लेने वाले प्रत्येक निशानेबाज की क्षमता के बारे में बात करते हुए कहा, इस बार हमारे पास एक बड़ी कोचिंग टीम है और साथ ही युवा प्रतिभाओं की एक नयी खेप भी आई है इसलिए शुरुआती दिनों में निशानेबाजों की ताकत और कमजोरियों को समझने की कोशिश की गई, फिर कोचों के साथ मिलकर उनमें से प्रत्येक के लिए तदनुसार कार्यक्रम तैयार किए गए। पूर्व विश्व नंबर एक निशानेबाज सौरभ चौधरी करीब डेढ़ साल के अंतराल के बाद विश्व कप में वापसी कर रहे हैं और ऐसा ही अनुभवी पिस्टल निशानेबाज गुरप्रीत सिंह के साथ है।

# उत्तर प्रदेश की एकतरफा जीत, 22-3 से दी शिकस्त

खेल संवाददाता



लखनऊ।उम्दा रणनीति, तेज व सटीक अटैक और सुदृढ़ डिफेंस की बदौलत मेजबान उत्तर प्रदेश ने पुडुचेरी के खिलाफ 22-3 की एकतरफा जीत से अपना अभियान शुरू किया। दूसरी ओर पिछली उपविजेता आर्यावर्त स्पोर्ट्स अकादमी (हिमाचल प्रदेश) ने मुंबई हैंडबॉल अकादमी को 19-7 से शिकस्त दी। हैंडबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन के 50वें स्थापना दिवस

- 47वीं राष्ट्रीय जूनियर बालिका हैंडबॉल चैंपियनशिप

के उपलक्ष्य में आयोजित इस चैंपियनशिप की शुरूआत केडी सिंह बाबू स्टेडियम स्थित भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी बहुउद्देशीय हॉल में हुई। मेजबान उत्तर प्रदेश ने पूल सी में अपने पहले मैच में पुडुचेरी को 22-3 से करारी शिकस्त दी।

यूपी की खिलाड़ियों ने लगातार अटैक से प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ियों पर दबाव बनाए रखा और गोलों की बौछार कर दी। मध्यांतर तक उत्तर प्रदेश ने 14-3 से बढ़त बना ली जबकि मध्यांतर के बाद पुडुचेरी की टीम कोई भी गोल नहीं कर सकी। उत्तर प्रदेश की ओर से दिया व नैना ने 4-4 गोल दागे। उनका साथ देते हुए सौम्या व प्रीति यादव ने 3-3 गोल किए। सुमन, सताक्षी व अनन्या को 2-2 गोल करने में सफलता मिली। वहीं पुडुचेरी की ओर से मयूरा, वी.धारशिला ज्योति व व पी.शिखा एक-एक गोल कर सकी। इससे पूर्व चैंपियनशिप का औपचारिक उद्घाटन आज मुख्य अतिथि मोनिका एस गर्ग (आईएएस, कृषि उत्पादन आयुक्त) व विशिष्ट अतिथि खेल निदेशक डा.आरपी सिंह ने उत्तर प्रदेश बनाम पुडुचेरी के बीच खेले गए मुकाबले की शुरूआत कराके किया।

उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता करते हुए आयोजन समिति के अध्यक्ष माननीय विधायक ओपी श्रीवास्तव (लखनऊ पूर्वी विधानसभा) ने बताया कि इस चैंपियनशिप में पूरे देश की 26 टीमें भाग ले रही है।

### डब्ल्यूपीएल टीमों की नहीं बढ़ेगी संख्या : बीसीसीआई

नयी दिल्ली। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने स्पष्ट किया है कि उसका महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की मौजूदा पांच टीमों की संख्या में बढ़ोतरी करने की फिलहाल कोई योजना नहीं है। बीसीसीआई के अध्यक्ष रोजर बिन्नी डब्ल्यूपीएल समिति के भी प्रमुख हैं। बीसीसीआई की तीन सत्र के बाद डब्ल्यूपीएल की टीमों की संख्या बढ़ाने की योजना थी लेकिन फिलहाल उसका ध्यान इस लीग को और अधिक मजबूत करने पर है। आईपीएल के अध्यक्ष और डब्ल्यूपीएल समिति के सदस्य अरुण धूमल ने पीटीआई से कहा, अभी फिलहाल हमारा ध्यान इस टूर्नामेंट को मजबूत करने पर है। इसमें कोई अतिरिक्त टीम जोड़ने से पहले हम इसे और अधिक मजबूत करना चाहते हैं। अभी इसमें कोई नई टीम जोड़ने की कोई तात्कालिक योजना नहीं है। धूमल हालंकि इस टूर्नामेंट की प्रगति से काफी खुश हैं। उन्होंने कहा अभी तक तीन सत्र में स्टेडियम में दर्शकों की बढ़ती संख्या को देखा जाए तो डब्ल्यूपीएल ने काफी प्रगति की है।

# सीबी गुप्ता खेल महोत्सव का भव्य शुभारम्भ




लखनऊ। सीबी गुप्ता बीएसएस महाविद्यालय, चन्द्रवाल में बुधवार को ' सीबी गुप्ता खेल महोत्सव' की शुरूआत हुई। खेलों की भव्य शुरूआत ओलिंपिन पदमश्री सुधा सिंह और भरत सेवा संस्थान के अध्यक्ष डॉ अशोक बाजपेई ने की। शुभारम्भ में दौड़ते हुए मशाल लेकर खिलाडियों ने सी बी गुप्ता खेल मैदान

- सीबी गुप्ता कॉलेज को तिहरा खिताब
- रस्साकसी प्रतियोगिता में उमड़ी भीड़
- स्कूल- कॉलजों के अलावा भारी संख्या में ग्रामीणों ने लिया हिस्सा

में प्रवेश किया। खिलाडियों ने मशाल अर्जुन पुरस्कार विजेता एथलीट सुधा सिंह को सौंपी। सुधा सिंह ने यह मशाल आयोजक सीबी गुप्ता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सुधा बाजपेई को सौंप कर खेलों की शुरूआत की।

मेजबान सीबी गुप्ता कॉलेज ने सीनियर बालक वर्ग मैं स्टडी हॉल को हराकर खिताब जीता। वहीं खो खो के सीनियर बालक और सीनियर बालिकाओं का दोहरा कगीताब अपने नाम किया। दोनों ही वर्गों में सीबी गुप्ता कॉलेज ने हीरालाल यादव को फाइनल में पराजित किया।

इस मौके पर मोतीलाल मेमोरियल सोसाइटी के महामंत्री राजेश सिंह, सदस्य रत्नेश गुप्ता, भारत सेवा संस्थान के डॉ. फिदा हुसैन अंसारी, भारत सेवा संस्थान के महामंत्री प्रो. जे. एन. मिश्रा, सदस्य एम सी भट्ट, रैपिड एक्शन फोर्स के कमानडेंट अरुण तिवारी, सहायक कमानडेंट अजय वर्मा, निरीक्षक शिवेंद्र सिंह, कमलापुर के प्रधान रघुबीर, कबड्डी संघ के सी जी शुक्ला एवं पी सी यादव, खो खो संघ के राजेश वर्मा, उत्तर प्रदेश नॉन ओलिंपिक एसोसिएशन महासचिव ए के सक्सेना एवं सुमन सिंह समेत कई हस्तियाँ मौजूद रहीं।

### विश्व कप विजेता को मिल सकता है 125 मिलियन डॉलर

ज्यूरिख। अमेरिका में आयोजित होने वाले फीफा के पहले क्लब विश्व कप के लिए फीफा ने एक बिलियन डॉलर (लगभग 85.66 अरब रुपये) की पुरस्कार राशि का विवरण बुधवार को पेश किया जिसमें से चैंपियन बनने वाली फुटबॉल टीम को 125 मिलियन डॉलर (लगभग 10.70 अरब रुपये) की राशि मिल सकती है। फीफा ने कहा कि उसने 14 जून से 13 जुलाई तक चलने वाले टूर्नामेंट में भाग लेने वाली टीमों के लिए 525 मिलियन डॉलर की गारंटी फीस आवंटित की है। इसमें शीर्ष रैंक वाली यूरोपीय टीम (संभवतः रियल मैड्रिड) के लिए 38.19 मिलियन डॉलर से लेकर ओशिनिया के प्रतिनिधि ऑकलैंड सिटी के लिए 3.58 मिलियन डॉलर शामिल हैं। टूर्नामेंट के मैचों को जीतने पर टीमों के पास अतिरिक्त कमाई का मौका होगा जिसके लिए 475 मिलियन डॉलर का प्रावधान रखा गया है। इसमें ग्रुप चरण के मैच जीतने के लिए दो मिलियन डॉलर, अंतिम-16 चरण में खेलने के लिए 7.5 मिलियन डॉलर और न्यूयॉर्क के पास मेटलाइफ स्टेडियम में फाइनल जीतने वाली टीम को 40 मिलियन डॉलर का भुगतान किया जाता है।

# ब्राजील को करारी शिकस्त, अर्जेंटीना ने विश्व कप में बनाई जगह

एजेंसी



ब्यूनस आयर्स। मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना ने अपने चिर प्रतिद्वंद्वी ब्राजील को 41 से करारी शिकस्त देकर अगले साल होने वाले फुटबॉल विश्व कप में अपनी जगह सुरक्षित की। बोलीविया के उरुग्वे को हराने में असफल रहने का मतलब है कि अर्जेंटीना 2026 में अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको की संयुक्त मेजबानी में होने वाले विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने वाली दक्षिण अमेरिका की पहली टीम बन गई। एल ऑल्टो में उरुग्वे और बोलीविया का मैच गोल रहित ड्रा छूटने के बाद अर्जेंटीना ने लियोनेल मेस्सी की अनुपस्थिति के बावजूद मंगलवार को मोनुमेंटल डी नुनेज़ स्टेडियम में 85,000 प्रशंसकों के सामने ब्राजील को 4-1 से हराया। दक्षिण अमेरिकी विश्व कप क्वालीफाइंग इतिहास में ब्राजील की सबसे बुरी हार ने कोच डोरिवल जूनियर पर दबाव बढ़ा दिया, जिन्होंने पिछले साल जनवरी में पदभार संभाला था। ब्राज़ील दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग में 21 अंकों के साथ चौथे स्थान पर है। वह शीर्ष पर काबिज अर्जेंटीना से 10 अंक जबकि दूसरे स्थान पर मौजूद इक्वाडोर से केवल दो अंक पीछे है।

इक्वाडोर को चिली ने गोल रहित ड्रा पर रोका। तीसरे स्थान पर काबिज उरुग्वे और पांचवें स्थान पर काबिज पराग्वे के भी 21 अंक हैं और कोलंबिया उनसे एक अंक पीछे छठे स्थान पर है। वेनेजुएला के 15 अंक हैं और वह सातवें स्थान पर है। वेनेजुएला ने नौवें स्थान पर मौजूद पेरू पर 1-0 की जीत हासिल की। दक्षिण अमेरिका क्वालीफाइंग में शीर्ष पर रहने वाली छह टीम विश्व कप के लिए सीधा क्वालीफाई करेंगी जबकि सातवें स्थान की टीम अंतरराष्ट्रीय प्लेऑफ में खेलेगी। अर्जेंटीना ने ब्राजील के खिलाफ मैच में शुरू से अपना दबदबा बनाए रखा। यह पहला अवसर है जबकि अर्जेंटीना ने विश्व कप क्वालीफाइंग में ब्राजील के खिलाफ दोनों मैच जीते। अर्जेंटीना ने केवल 12 मिनट के अंदर ही दो गोल की बढ़त हासिल कर ली थी। उसकी तरफ से जूलियन अल्वारेज़ ने चौथे मिनट में पहला गोल किया। इसके आठ मिनट बाद एंज़ो फर्नांडीज ने उसकी बढ़त दोगुनी कर दी। ब्राजील की तरफ से मैथियस कुन्हा ने 26वें मिनट में गोल किया लेकिन इसके 11 मिनट बाद एलेक्सिस मैक एलिस्टर ने अर्जेंटीना को 3-1 से आगे कर दिया।

**मेस्सी और अर्जेंटीना की टीम अक्टूबर में प्रदर्शनी मैच खेलने के लिए भारत आएगी**

नयी दिल्ली। भारत में फुटबॉल प्रशंसकों को अक्टूबर में केरल में एक प्रदर्शनी मैच में लियोनेल मेस्सी और उनकी अर्जेंटीना टीम की एक और झलक देखने को मिलेगी। विश्व कप विजेता कप्तान मेस्सी का यह 14 साल बाद भारत का दूसरा दौरा होगा। केरल के खेल मंत्री वी अब्दुरहीमन ने पिछले साल नवंबर में अर्जेंटीना की टीम का केरल का दौरा करने और कोच्चि में दो दोस्ताना मैच खेलने की घोषणा की थी। एचएसबीसी इंडिया बुधवार को भारत में फुटबॉल के सहयोग और प्रचार के लिए अर्जेंटीना की टीम का आधिकारिक साझेदार बन गया। उसने घोषणा की कि मैच अक्टूबर में आयोजित किए जाएंगे।

एचएसबीसी इंडिया की विज्ञप्ति में कहा गया है, इस साझेदारी के तहत दिग्गज खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी सहित अर्जेंटीना की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम अक्टूबर 2025 में एक अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी मैच खेलने के लिए भारत का दौरा करेगी। विज्ञप्ति के अनुसार अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन और एचएसबीसी ने आज भारत और सिंगापुर के लिए एक साल की नई साझेदारी की है, जो 2026 विश्व कप क्वालीफिकेशन के अंतिम चरण के मैचों से पहले 2025 में प्रतिस्पर्धी सत्र को कवर करेगी।

**बांग्लादेश से ड्रॉ के बाद नाराज निराश मार्केज ने कहा, भारत तीन कदम पीछे चला गया**

शिलांग। एएफसी एशियाई कप क्वालीफाइंग दौर के मैच में बांग्लादेश के खिलाफ 0-0 से ड्रॉ पर नाराज और निराश भारतीय मुख्य कोच मनोलो मार्केज ने कहा कि पिछले साल उनके नेतृत्व में पहले मैच के बाद से उनकी टीम दो-तीन कदम पीछे चली गई।

### यूपी की आशी शमेसरी ने किया उलटफेर

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की आशी शमसेरी ने आदर्श भसीन मेमोरियल आइटा चैपियनशिप सीरीज (सीएस-7) अंडर-18 टेनिस टूनामेंट में शीर्ष वरीय बिहार की परी के खिलाफ उलटफेर भरी जीत के साथ बालिका एकल की खिताबी होड़ में स्थान सुरक्षित किया। उत्तर प्रदेश टेनिस एसोसिएशन के तत्वावधान में एसडीएस (स्पोर्ट्स डेवलपमेंट सोसायटी) टेनिस अकादमी द्वारा गोमतीनगर विजयंत खंड स्टेडियम के टेनिस कोर्ट पर आयोजित टूर्नामेंट में बालक एकल क्वार्टर फाइनल में दिल्ली के हंस आनंद ने यूपी के चौथी वरीय मेहर एस खोसला को तीन सेट तक चले मुकाबले में 6-3, 4-6, 7-5 से हराकर उलटफेर किया। बालिका एकल के पहले सेमीफाइनल में यूपी की आशी शमसेरी ने एक रोमांचक मुकाबले में शीर्ष वरीय बिहार की परी को 6-1, 7-5 से हराया। इस मैच में आशी ने शानदार फोरहैंड व बैकहैंड शॉट का नजारा पेश किया। इसके साथ ही आशी शमसेरी ने लगातार दूसरी उलटफेर भरी जीत दर्ज की। इसी वर्ग के दूसरे सेमीफाइनल में उत्तर प्रदेश की सिद्धि सिंह ने नेट पर दमदार खेल दिखाने के साथ बेहतरीन सर्विस के चलते तीन सेट तक चले मुकाबले में यूपी की आयरा के खिलाफ डबल टाईब्रेक में जीत दर्ज की। सिद्धि ने ये मैच 6-3,6-7(5), 7-6(5) से जीता।

# हैदराबाद-लखनऊ के बीच भिड़ंत आज



एजेंसी

हैदराबाद। पहले मैच में पराजय का सामना करने वाली लखनऊ सुपर जॉइंट्स को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अपने अगले मैच में गुरुवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा जिसके बल्लेबाज किसी भी तरह के आक्रमण की बखिया उधेड़ने में माहिर हैं। पिछले साल की उपविजेता सनराइजर्स की टीम ने इस सत्र में भी अपने आक्रामक अंदाज बरकरार रखे हैं। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पहले मैच में उसकी टीम आईपीएल में अपने सर्वोच्च स्कोर के रिकॉर्ड को तोड़ने के करीब पहुंच गई थी।

सनराइजर्स ने यह मैच 44 रन से जीता था। पैट कमिंस की अगुवाई वाली सनराइजर्स की टीम के पास कई विस्फोटक बल्लेबाज हैं और ऐसे में ज्षभ पंत के नेतृत्व वाली टीम के लिए अपने प्रमुख गेंदबाजों की अनुपस्थिति में उन पर अंकुश लगाना आसान नहीं होगा। सनराइजर्स के बल्लेबाजों ने पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स के गेंदबाजों की एक नहीं चलने दी थी और छह विकेट पर 286 रन बनाए थे जिसमें ईशान किशन का शतक भी शामिल है।

ऐसा लग रहा था कि किशन एक मिशन पर हैं। उन्होंने मुंबई इंडियंस द्वारा छोड़े जाने के बाद आईपीएल में अपना पहला शतक जड़ा और 47 गेंदों में नाबाद 106 रन की पारी में छह छक्के और 11 चौके लगाए। किशन के अलावा सनराइजर्स की टीम में अभिषेक शर्मा, ट्रैविस हेड और हेनरिक क्लासेन जैसे आक्रामक बल्लेबाज हैं। यही नहीं नीतीश कुमार रेड्डी ने पिछले मैच में रन बना कर जतला दिया था कि उनको किसी भी तरह से कम करके आंकना गलती होगी।

# देश में शुरू होंगी सहकारी टैक्सी सेवा

## अगले चुनाव से पहले देश की हर पंचायत में पैक्स होगी, सहकारी क्षेत्र में चलेगी टैक्सी : अमित शाह



नयी दिल्ली। पिछले साढ़े तीन साल में देश में सहकारिता क्षेत्र में मजबूत ढांचा तैयार होने का उल्लेख करते हुए सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि अगले लोकसभा चुनाव से पहले देश की हर ग्राम पंचायत में प्राथमिक कृषि ऋण समिति (पैक्स) होगी और आने वाले कुछ दिनों में देश में ओला, उबर जैसी एक सहकारी टैक्सी सेवा शुरू की जाएगी।

शाह ने लोकसभा में त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी विधेयक, 2025 पर चर्चा का जवाब देते हुए यह बात कही। विधेयक में गुजरात के आणंद में ग्रामीण प्रबंधन संस्थान को त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी के रूप में विश्वविद्यालय का दर्जा देने और राष्ट्रीय महत्व की संस्था घोषित करने का प्रावधान है। अमित शाह के उत्तर के बाद लोकसभा ने विपक्ष के कुछ सदस्यों के संशोधनों को खारिज करते हुए विधेयक को ध्वनिमत से मंजूरी प्रदान कर दी। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने सहकारिता क्षेत्र की जरूरतों को समझते हुए एक अलग मंत्रालय बनाया और तब से देश में पंचायत स्तर पर पैक्स खोलने के लिए अथक प्रयास किये जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि सहकारिता क्षेत्र में मूलइकाई पैक्स है। इसके बाद जिला और प्रदेश स्तर पर समितियां बनती हैं। हम देश की हर पंचायत तक पैक्स पहुंचाने का काम अगली बार जनता के सामने जनादेश मांगने जाने से पहले पूरा कर लेंगे। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सहकार से समृद्धि का नारा दिया। उन्होंने केवल नारा ही नहीं दिया, बल्कि इसे जमीन पर उतारा है। आने वाले कुछ दिन में सहकारी क्षेत्र में ओला, उबर जैसी टैक्सी सेवा आने वाली है जिसमें दोपहिया और चारपहिया दोनों तरह की टैक्सी संचालित होंगी। उन्होंने कहा कि इसका मुनाफा धन्ना सेठों के पास नहीं जाएगा, बल्कि ड्राइवर के पास जाएगा। शाह ने कहा कि 75 साल से देश में एक सहकारिता मंत्रालय की मांग थी, जिसे प्रधानमंत्री मोदी ने सुना। 75 साल तक सहकारिता क्षेत्र के विकास के लिए कुछ नहीं हुआ था। लेकिन आज एक तरह से हर परिवार का कोई व्यक्ति सहकारिता से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि साढ़े तीन साल के अंदर मंत्रालय ने बहुत काम किया है और सहकारिता क्षेत्र 30 करोड़ लोगों को स्वरोजगार से जोड़ रहा है। शाह ने कहा कि इस विधेयक के पारित होने के बाद ग्रामीण अर्थव्यवस्था सशक्त होगी, स्वरोजगार बढ़ेगा, छोटे उद्योगों का विकास होगा, सामाजिक समावेश बढ़ेगा और नवाचार में नए मानक स्थापित होंगे। उन्होंने कहा कि इस विश्वविद्यालय से पूरे देश को नया सहकारी नेतृत्व प्राप्त होगा। शाह जब मोदी सरकार की दस साल की कुछ उपलब्धियां गिना रहे थे तो कांग्रेस के कुछ सदस्यों को यह कहते सुना गया कि सब कुछ पिछले दस साल में ही हुआ है। विपक्षी सदस्यों की टोकाटोकी के बीच शाह ने कहा कि आप कह रहे हैं कि सब हमारे आने के बाद हुआ है। हां जी, हमारे आने के बाद ही हुआ है। उन्होंने देश में मोदी सरकार से पहले के सात दशकों में और पिछले एक दशक में गरीबों के घरों के निर्माण, शौचालय, घरेलू रसोई गैस कनेक्शन, पेयजल कनेक्शन आदि के आंकड़े रखे। शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने आयुष्मान योजना के तहत पांच लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा गरीबों को दी है। अब दिल्ली में भी कमल खिल गया है।

# विधायिका और न्यायपालिका एक दूसरे के खिलाफ नहीं : धनखड़



नयी दिल्ली। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को कहा कि कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका एक दूसरे के खिलाफ नहीं हैं और उन्हें नियंत्रण और संतुलन के साथ मिलकर काम करना होगा।

उन्होंने कहाकि न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के नई दिल्ली स्थित घर पर नोटों की गड्डियां मिलने पर उठे विवाद की पृष्ठभूमि में न्यायपालिका और विधायिका के अधिकारों पर चर्चा करने के लिए कल मंगलवार को विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं की शाम साढ़े चार बजे एक बैठक बुलाई थी। इस बैठक के बारे में आज उन्होंने सदन को जानकारी देते हुए कहा मुझे सदन को यह बताना है कि कल हमने, जनता के मन को झकझोर देने वाले इस मुद्दे पर बहुत ही सार्थक बातचीत की। कल संपन्न हुई इस बैठक में सदन के नेता और केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा और विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता मौजूद थे। सभापति ने बैठक का विस्तृत ब्यौरा न देते हुए कहा कि विचार-विमर्श आम सहमति से हुआ, जिससे सहयोग और चिंता का पता चलता है। उन्होंने कहा कि यह मुद्दा संस्थाओं के बीच का नहीं है।

उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं है कि कार्यपालिका, विधायिका या न्यायपालिका एक-दूसरे के खिलाफ खड़ी हैं। धनखड़ ने कहा कि देश में सभी संस्थाओं को एक साथ मिलकर काम करना होगा... और साथ ही, निगरानी और संतुलन भी होना चाहिए, जिसका उद्देश्य अच्छा है। बैठक में हुए विचार-विमर्श का ब्यौरा दिए बिना, सभापति ने कहा कि सदन के नेता और विपक्ष के नेता दोनों के अपने-अपने दलों के भीतर व्यापक विचार-विमर्श करने के बाद, वे आगे की चर्चा के लिए उनके पास आएंगे।

उन्होंने कहा कि सदन के नेता और विपक्ष के नेता दोनों ने अन्य लोगों के साथ अपने विचार साझा करने के बाद यह निष्कर्ष निकाला है।

संक्षेप

## सुरक्षाकर्मियों से हाथापाई के बाद कांग्रेस विधायक हिरासत में

भुवनेश्वर। ओडिशा विधानसभा के मुख्य द्वार पर बुधवार को सुरक्षाकर्मियों के साथ हाथापाई के बाद निलंबित कांग्रेस विधायकों को पुलिस ने जबरन हिरासत में ले लिया। पार्टी के एक नेता ने यह आरोप लगाया है। भुवनेश्वर के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) जगमोहन मीणा ने कहा कि कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं को विधानसभा भवन के पास लागू निषेधाज्ञा के उल्लंघन के लिए हिरासत में लिया गया। कांग्रेस विधायकों ने विधानसभा परिसर में प्रवेश करने की कोशिश करते समय सुरक्षाकर्मियों से कथित तौर पर हाथापाई की। चूंकि उन्हें अनुशासनहीनता के आरोप में सात दिन के लिए विधानसभा से निलंबित कर दिया गया था, इसलिए पुलिस ने उन्हें प्रवेश करने से रोक दिया, लेकिन कांग्रेस विधायकों ने कहा कि उन्हें सदन में न सही, लेकिन विधानसभा परिसर में प्रवेश करने का तो अधिकार है। कांग्रेस विधायक दल के नेता राम चंद्र कदम ने कहा, हम मंगलवार को 14 कांग्रेस विधायकों में से 12 के निलंबन का विरोध करने के लिए महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास धरना देने के लिए विधानसभा परिसर में प्रवेश करना चाहते थे। हालांकि, पुलिस ने हमें विधानसभा परिसर में प्रवेश नहीं करने दिया। यह निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के विशेषाधिकार का घोर उल्लंघन है।

# राजद विधायक ने की लालू के लिए भारत रत्न की मांग

पटना। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने बुधवार को बिहार विधानसभा में मांग की कि पार्टी प्रमुख लालू प्रसाद को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से अलंकृत किया जाए।

राजद विधायक मुकेश कुमार रौशन ने एक निजी विधेयक पेश करते हुए यह मांग उठाई, जिसे बाद में ध्वनिमत से खारिज कर दिया गया। रौशन ने कहा कि लालू जी देश के सबसे लोकप्रिय नेता हैं। उन्होंने सामाजिक न्याय सुनिश्चित किया और उन लोगों को आवाज दी, जिन्हें अनसुना कर दिया जाता था। वह देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न के हकदार हैं। राज्य सरकार को इस संबंध में केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजना चाहिए। रौशन ने लालू को गरीबों और वंचितों का मसीहा बताते हुए कहा कि पार्टी के संस्थापक एवं अध्यक्ष ने गरीबों के अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी और अपना पूरा जीवन उनके लिए समर्पित कर दिया। संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने इस प्रस्ताव पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इस संबंध में ऐसा कोई प्रस्ताव राज्य सरकार के विचाराधीन नहीं है। इसलिए सदस्य को अपना निजी विधेयक वापस ले लेना चाहिए।

# मैंने कुछ नहीं किया, अलोकतांत्रिक तरीके से चलाया जा रहा है सदनः राहुल



नयी दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा उनके आचरण को लेकर की गई टिप्पणी के बाद बुधवार को कहा कि उन्होंने ऐसा कुछ नहीं किया है और सदन को अलोकतांत्रिक तरीके से चलाया जा रहा है। लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने बुधवार को शून्यकाल के बाद नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से कहा कि वह सदन के नियमों और परंपराओं के अनुरूप आचरण करें तथा उनसे ऐसी अपेक्षा भी की जाती है। इसके बाद उन्होंने सदन की कार्यवाही दो बजे तक स्थगित कर दी। सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद कांग्रेस के सांसदों ने बिरला से मुलाकात की और नेता प्रतिपक्ष को बोलने का मौका नहीं देने को लेकर विरोध दर्ज कराया। राहुल गांधी ने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ने मेरे बारे में कुछ बोला। जब मैं खड़ा हुआ तो वह उठकर चले गए और सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी। उन्होंने दावा किया कि जब भी मैं सदन में बोलने के लिए खड़ा होता हूं तो बोलने नहीं दिया जाता, जबकि यह परंपरा रही है कि नेता प्रतिपक्ष खड़ा हो तो उसे बोलने दिया जाए। पता नहीं किस प्रकार से सदन से चल रहा है। मैंने कुछ नहीं किया है। मैं शांति से बैठा था। पिछले सात-आठ दिन में मैंने कुछ नहीं बोला। लोकतंत्र में सरकार और विपक्ष दोनों की जगह होती है, लेकिन यहां लोकतंत्र की जगह नहीं है।

# रमेश ने सोनिया पर आक्षेप को लेकर शाह के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया



नयी दिल्ली। उच्च सदन में एक विधेयक पर जवाब के दौरान गृह मंत्री अमित शाह के कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी पर कथित रूप से आरोप लगाने को लेकर राज्यसभा में कांग्रेस के मुख्य सचेतक जयराम रमेश ने बुधवार को शाह के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया।

राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ को सौंपे नोटिस में रमेश ने कहा कि 25 मार्च को शाह ने आपदा प्रबंधन विधेयक, 2024 पर चर्चा का जवाब देते हुए अन्य बातों के अलावा प्रधानमंत्री राहत कोष के संदर्भ में जो दावा किया था वो अपमानजनक है। कांग्रेस महासचिव रमेश ने शाह के खिलाफ दिए विशेषाधिकार हनन के नोटिस में कहा, मैं राज्यसभा सदस्य और कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी जी पर आक्षेप लगाने के लिए गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ राज्य सभा में प्रक्रिया और संचालन के नियमों के नियम 188 के तहत विशेषाधिकार के हनन का नोटिस देता हूं। उनके मुताबिक, शाह ने चर्चा का जवाब देते हुए कहा था, कांग्रेस शासन के दौरान प्रधानमंत्री राहत कोष पर केवल एक ही परिवार का नियंत्रण था और इसके अंदर कांग्रेस अध्यक्ष सदस्य होते थे। सरकारी कोष में कांग्रेस अध्यक्ष? क्या जवाब दोगे देश की जनता को आप? रमेश ने कहा कि जैसा कि शाह के बयान को पढ़ने से पता चलता है, भले ही गृह मंत्री ने सोनिया गांधी का नाम नहीं लिया, लेकिन उन्होंने स्पष्ट रूप से उनका उल्लेख किया था और राष्ट्रीय प्रधानमंत्री राहत कोष (एनपीएमआरएफ) के कामकाज के संबंध में आरोप लगाया। उनका कहना है कि यह अच्छी तरह से स्थापित है कि सदन के किसी भी सदस्य के बारे में विचार करना या अपमानजनक संदर्भ देना सदन के विशेषाधिकार का उल्लंघन और अवमानना है।

राज्यसभा में कांग्रेस के मुख्य सचेतक ने कहा कि वर्तमान मामले में गृह मंत्री ने सोनिया गांधी की प्रतिष्ठा को खराब करने के लिए पूर्व नियोजित उद्देश्य से उनके खिलाफ निराधार आरोप लगाए थे। गृह मंत्री का बयान बिल्कुल गलत और अपमानजनक है। यह सोनिया गांधी के विशेषाधिकार के उल्लंघन के समान है। इसलिए, यह मामला विशेषाधिकार का उल्लंघन और सदन की अवमानना का भी बनता है।

# रूस ने पोलैंड पर हमला किया तो विनाशकारी प्रतिक्रिया मिलेगी



वॉरसॉ। उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के महासचिव मार्क रूट ने बुधवार को रूस को चेतावनी दी कि अमेरिका नीत सैन्य गठबंधन हमेशा पोलैंड या किसी अन्य सदस्य के साथ खड़ा रहेगा और किसी भी हमले पर उसकी प्रतिक्रिया विनाशकारी होगी।

रूट पोलैंड की राजधानी वारसॉ की यात्रा पर हैं। इस दौरान उन्होंने पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क के साथ संक्षिप्त टिप्पणी की। टस्क ने कहा कि यूक्रेन में तीन साल से चल रहे युद्ध को समाप्त करने के उद्देश्य से रूस और अमेरिका के बीच होने वाली वार्ता के किसी भी परिणाम के लिए तैयार रहना महत्वपूर्ण है। नाटो 32 सदस्यीय सैन्य गठबंधन है जिसके पूर्वी छोर पर स्थित उसके सदस्यों खासतौर पर पोलैंड और बाल्टिक देशों को इस बात को लेकर चिंता है कि वार्ता रूस के पक्ष में किसी समझौते पर समाप्त हो सकती है। रूट ने कहा कि न तो पुतिन और न ही किसी अन्य को यह मान लेना चाहिए कि वे ऐसा करके बच निकलेंगे। रूट ने कहा कि अगर कोई गलत अनुमान लगाता है और सोचता है कि वे पोलैंड या किसी अन्य सहयोगी पर हमला करके बच निकलेंगे, तो उन्हें इस गठबंधन की पूरी ताकत से जवाब दिया जाएगा। हमारी प्रतिक्रिया विनाशकारी होगी। यह बात व्लादिमीर व्लादिमीरोविच पुतिन और उन सभी लोगों को बहुत स्पष्ट रूप से पता होनी चाहिए जो हम पर हमला करना चाहते हैं।

# ईडी के पूर्व निदेशक संजय कुमार मिश्रा प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद में सदस्य नियुक्त

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के पूर्व निदेशक संजय कुमार मिश्रा (65) को प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद का पूर्णकालिक सदस्य नियुक्त किया है। सरकार द्वारा कई बार मिश्रा के कार्यकाल को बढ़ाये जाने के खिलाफ दायर याचिकाओं पर उच्चतम न्यायालय ने उनके विस्तारित कार्यकाल में कटौती की थी और मिश्रा 15 सितंबर 2023 तक प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के निदेशक रहे। मंगलवार को जारी एक आदेश में बताया गया कि 1984 बैच के भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) अधिकारी मिश्रा प्रधानमंत्री द्वारा उनकी नियुक्ति को मंजूरी दिए जाने के बाद परिषद के पूर्णकालिक सदस्य के रूप में सेवा देंगे।

आदेश के मुताबिक, मिश्रा को पदभार ग्रहण करने की तिथि से भारत सरकार के सचिव के पद और वेतन पर नियुक्त किया गया है।यह पुनर्नियुक्त सरकारी अधिकारियों पर लागू सामान्य नियमों और शर्तों के अनुसार है। आर्थिक सलाहकार परिषद एक स्वतंत्र निकाय है, जिसका गठन भारत सरकार, विशेष रूप से प्रधानमंत्री को आर्थिक और संबंधित मुद्दों पर सलाह देने के लिए किया गया है।

# मोदी सरकार में अरबपति बने खरबपति, गरीब हुए कंगालः खरगे

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को आरोप लगाया कि मोदी सरकार में आर्थिक असमानता इतनी भयावह स्तर पर है कि अरबपति, खरबपति बन चुके हैं और गरीब, कंगाल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस स्थिति के बीच सरकार सबका साथ, सबका विकास का ढिंढोरा पीटती फिर रही है। खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया, पिछले 78 वर्षों से किसी सरकार ने आम जनता को आर्थिक रूप से इतना कमज़ोर नहीं किया, जितना मोदी सरकार ने किया है। आर्थिक असामनता भयावह स्तर पर है। अरबपति, खरबपति बन चुके हैं, (और) गरीब, कंगाल हो रहे हैं। ब्रिटिश-राज के दौरान 1820 में मध्यम वर्ग की आमदनी की जो स्थिति थी, वही (स्थिति) आज हो गई है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) के आंकड़े बताते हैं कि भले ही वह कोई उन्नत डिग्री वाला व्यक्ति हो या कोई कुशल नौकरी कर रहा हो, फिर भी उसे दुनिया में सातवीं सबसे कम मजदूरी दी जाती है। खरगे ने दावा किया कि मजदूरी वृद्धि दर 2006 में 9.3 प्रतिशत थी, जो 2023 में घटकर 0.1 प्रतिशत रह गई है। उन्होंने आरोप लगाया, कर की मार, महंगाई और आर्थिक कुप्रबंधन से मध्यम वर्ग, ग़रीब और उपेक्षित वर्ग सिमट रहा है तथा मोदी सरकार सबका-साथ, सबका विकास का ढिंढोरा पीटती फिर रही है।






# देश को राजस्थान से बड़ा यूरेनियम भंडार मिलेगा

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने बुधवार को लोकसभा में कहा कि राजस्थान के सीकर में यूरेनियनम उत्खनन के लिए मंजूरी और औपचारिकताएं पूरी होने के बाद देश को परमाणु ऊर्जा उत्पादन के लिए एक बड़ा यूरेनियम भंडार मिलेगा। सिंह ने प्रश्नकाल में माकपा सांसद अमरा राम के पूरक प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि सीकर में यूरेनियम के बड़े भंडार का पता चलने संबंधी सांसद की सूचना बिल्कुल सही है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण मंजूरी की वजह से काम रुका हुआ है। प्रदेश सरकार के साथ इस संबंध में संपर्क बना हुआ है। मंजूरी मिलने और औपचारिकताएं पूरी होने के बाद निश्चित ही हमें एक बड़ा (यूरेनियम) भंडार राजस्थान से मिलेगा। इस दौरान सदन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उपस्थित थे। सिंह ने बताया कि देश में संचालित कुल 25 परमाणु ऊर्जा रियेक्टर में से सर्वाधिक सात राजस्थान में हैं। उन्होंने कहा कि इस बार बजट में परमाणु मिशन की घोषणा की गई है और उसके लिए अलग से राशि निर्धारित की गई है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि परमाणु ऊर्जा के लिए 2013-14 में बजट जहां 13,879 करोड़ रुपये था जो अब बढ़कर 23,000 करोड़ रुपये हो गया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने परमाणु ऊर्जा क्षमता को मौजूदा 8,180 मेगावाट से 2031-32 तक 22,480 मेगावाट तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। सिंह ने कहा कि भारत की परमाणु ऊर्जा नीति में सुरक्षा सर्वोपरि कारक है और मोदी सरकार सुरक्षा प्रथम, परमाणु ऊर्जा उत्पादन बाद में के मूलमंत्र के साथ काम करती है। सिंह ने कहा कि परमाणु ऊर्जा संयंत्रों में काम करने वाले कर्मियों और उसके आसपास रहने वाले लोगों के लिहाज से सुरक्षा मानकों का पूरा ध्यान रखा जाता है और विकिरण के प्रभावों पर सतत निगरानी रखी जाती है। उन्होंने कहा कि वैश्विक संस्थाएं भी निगरानी करती हैं तथा इन संयंत्रों में और इनके आसपास हुए कुछ हालिया अध्ययन बनाते हैं कि यहां विकिरण वैश्विक मानकों से बहुत कम है।सिंह ने कहा कि विकिरण का वैश्विक मानदंड 1,000 माइक्रोसीवर्ट है, लेकिन देश में किसी भी संयंत्र में विकिरण 30-40 माइक्रोसीवर्ट से अधिक नहीं रहता। उन्होंने द्रमुक के टी आर बालू के पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए कहा कि तमिलनाडु में कुडनकुडलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र में विकिरण का स्तर एक दशक पहले 0.081 माइक्रोसीवर्ट था जो अब घटकर केवल 0.002 के स्तर पर रह गया है। मंत्री ने कहा कि इसी तरह कलपक्कम परमाणु ऊर्जा संयंत्र में भी विकिरण के स्तर में काफी कमी आई है। परमाणु ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना रणनीतिक रूप से इस तरह की जाती है कि उन पर बाढ़ और सुनामी जैसे आपदाओं का असर नहीं पड़े।






Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com